

05:04:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज » 12 मूल्य » 3 रुपये » वर्ष » 14 अंक » 092 | epaper.rashtriyakhabar.com | चैत्र, शुक्लपक्ष चतुर्दशी, विक्रम संवत 2080

## चाणक्य नीति

अनालोक्य व्ययं कर्ता ह्यनाथः कलहप्रियः।

आतुरः सर्वक्षेत्रेषु नरः शीघ्रं विनश्यति॥

भावार्थ : जो व्यक्ति बिना विचारे और बिना देखे शक्ति से अधिक खर्च करता है, निर्बल होने पर भी जो लड़ाई झगड़े में रुचि रखता है, सभी वर्णों की स्त्रियों से जो संभोग के लिए उतावला रहता है, वह जल्दी ही नष्ट हो जाता है।

## रांची पारा अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 31.00 °c | 23.00 °c |

सूर्यास्त (आज) » 18.05 बजे

सूर्योदय (कल) » 05.37 बजे

## बंगलादेश के सबसे बड़े कपड़ा बाजार में आग

**ढाका:** बंगलादेश की राजधानी ढाका के बंगा बाजार इलाके में मंगलवार सुबह भीषण आग लग गयी, जिस पर काबू पाने के लिए अग्निशमन विभाग और नागरिक रक्षा विभाग की कम से कम 41 इकाइयां काम कर रही हैं। अग्निशमन सेवा नियंत्रण कक्ष के ड्यूटी ऑफिसर रफी अल फारूक ने आग लगने के कारणों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। उन्होंने बताया कि फिलहाल आग पर काबू पाने के लिए दमकल सेवा की 41 इकाइयां काम कर रही हैं। इसके अलावा और भी कई इकाइयां रास्ते में हैं। उन्होंने कहा कि अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा, बंगलादेश सेना की एक बचाव टीम और वायु सेना के एक हेलिकॉप्टर को भीषण आग पर काबू पाने के लिए तैनात किया गया है। सेना की एक संयुक्त टीम, वायु सेना की एक बचाव टीम और एक हेलिकॉप्टर आग बुझाने के लिए काम कर रहे हैं। आग लगने के बाद बंगा बाजार के कई व्यवसायी रोते नजर आये। ईद-उल-फितर से ठीक पहले लगी आग में उन्हें भारी नुकसान हुआ है। दमकल सेवा ने बताया कि आग में बाजार की ज्यादातर दुकानें जलकर खाक हो गयी हैं।

## चार महिला सहित उन्नीस नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**बीजापुर:** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के घोर नक्सल प्रभावित सिलगेर में चार महिला सहित 19 नक्सलियों ने पुलिस और प्रशासन के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस उप महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप ने बताया कि सिलगेर में कल सामुदायिक पुलिस कार्यक्रम में आसपास के 400 ग्रामीणों ने भाग लिया। इसमें छत्तीसगढ़ शासन की पुनर्वास और आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर चार महिला सहित 19 नक्सलियों ने पुलिस और प्रशासन के समक्ष आत्म समर्पण कर दिया। उन्होंने बताया कि प्रोत्साहन स्वरूप आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को दस-दस हजार की प्रोत्साहन राशि वितरित की गयी है।

## कोलकाता के बंदरगाहों ने बनाया 656.6 लाख टन माल परिवहन का रिकॉर्ड

**कोलकाता:** कोलकाता डॉक सिस्टम और हल्दिया डॉक कॉम्प्लेक्स सहित श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट (एसएमपी) ने 153 साल के इतिहास में पहली बार 2022-23 में 656.6 लाख टन माल परिवहन का रिकार्ड बनाया है जो 2021-22 की 581.75 लाख टन की तुलना में 12.87 प्रतिशत अधिक है। वर्ष 2022-23 में एसएमपी कोलकाता ने पिछले वर्षों की तुलना में 75 लाख टन माल का यातायात किया, जो अब तक के उसके इतिहास में की सबसे अधिक है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक उत्पादकता, सुरक्षा, व्यवसाय विकास क्षमता उपयोग आदि में सुधार के लिए पोर्ट द्वारा किए गए विभिन्न उपायों से कार्गो ट्रफपुट में वृद्धि हुई है। एसएमपी, कोलकाता वर्ष 2022-23 के लिए भारत के सभी प्रमुख बंदरगाहों के बीच कार्गो हैंडलिंग में 6वें स्थान से 5वें स्थान पर पहुंच गया। एचडीसी में संभाला जाने वाला कार्गो 48.6 एमएमटी है और केडीएस 17.05 एमएमटी है। इस प्रकार क्रमशः 13.37 प्रतिशत और 11.47 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ पिछले वर्ष के लक्ष्य को पार कर गया है। एसएमपी, कोलकाता ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए अब तक के सर्वाधिक रेल-वाहित कार्गो (34.6 एमएमटी) को संभाला। उन्होंने कहा कि कहा कि बंदरगाह ने 2022-23 में रुपये का शुद्ध अधिशेष पोस्ट करके 304 करोड़ मजबूत वित्तीय प्रदर्शन दर्ज कियाा ।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**सम्मेलन** > आपदा प्रतिरोधी अवसंरचना के वैश्विक सम्मेलन में बोले प्रधानमंत्री

# इस खतरे को लेकर वैश्विक, मानवीय दृष्टिकोण चाहिए : मोदी

- वीडियो के माध्यम से संबोधित किया इसे
- चालीस से अधिक देश अब इसका हिस्सा
- दुनिया का हर इंसान हमारे लिए महत्वपूर्ण

राष्ट्रीय खबर

**नयी दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आपदाओं में वैश्विक एवं मानवीय दृष्टिकोण अपनाये जाने पर जोर देते हुए आज कहा कि इसके लिए प्रतिक्रियाओं का एकीकरण किये बिना प्रभावी परिणाम हासिल नहीं किये जा सकते हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आज एक वीडियो माध्यम से आपदा प्रतिरोधी अवसंरचना (आईसीडीआरआई) 2023 पर 5वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित किया। इस वर्ष की थीम डिलीवरिंग रेजिलिएंट एंड इन्क्लूसिव इंफ्रास्ट्रक्चर है। उन्होंने कहा, सीडीआरआई एक वैश्विक दृष्टिकोण से उत्पन्न हुआ है कि निकटता से जुड़ी दुनिया में, आपदाओं का प्रभाव केवल स्थानीय नहीं होगा। इसलिए, हमारी प्रतिक्रिया को अलग-थलग नहीं एकीकृत करना होगा। उन्होंने कहा कि कुछ ही वर्षों में, 40 से अधिक देश सीडीआरआई का हिस्सा बन गए हैं। यह सम्मेलन एक महत्वपूर्ण मंच बनता जा रहा है। उन्नत अर्थव्यवस्थाएं और विकासशील अर्थव्यवस्थाएं, बड़े और छोटे देश, वैश्विक उत्तर और वैश्विक दक्षिण, इस मंच पर एक साथ आ रहे हैं। यह भी उत्साहजनक है कि इसमें सिर्फ सरकारें ही शामिल नहीं हैं। वैश्विक संस्थान, डोमेन विशेषज्ञ और निजी क्षेत्र भी एक भूमिका निभाते हैं। प्रधानमंत्री ने इस वर्ष की थीम के संदर्भ में आपदा से निपटने के लिए बुनियादी ढांचे को लेकर प्राथमिकताओं को रेखांकित करते हुए कहा, बुनियादी ढांचा न केवल प्रतिफल, बल्कि पहुंच और लचीलेपन के बारे में भी है। बुनियादी ढांचे को किसी को पीछे नहीं छोड़ना चाहिए और संकट के समय में भी लोगों की सेवा करनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने सीडीआरआई की कुछ पहलों की समावेशी दृष्टि का उल्लेख करते हुए कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर फॉर रेसिलिएंट आइलैंड स्टेट्स इनिशिएटिव या आईआरआईएस कई द्वीप राष्ट्रों को लाभान्वित करता है। ये द्वीप भले ही छोटे हों, लेकिन इनमें रहने वाला हर इंसान हमारे लिए मायने रखता है। पिछले साल ही इंफ्रास्ट्रक्चर रेजिलिएंस एक्सेलरेटर फंड की घोषणा की गई थी। इस पांच करोड़ डॉलर के कोष ने विकासशील देशों के बीच अत्यधिक रुचि पैदा की है। वित्तीय संसाधनों की प्रतिबद्धता पहल की सफलता की कुंजी है। श्री मोदी ने भारत की जी20 अध्यक्षता का उल्लेख करते हुए बताया कि कई कार्यकारी समूहों में सीडीआरआई को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा, आप यहां जिन समाधानों की तलाश कर रहे हैं, उन पर वैश्विक नीति-निर्माण के उच्चतम स्तर पर ध्यान दिया जाएगा। तुर्की और सीरिया में भूकंप जैसी हाल की आपदाओं के

» पेज 2 भी देखें



**प्रधान मंत्री ने बुनियादी ढांचे के समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता पर बल दिया**

प्रधान मंत्री ने बुनियादी ढांचे के समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता पर बल दिया क्योंकि सामाजिक और डिजिटल बुनियादी ढांचा उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि परिवहन संबंधी बुनियादी ढांचा। उन्होंने त्वरित राहत के साथ-साथ, सामान्य स्थिति की शीघ्र बहाली पर भी ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा, लचीलापन एक आपदा और दूसरी आपदा के बीच के समय में निर्मित होता है। पिछली आपदाओं का अध्ययन करना और उनसे सबक सीखना ही रास्ता है। श्री मोदी ने आपदाओं का सामना कर सकने वाले बुनियादी ढांचे के निर्माण के स्थानीय ज्ञान के बुद्धिमत्तापूर्ण उपयोग को रेखांकित किया और कहा कि स्थानीय अंतर्दृष्टि के साथ आधुनिक तकनीक, लचीलेपन के लिए बहुत अच्छी हो सकती है। इसके अलावा, यदि अच्छी तरह से प्रलेखित किया जाता है, तो स्थानीय ज्ञान वैश्विक सर्वोत्तम अभ्यास बन सकता है।

मोदी की डिग्री पर महाराष्ट्र के पूर्व सीएम ने नया तोप का गोला दागा

# जहां से पास किया है, वहां उनका सम्मान नहीं हुआ क्यों



राष्ट्रीय खबर

**मुंबई:** इस बार शिवसेना (बालासाहेब ठाकरे) नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शैक्षणिक योग्यता पर सवाल उठाया है। हालांकि, उन्होंने सीधे तौर पर यह आरोप नहीं लगाया कि मोदी की डिग्री फर्जी है। उद्धव ने सोमवार को छत्रपति संभाजी नगर में एक बैठक में कहा, मुझे नहीं पता कि उन्होंने (मोदी) डिग्रियां दिखाने पर आपत्ति क्यों जताई। दिवंगत बालासाहेब ठाकरे के बेटे ने कहा, मोदी के शिक्षण संस्थानों को उन पर गर्व महसूस करना चाहिए। राकांपा नेता जयंत पाटिल और मैं दोनों दादर के बलराम विद्यामंदिर के छात्र थे। मुख्यमंत्री बनने के बाद शिक्षण संस्थान के अधिकारियों ने मेरा अभिनंदन किया। मोदी देश के प्रधानमंत्री बने। पता नहीं क्यों मोदी को उनकी संस्था ने सम्मानित नहीं किया। आम तौर पर अपने छात्र की सफलता पर शैक्षणिक संस्थान उन्हें बुलाकर उनका सम्मान करते हैं, यह एक परिपाटी है। संयोग से, गुजरात उच्च न्यायालय ने मोदी की शैक्षिक योग्यता पर सवाल उठाने के लिए आम आदमी पार्टी के प्रमुख और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर इस सप्ताह 25,000 रुपये का जुमार्ना लगाया। इसके अलावा, न्यायमूर्ति बीरेन वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री कार्यालय और संबंधित विश्वविद्यालय डिग्री की प्रति प्रकाशित करने के लिए बाध्य नहीं हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने दिल्ली और गुजरात के विश्वविद्यालयों से प्रधानमंत्री की डिग्रियों की प्रतिलिपि मांगे बिना केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) से संपर्क किया। केंद्रीय सूचना आयोग ने प्रधानमंत्री कार्यालय, गुजरात विश्वविद्यालय और दिल्ली

» पेज 2 भी देखें

सिक्किम के नाथूला में भीषण भूस्खलन में अनेक पर्यटक फंसे

# हादसे में सात से अधिक के मरने की खबर



- पिछले कुछ समय से लगातार मौसम खराब
- पहले भी कई स्थानों पर हो चुका है हादसा
- पहाड़ों से बर्फ के सैलाब नीचे आ रहे हैं

राष्ट्रीय खबर

**शिलिगुड़ी:** लगातार हो रही बारिश और बर्फवारी का कहर सिक्किम के इलाके में देखने को मिला है। चांगु इलाके में बहुत बड़ा भूस्खलन हुआ। इस हादसे में अब तक सात पर्यटकों के मरने की खबर है। करीब 12 लोग घायल हो गए। अभी भी कई लोगों के फंसे होने की आशंका है। बताया जा रहा है कि यह हादसा गंगटोक नाथुला रोड पर हुआ है। बचाव दल को पहले ही मौके पर भेज दिया गया है। खबर के मुताबिक अभी सिक्किम के चांगू इलाके में करीब सौ पर्यटक हैं। इस हादसे से पर्यटकों में भारी दहशत फैल गई है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार सड़क एक तरफ बर्फ से ढकी है और दूसरी तरफ बर्फ की मोटी परत। नतीजतन, सिक्किम के कई पर्यटन स्थलों पर सड़कें बंद कर दी गई हैं। पूर्वी सिक्किम का चांगू, नाथुला, बाबा मंदिर इलाका पूरी तरह से बर्फ से ढका हुआ है। नाथुला, हरभजन बाबा मंदिर, जुलूक, गुरुदंगमार झील, चांगू झील जैसे पर्यटन स्थल बर्फ की चादर में ढके हुए हैं। कई पर्यटक अब वहां घूमने के चक्कर में फंस गए हैं। सिक्किम के कई पर्यटन स्थलों के बर्फ से ढके इलाकों पर खतरा मंडरा रहा है। अगर पर्यटक चेतावनी को नजरअंदाज कर पर्यटन स्थलों पर जाते हैं तो उनके खतरे में पड़ने की संभावना है। सड़क पर बर्फ जमने से वाहन बीच सड़क पर फंस रहे हैं। नतीजतन, ड्राइवर पर्यटकों को ले जाने का जोखिम उठाने से हिचकते हैं।

» पेज 2 भी देखें

## अब राजस्थान के दो बड़े नेता भी आये कोरोना की चपेट में

### कोरोना से सात मरीजों की मौत

**नयी दिल्ली:** देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना से सात मरीजों की मौत हुई है और कोरोना संक्रमण के 960 सक्रिय मामले बढ़े हैं। इस बीच देश में कोरोना टीकाकरण भी जारी है और इसी क्रम में पिछले 24 घंटों में 686 लोगों को टीका लगाया गया है और अब तक देश में 220,66,12,500 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से मंगलवार को जारी आंकड़ों के सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 21,179 हो गयी है। देश में कुल संक्रमितों की संख्या 4,47,29,284 हो गयी है। वहीं मृतकों की संख्या बढ़कर 5,30,901 हो गयी है। इसी अवधि में कोरोना संक्रमण से स्वस्थ होने वालों का आंकड़ा 2,069 बढ़कर 4,41,77,204 पर पहुंच गया है। देश में पिछले 24 घंटों के दौरान केरल में सक्रिय मामलों की संख्या में सर्वाधिक 593 की वृद्धि हुई है। इसके अलावा, हिमाचल प्रदेश में 161, तमिलनाडु में 84, उत्तर प्रदेश में 57, महाराष्ट्र में 44, छत्तीसगढ़ में 42, हरियाणा में 38, ओडिशा में 35, गोवा में 33, मध्य प्रदेश में 19, केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में 18, दिल्ली में 11, चंडीगढ़ और उत्तराखंड में दस-दस, झारखंड में पांच, बिहार में तीन, पुडुचेरी में दो, मणिपुर और मेघालय में एक-एक मामले बढ़े हैं। वहीं दिल्ली और पंजाब में दो-दो, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र और उत्तराखंड में क्रमशः एक-एक व्यक्ति की इस बीमारी से मौत हो गयी। जयपुर से खबर मिली है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे कोरोना पॉजिटिव हो गई हैं। दोनों ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। डॉक्टर्स की सलाह के बाद फिलहाल वे आइसोलेशन में हैं। गहलोत सोमवार को राहुल गांधी और बड़े कांग्रेस के नेताओं से मिले थे। वहीं रविवार को भाजपा के कई बड़े नेताओं ने राजे से उनके घर जाकर मुलाकात की थी और वे खुद भाजपा कार्यालय में विधायक दल सहित कई बैठकों में शामिल हुई थीं। इस स्थिति से साफ होता जा रहा है कि केंद्र और राज्य सरकारों की चेतावनियों के बाद भी लोगों ने सावधानी बरतना प्रारंभ नहीं किया है।

चीन ने चली फिर गंदी चाल, अरुणाचल के कई इलाकों का नाम बदला

# कांग्रेस ने मोदी की वाकपटू चुप्पी को जिम्मेदार ठहराया

भूपेन गोस्वामी



**गुवाहाटी:** चीन भारत के खिलाफ अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। बीजिंग ने अरुणाचल प्रदेश पर अपने दावे पर फिर से जोर देने के मकसद से भारत के इस राज्य के लिए चीनी, तिब्बती और पिनयिन अक्षरों में नामों की तीसरी सूची जारी की है ।चीन के नागरिक मामलों के मंत्रालय ने अरुणाचल प्रदेश के लिए 11 जगहों के मानकीकृत नाम जारी किए, जिसे वह स्टेट काउंसिल, चीन की कैबिनेट की जारी भौगोलिक नामों पर नियमों के अनुसार ह्यतिब्बत का दक्षिणी भाग जंगनानह्ल बताता है ।चीनी सरकार के संचालित ग्लोबल टाइम्स ने अपनी एक खबर में कहा कि मंत्रालय ने 11 जगहों के आधिकारिक नाम जारी किए। इनमें दो भूमि क्षेत्रों, दो आवासीय क्षेत्रों, पांच पर्वत चोटियों और दो नदियों सहित सटीक निदेशांक भी दिए गए हैं। इसके अलावा, स्थानों के नाम और उनके अधीनस्थ प्रशासनिक जिलों की श्रेणी सूचीबद्ध की गई है ।चीनी मंत्रालय के अरुणाचल प्रदेश के लिए जारी मानकीकृत भौगोलिक नामों की यह तीसरी सूची है। अरुणाचल में छह जगहों के मानकीकृत नामों की पहली सूची 2017 में जारी की गई थी। इसके बाद 15 जगहों की दूसरी सूची 2021 में जारी की गई थी। चीन के ऐलान के बाद कांग्रेस ने दावा किया कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गलत नीति की वजह से संभव हो पाया है। कांग्रेस ने चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश के कई इलाकों का नाम बदले जाने का चार अप्रैल को कड़ा विरोध जताते हुए दावा किया कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पड़ोसी देश को क्लीन चिट दिए जाने और चीनी सीमा आंदोलनों पर उनकी वाकपटू चुप्पी का नतीजा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के अनुसार, देश अभी भी चीन को मोदी की क्लीन चिट से निपटने के नतीजों से निपट रहा

» पेज 2 भी देखें

**खुलासा** > डीएनए विश्लेषण से अफ्रीका से एशिया का नया संपर्क स्थापित

# स्वाहिली सभ्यता के बारे में बिल्कुल नई जानकारी मिली

- अफ्रीका में यह समुदाय कारोबार किया करता था
- एशिया महाद्वीप से गये लोग भी वहां बसे थे
- नमूनों के परीक्षण से इस बात की पुष्टि हुई

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** यूं तो हम सभी पहले से जानते हैं कि प्राचीन काल में अफ्रीका और एशिया एक ही भूखंड थे। टेक्नोनिक प्लेटों के रगड़ और टकराव के बाद यह दोनों अलग अलग महाद्वीप बने। इसमें नई जानकारी यह भी आयी है कि अब अफ्रीका महाद्वीप भी दो हिस्सों में बंट रहा है, जिसकी प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। दोनों भूखंडों के अलग हो जाने के बाद बीच में एक नये महासागर का निर्माण होगा। लेकिन इससे अलग हटकर अफ्रीकी जीवन पर एशियाई प्रभाव का खुलासा पहली बार हुआ है। प्राचीन डीएनए प्रारंभिक आधुनिक समय में पूर्वी अफ्रीका में पेश किए गए एशियाई वंश का खुलासा करता है। इसका सीधा संबंध स्वाहिली समुदाय से जुड़ा हुआ है। अफ्रीका में प्राचीन डीएनए का अब तक का सबसे बड़ा विश्लेषण, जिसमें मध्यकालीन

» पेज 2 भी देखें

**प्राचीन डीएनए का अब तक का सबसे बड़ा विश्लेषण**

अफ्रीका में प्राचीन डीएनए का अब तक का सबसे बड़ा विश्लेषण, जिसमें स्वाहिली सभ्यता के सदस्यों से बरामद पहला प्राचीन डीएनए शामिल है, ने अब गतिरोध को तोड़ दिया है। अध्ययन से पता चलता है कि मध्यकालीन और शुरूआती आधुनिक समय में दक्षिण पश्चिम एशिया से बड़ी संख्या में लोग स्वाहिली तट पर चले गए थे और वहां रहने वाले लोगों के साथ उनके बच्चे थे। फिर भी शोध से यह भी पता चलता है कि स्वाहिली सभ्यता की पहचान उन आगमनों से पहले की थी। दक्षिण फ्लोरिडा विश्वविद्यालय में नृविज्ञान के प्रोफेसर, सह-वरिष्ठ लेखक चापुरुखा कुसिम्बा ने कहा, पुरातात्विक साक्ष्य ने दिखाया है कि मध्यकालीन स्वाहिली सभ्यता एक अफ्रीकी थी, लेकिन हम अभी भी गैर-स्थानीय विरासत को समझना और प्रासंगिक बनाना चाहते थे। उन्होंने कहा, जवाब खोजने के लिए एक आनुवांशिकी मार्ग को अपनाने से साहस हुआ और ऐसे दरवाजे खुल गए, जिनके आगे झूठ के जवाब हमें नए तरीकों से सोचने के लिए मजबूर करते हैं। यह विश्लेषण, 29 मार्च को नेचर में ऑनलाइन प्रकाशित हुआ, जिसमें स्वाहिली तट के 80 व्यक्तियों के नए अनुक्रम वाले प्राचीन डीएनए और 1300 उए से 1900 उए तक के अंतर्देशीय पड़ोसी शामिल थे। उन्होंने 93 वर्तमान स्वाहिली वक्ताओं से नए जीनोमिक अनुक्रम भी शामिल किए और विभिन्न प्रकार के प्राचीन और वर्तमान पूर्वी अफ्रीकी और यूरेशियन समूहों से पूर्व में प्रकाशित आनुवंशिक डेटा को भी इसमें शामिल किया था।

# ईरान ने ओमान सागर में अमेरिकी जासूसी विमान को खदेड़ा

राष्ट्रीय खबर



**तेहरान:** ईरान की नौसेना ने एक अमेरिकी जासूसी विमान को चेतावनी जारी की है जिसने ओमान सागर के पास ईरानी हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया और उसे वापस लौटने के लिए मजबूर किया। ईरानी नौसेना ने रविवार को कहा कि हाल ही में एक अमेरिकी नौसेना ईपी-3ई टोही विमान ने ओमान सागर के ऊपर ईरानी हवाई क्षेत्र में प्रवेश किया। उस समय, ईरानी नौसेना ने विमान को चेतावनी संदेश भेजा और विमान को ईरानी हवाई क्षेत्र छोड़ने के लिए कहा। ईरान की समाचार एजेंसी तस्नीम ने इस बात की जानकारी दी है। बताया गया है कि ईरान की चेतावनी मिलने के बाद अमेरिकी विमान ईरान के हवाई क्षेत्र को छोड़कर अंतरराष्ट्रीय उड़ान मार्गों पर लौट गए थे। जिस विमान को ईरान ने खदेड़ा था वह अमेरिकी सैन्य विमान था जो सभी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली, सिग्नल अधिग्रहण और निगरानी प्रणाली से लैस हैं। इस विमान का इस्तेमाल सिर्फ अमेरिका और जापान की नौसेनाएं करती हैं। ईरानी वायुसेना ने कहा कि किसी को भी ईरान

» पेज 2 भी देखें

## शहर >> अपडेट

### झारखंड को अशांत करने की साजिश को मात दो : वामदल

रांची: सीपीआई ,सीपीआई एम एवं सीपीआई एमएल सहित वामदलों की बैठक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कार्यालय अल्बर्ट एक्का चौक रांची में के डी सिंह की अध्यक्षता में हुई। बाम दलो की ओर से बैठक में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक , के डी सिंह, अजय कुमार सिंह, सीपीआईएम के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ,भाकपा माले के राज्य सचिव मनोज भट्ट उपस्थित थे। बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की राज्य सचिव महेंद्र पाठक कहा कि देश में धर्म के नाम पर संप्रदायिक तनाव पैदा कर 2024 के लिए बहुसंख्यक मतों के ध्रुवीकरण कराने के लिए भारतीय जनता पार्टी बेताब है। इसीलिए देश के कई राज्यों में जहां पर धर्मनिरपेक्ष सरकार हैं, जनहित के कार्य कर रही है। उन्हें परेशान करने के उद्देश्य से कई हथकंडे अपना रही है । रामनवमी जैसे

**सम्मेलन** एआईएसजेएस के पहले राष्ट्रीय सम्मेलन में बोले सीएम हेमंत सोरेन

# अमृत काल में हम लड़ रहे सामाजिक न्याय की लड़ाई

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** अखिल भारतीय सामाजिक न्याय महासंघ का पहला राष्ट्रीय सम्मेलन हुआ। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की अध्यक्षता में यह सम्मेलन हुआ। इस मौके पर देश के तमाम विपक्षी दलों के शीर्ष नेता शामिल हुए। राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए सीएम ने मौजूदा मोदी सरकार की जमकर आलोचना की। उन्होंने कहा कि फिलहाल देश में लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है।इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि देश को आजाद हुए 75 साल हो चुके हैं, लेकिन हम आज भी सामाजिक न्याय के लिए लड़ रहे हैं। एक तरफ देश को अमृतकाल और विश्वगुरू कहा जा रहा है। फिर भी हम सामाकि न्याय मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीति और फैसलों की वजह से लोकतंत्र खतरे में हैं। सभी वर्गों के हक की रक्षा के लिए हमें एक मंच पर आकर संघर्ष करना पड़ रहा है।मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि जब में सामाजिक न्याय की लड़ाई को देखता हूं तो मुझे पिता शिबू सोरेन के संघर्ष की याद आ जाती है। उन्होंने कहा कि आज हम अपने आपको अंग्रेजों के काल की जगह खड़े देख रहे हैं, जहां हमारे पूर्वजों ने संघर्ष की शुरूआत की थी। ठीक उसी तरह आज अपने अधिकार के लिए लड़ना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि मौजूदा परिस्थिति आगामी पीढ़ी के लिए चिंता बढ़ाती है। देश की अर्थव्यवस्था की हालत बदतर होती जा रही है। देश के हर वर्ग को पीछे ढकेला जा रहा है। रोजगार मिल नहीं रहे हैं।मंत सोरेन ने कहा कि हमारा देश कृषि प्रधान देश है, लेकिन वर्तमान में यहां के किसानों की हालत काफी दयनीय है।

देश के किसान अपने हक के लिए दिल्ली में धरना-प्रदर्शन कर रहे थे। उनके साथ क्या हुआ, इसे पूरे देश ने देखा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि नौकरी देने वाले संस्थानों को बेचा जा रहा है। देश के लोग आज पीडीएस के अनाज पर निर्भर होने को मजबूर हो रहे हैं। हेमंत सोरेन ने कहा कि देश में आज फूट डालो और राज करो की स्थिति बनी है जो अच्छी बात नहीं है। उन्होंने कहा कि आज देश में ह्यना काम करूंगा ना करने दूंगाह्न की राजनीति हो रही है।मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड में पिछली सरकार ने बड़ी चतुराई से ओबीसी रिजर्वेशन को घटाने का काम किया था। राज्य में हमारी सरकार बनते ही हमने आरक्षण नियमावली में कुछ बदलाव करते हुए ओबीसी आरक्षण को 27% करने हेतु नौवीं अनुसूची में जोड़ने का प्रस्ताव भेजा, लेकिन उस प्रस्ताव को झारखंड के तत्कालीन माननीय राज्यपाल महोदय द्वारा वापस कर दिया गया।ख्यमंत्री ने कहा कि कर्नाटक में भी कुछ इसी तरह के फैसले लिए गए, जिसे वहां के माननीय राज्यपाल ने अपनी सहमति दी थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब रोजगार देने वाली संस्थाएं बिक जाएंगी तो फिर रिजर्वेशन किसी काम का होगा ही नहीं। हमारे देश में लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में अलग-अलग तरह से भेदभाव किया जा रहा है, यही वजह है कि आज सोशल जस्टिस को लेकर हम लोगों को एक मंच में आकर चर्चा करनी पड़ रही है।मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि इससे पहले भी दिशोम गुरु शिबू सोरेन, लालू प्रसाद यादव, मुलायम सिंह यादव आदि देश के कई दिग्गज नेताओं ने मिलकर लोकतांत्रिक मोर्चा का गठन किया था और सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ी थी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि वर्तमान समय में देश में जिस तरह से संवैधानिक ताकतों का दुरुपयोग हो रहा है यह आने वाली पीढ़ी के लिए चिंतनीय है। देश में अमीरी-गरीबी की खाई जब तक कम नहीं होगी, तब तक सामाज का हर कार्य बाधित रहेगा। सामाजिक न्याय के लिए एक मंच पर आकर हम सभी लोगों को लड़ना और संघर्ष करना होगा। आज हालात ऐसे हो गए हैं कि जब कोई सामाजिक न्याय की बात बोलता है लोगों को जागरूक करता है तो उसे जेल की हवा खानी पड़ती है।

## न्यूज फटाफट

### परिवारवादी पार्टियों को लोकतंत्र पर बोलने का नैतिक अधिकार नहीं:दीपक प्रकाश

रांची: भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ने आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के उस बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी जिसमे उन्होंने केंद्र सरकार पर लोकतंत्र को समाप्त करने का आरोप लगाया है ।श्री प्रकाश ने कहा कि परिवारवादी पार्टियों को लोकतंत्र पर बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। झामुमो जैसी परिवारवादी पार्टी राजतंत्र की मानसिकता से ग्रसित हैं ।कहा कि झामुमो बताए जिस पार्टी में पिता अध्यक्ष,पुत्र कार्यकारी अध्यक्ष, मां उपाध्यक्ष और भाभी एवम भाई सभी केंद्रीय पदाधिकारी हों उसमे कौन सी लोकतांत्रिक व्यवस्था चल रही है ।उन्होंने कहा हेमंत जी बताएं आपातकाल लगाकर देश में लोकतंत्र को समाप्त करने की साजिश करने वाली कांग्रेस से लोकतंत्र का कैसे भला होगा ।श्री प्रकाश ने कहा कि कांग्रेस और उसकी परिक्रमा करने वाली झामुमो,राजद,समाजवादी पार्टी,तृणमूल आदि सभी क्षेत्रीय पार्टियां मिलकर देश में परिवार तंत्र लाना चाहते हैं। अपने अपने क्षेत्रों का क्षत्रप बनकर जनता की गाढ़ी कमाई से अपनी तिजोरी भरना चाहते हैं ।उन्होंने कहा कि देश की जनता ऐसा कभी नहीं होने देगी।

## पेज एक का शेष

### इस खतरे को लेकर .. .. ..

पैमाने और तीव्रता का उल्लेख करते हुए, प्रधानमंत्री ने सीडीआरआई के काम और इसके महत्व के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, आपके द्वारा यहां खोजे गए समाधान वैश्विक नीति-निर्माण के उच्चतम स्तरों पर ध्यान आकर्षित करेंगे। यह सीडीआरआई के लिए बुनियादी ढांचे के लचीलेपन में योगदान करने का एक अवसर है, खासकर जलवायु जोखिमों और आपदाओं के खिलाफ। उन्होंने विश्वास जताया कि आईसीडीआरआई 2023 में विचार-विमर्श एक अधिक लचीली दुनिया के साझा दृष्टिकोण को प्राप्त करने का मार्ग प्रदान करेगा।

### जहां से पास किया है .. .. .. ..

विश्वविद्यालय से मोदी की स्नातक और स्नातकोत्तर डिग्रियों की जानकारी मांगी है। गुजरात विश्वविद्यालय ने आदेश के खिलाफ गुजरात उच्च न्यायालय में अपील दायर की। जस्टिस वैष्णव ने उस मामले में मोदी के पक्ष में फैसला सुनाया था। मुख्य सूचना आयुक्त ने विश्वविद्यालय को इसका खुलासा करने का निर्देश दिया। लेकिन विश्वविद्यालय ने इसका विरोध किया और हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया।
इस मामले में केजरीवाल की शिकायत थी कि प्रधानमंत्री प्रभाव डाल रहे हैं। इससे पहले 2016 में अरुण जेटली (अब दिवंगत) अमित शाह ने मोदी के डिग्री विवाद पर पर्दा डालने के लिए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की और मोदी की ह्यडिग्रीह्न दिखाई। लेकिन उसके बाद भी आम आदमी पार्टी ने शिकायत की कि मोदी की मार्कशीट और डिग्री सर्टिफिकेट के अलग-अलग नाम हैं।

### हादसे में सात से अधिक .. .. ..

नतीजतन, यात्रा करते समय भी, किसी होटल में व्यावहारिक रूप से खर्च करना पड़ता है। अभी कुछ दिन पहले पूर्वी सिक्किम टूर के दीकू जंग वार्ड इलाके में बड़ा भूस्खलन हुआ था। साथ में हिमपात। जिससे गंगटोक से मोंगा रोड तक सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। सिक्किम के विभिन्न हिस्सों में करीब 175 पर्यटक फंसे हुए हैं। उन्हें बचाने के लिए बीआरओ के जवानों को नीचे उतारा गया। इनमें से ज्यादातर बंगाली बताए जा रहे हैं। ये पर्यटक कई घंटों तक बिना भोजन के फंसे रहे। नतीजतन, उन्हें भोजन और पानी उपलब्ध कराया जाता है। इन पर्यटकों में कई महिलाएं और बच्चे भी थे।

### कांग्रेस ने मोदी की .. ..

है। चीन ने तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश में हमारे क्षेत्रों का नाम बदलने का फैसला किया है। 21 अप्रैल, 2017 - 6 स्थान, 30 दिसंबर, 2021 - 15 स्थान, और 3 अप्रैल, 2023 - 11 स्थान। खड़गे ने कहा कि गलवान के बाद देश मोदीजी द्वारा चीन को क्लीन चिट दिए जाने के परिणामों का सामना कर रहा है।
इस बीच, भारत सरकार ने अरुणाचल प्रदेश में विभिन्न स्थानों के नाम बदलने के चीन के फैसले को दो टूक रूप से खारिज कर दिया है और दावा किया है कि राज्य भारत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और आविष्कार किए गए नामों को देने से यह तथ्य नहीं बदलता है। भारत ने अरुणाचल प्रदेश में 11 और स्थानों के लिए चीनी नामों की बीजिंग की घोषणा के जवाब में प्रतिक्रिया व्यक्त की, जिसे पड़ोसी देश दक्षिणी तिब्बत के रूप में दावा करता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि भारत ने अरुणाचल प्रदेश में स्थानों के नाम बदलने के चीन के फैसले को सिरे से खारिज कर दिया। चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश पर दावा करने के अपने प्रयासों के तहत चीनी, तिब्बती और पिनयिन वर्णों में नामों का एक सेट जारी करने के बाद यह घटनाक्रम सामने आया है। हमने ऐसी खबरें देखी हैं। यह पहली बार नहीं है जब चीन ने इस तरह की कोशिश की है। हम इसे सिरे से खारिज करते हैं।

### स्वाहिली सभ्यता के बारे .. ..

स्वाहिली सभ्यता के सदस्यों से बरामद पहला प्राचीन डीएनए शामिल है, ने अब इस गतिरोध को तोड़ दिया है कि अफ्रीका के बाहर के लोगों ने स्वाहिली संस्कृति और वंश में किस हद तक योगदान दिया। पूर्वी अफ्रीका के तट पर स्वाहिली सभ्यता के मध्यकालीन लोग बहुसांस्कृतिक, प्रवाल-पत्थर के शहरों में रहते थे और हिंद महासागर में फैले व्यापार नेटवर्क में लगे हुए थे। पुरातत्वविदों, मानवविज्ञानी और भाषाविदों को एक शताब्दी लंबी बहस में बंद कर दिया गया है कि अफ्रीका के बाहर के लोगों ने स्वाहिली संस्कृति और वंश में कितना योगदान दिया। स्वाहिली समुदायों का अपना इतिहास है, और सबूत कई दिशाओं में इशारा करते हैं।
अंतर्राष्ट्रीय टीम का नेतृत्व कुसिम्बा और डेविड रीच ने किया था, जो हार्वर्ड मेडिकल स्कूल में ब्लाटावनिक संस्थान में आनुवंशिकी के प्रोफेसर और हार्वर्ड विश्वविद्यालय में मानव विकासवादी जीव विज्ञान के प्रोफेसर थे। अध्ययन से पता चला कि लगभग 1000 उए, दक्षिण पश्चिम एशिया के प्रवासियों की एक धारा स्वाहिली तट के साथ कई स्थानों पर अफ्रीकी लोगों के साथ घुल-मिल गई थी, जो विश्लेषण किए गए प्राचीन व्यक्तियों के पूर्वजों के आधे हिस्से में योगदान करती थी। अध्ययन ने पुष्टि की कि स्वाहिली संस्कृति का आधार अपरिवर्तित रहा, यहां तक कि नवागंतुकों के आने और इस्लाम एक प्रमुख क्षेत्रीय धर्म बन गया।
शोधकताओं ने कहा कि निष्कर्ष औपनिवेशिक काल में प्रचलित एक बहुत ही विपरीत दृष्टिकोण का भी खंडन करते हैं, जिसमें कहा गया था कि अफ्रीकियों ने स्वाहिली शहरों में बहुत कम योगदान दिया है। रीच ने कहा, प्राचीन डीएनए ने हमें एक लंबे समय से चले आ रहे विवाद को हल करने की अनुमति दी, जिसे इन समय और स्थानों से अनुवांशिक डेटा के बिना परीक्षण नहीं किया जा सकता था।

### ईरान ने ओमान सागर .. .. ..

की सुरक्षा में खलल डालने का मौका नहीं दिया जाएगा। बल ने यह भी एलान किया है कि वह अमेरिका और इस्राइल की किसी भी नापाक हरकत पर कड़ी नजर रखेगा। अमेरिकी नौसेना का एक ईपी-3ई टोही विमान हाल ही में ओमान सागर के पास ईरानी हवाई क्षेत्र में दाखिल हुआ था। इस समय, ईरानी नौसेना ने विमान को चेतावनी संदेश भेजा। न्यूज एजेंसी ने कहा, चेतावनी मिलने के बाद अमेरिकी विमान ने ईरान के हवाई क्षेत्र को छोड़ दिया और अंतरराष्ट्रीय उड़ान मार्गों की ओर गया। अमेरिकी सैन्य विमान निमार्ता लॉकहीड मार्टिन ने चार टर्बोप्रॉप इंजन वाले विमान का निर्माण किया है। विमान सभी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली, सिग्नल संग्रह और नेविगेशन सिस्टम से लैस है। इस विमान का इस्तेमाल सिर्फ अमेरिका और जापान की नौसेनाएं करती हैं।

झारखंड भाजपा सांसदों का दिल्ली में होगा जुटान,

## हेमंत सरकार की नीतियों के विरोध में आंदोलन की बनेगी रणनीति

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** भ्रष्टाचार और अन्य मुद्दों पर लगातार हेमंत सरकार पर हमलावर रहे भारतीय जनता पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं ने 11 अप्रैल को झारखंड मंत्रालय का घेराव करने का निर्णय लिया है। इस कार्यक्रम के जरिए बीजेपी जहां अपनी ताकत का अहसास कराना चाहती है, वहीं हेमंत सरकार की खामियों को आंदोलन के जरिए जनता के बीच लाने की तैयारी में है। राज्यस्तरीय इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लगातार बैठकों का दौर जारी है। कोर कमेटी की बैठक के बाद सोमवार को प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक हुई है। जिसमें सभी पदाधिकारियों और मोर्चा संगठन से जुड़े पदाधिकारियों को विशेष जिम्मेदारी दी गई है। बताते चलें कि मंगलवार को दिल्ली में झारखंड बीजेपी के सांसदों की बैठक होगी। प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश के नेतृत्व में होने वाली इस बैठक में प्रोजेक्ट भवन घेराव के लिए पूरी कार्य योजना बनाई जाएगी। जानकारी के मुताबिक यह बैठक प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश के आवास पर आज शाम होने वाली है।इस बैठक में सभी सांसदों की राय जानने के बाद पार्टी द्वारा जिम्मेदारियां भी सौंपी जाएंगी।11 अप्रैल को झारखंड मंत्रालय घेराव को सफल बनाने के लिए राजधानी में विभिन्न चौक-चौराहों पर पार्टी द्वारा होर्डिंग्स लगाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। बिरसा चौक को केंद्रीय बिंदु मानकर वहां भाजपा नेताओं के द्वारा बैनर और होर्डिंग लगाए जाएंगे। इसी तरह अरगोड़ा चौक,सहजानंद चौक, रातू चौक और राजधानी में प्रवेश करने वाले विभिन्न जगहों पर बैनर, पोस्टर लगाने की तैयारी की जा रही है।चूंकि इस कार्यक्रम में राज्यभर से बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकताओं का जुटान राजधानी रांची में होगा, इसे देखते हुए पार्टी ने विभिन्न जगहों पर ठहराव की व्यवस्था की है। राज्य के हर कोने से हजारों कार्यकर्ता 11 अप्रैल की सुबह रांची पहुंच जाएंगे। जानकारी के मुताबिक दोपहर 12 बजे से प्रोजेक्ट भवन घेराव के लिए भाजपा कार्यकर्ता रवाना होंगे।

रचा इतिहास, हजारों की संख्या में लोग उतरे सड़क पर, घंटों जाम

# झारखंड कांग्रेस पांच अप्रैल से करेगी जय भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अडाणी के संबंधों को लेकर लगातार आक्रामक रही कांग्रेस राहुल गांधी की सदस्यता खत्म करने, उनका बंगला खाली कराने के साथ-साथ महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दे पर अब जनता के बीच जाएगी। चार अप्रैल को रांची में जहां शहीद चौक से राजभवन तक मशाल जुलूस निकाला जाएगा, वहीं पांच अप्रैल से झारखंड कांग्रेस के नेता, मंत्री अपने प्रभारी कांग्रेस महासचिव अविनाश पांडे के साथ जय भारत संकल्प यात्रा पर निकल जाएंगे।

झारखंड प्रदेश के प्रभारी बनने के बाद ऐसा पहली बार होगा, जब 13 दिनों के प्रवास पर राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे झारखंड में रहेंगे। इसमें से 12 दिनों में 24 जिलों की यात्रा अविनाश पांडे करेंगे। उनके साथ प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी मौजूद रहेंगे। जगह जगह पार्टी कोटे से मंत्री, कांग्रेस विधायक, पार्टी पदाधिकारी, जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी भी शामिल रहेंगे। वहीं जय भारत संकल्प यात्रा को लेकर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में कंट्रोल रूम का गठन किया गया है।

जिसके संयोजक पूर्व मंत्री केशव महतो कमलेश को बनाया गया है। कांग्रेस की जय भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत लोहरदगा से होगी।

वहां जय भारत सत्याग्रह और संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश प्रभारी शामिल होंगे और आम जनता को यह बताने की कोशिश करेंगे कि कैसे एक उद्योगपति से पीएम मोदी की दोस्ती देश पर भारी पड़ रही है। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में हुए खुलासे की जेपीसी जांच क्यों जरूरी है।कांग्रेस प्रदेश कार्यालय में आज हुई बैठक की जानकारी देते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि पीएम मोदी की अडाणी से यारी, देश पर भारी पड़ रहा है। कांग्रेस के शासनकाल में देश में जो संसाधन विकसित किए गए थे, उसे या तो बेचा जा रहा है या पीएम मोदी अपने दोस्तों के हवाले कर रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस लगातार उन सवालों को उठा रही है जिससे केंद्र की सरकार और उसके मुखिया बचना चाहते हैं। जय भारत सत्याग्रह यात्रा को लेकर पार्टी कार्यालय में हुई बैठक में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के साथ-साथ प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा, प्रदेश प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद, रांची की पूर्व मेयर और कांग्रेस नेता रमा खलखो, पूर्व मंत्री केशव महतो कमलेश,पूर्व प्रदेश महिला अध्यक्ष आभा सिन्हा सहित कई कांग्रेसी नेता उपस्थित थे।

# टॉप लीडरों का दरवाजा खटखटा रहे कांग्रेसी इरफान, राजेश और विक्सल कोंगाड़ी

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** विधायक इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी ने आस जतायी है कि कांग्रेस से उनका निलंबन जल्द वापस होगा। पार्टी के शीर्ष नेताओं ने इसके संकेत दिए हैं। नई दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल, राज्यसभा सांसद धीरज साहू से 3 अप्रैल को हुई मुलाकात के बाद तीनों विधायकों को उम्मीद जगी है। उनके मामले में निलंबन और इससे पूर्व के सारी स्थितियों की जानकारी वरीय नेताओं को दी गयी है। यह भी बताया कि पूरे मामले को झारखंड हाईकोर्ट ने गलत करार दिया है। बाकी दो साथी विधायक कांग्रेस के सच्चे सिपाही हैं। उनका इतिहास उठाकर देखा जा सकता है। उनके रग-रग में कांग्रेस है। ऐसे में अब राष्ट्रीय महासचिव ने तीनों विधायकों का सस्पेंशन जल्द वापस करने का संकेत दिया है।राजेश कच्छप के मुताबिक राष्ट्रीय महासचिव ने उनके मामले में कहा है कि आप लोग अपने अपने क्षेत्र जाएं। खुलकर काम करें। आप लोग पार्टी के योद्धा हैं। पार्टी और संगठन को मजबूत करने को उन्होंने कहा है। साथ ही कहा है कि पार्टी को समर्पित नेताओं की आवश्यकता है।गौरतलब है कि इन तीनों विधायकों के खिलाफ कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने विधानसभा स्पीकर के पास पूर्व में शिकायत दर्ज करायी थी। कहा था कि तीनों विधायकों ने दल के विधायकों को 10 करोड़ रुपये और नयी सरकार में मंत्री पद का प्रलोभन दिया गया। तीनों 49 लाख रुपये के साथ पकड़े गये। यह घोर अनुशासनहीनता है। पार्टी ने उन्हें निलंबित कर दिया है। साथ ही तीनों की विधानसभा सदस्यता रद्द किए जाने का भी आग्रह स्पीकर से किया था।

# हेमलाल मुर्मू अब संताल में कमल पर चलाएंगे तीर

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** भाजपा ने झामुमो के गढ़ संताल में जिसे तुरूप का पत्ता समझ कर 8 साल पहले पार्टी में शामिल कराया था, जिस पर पार्टी ने चार चुनावों में दांव खेला, वह हेमलाल मुर्मू अब भाजपा के लिए खोटा सिक्का साबित हो रहे हैं। वही हेमलाल कमल पर तीर चलाने के लिए फिर से घर वापसी करने जा रहे हैं। 11 अप्रैल को भोगनाडीह में वह झामुमो का दामन फिर से थामेंगे और भाजपा के खिलाफ संताल में उलगुलान करेंगे। गौरतलब है कि हेमलाल मुर्मू ने 2014 में भाजपा ज्वाइन किया था। पर इसके बाद किसी भी चुनाव में वे वोटरों का भरोसा हासिल नहीं कर सके। ना तो विधानसभा पहुंच सके और ना ही लोकसभा। बरहेट में हेमंत सोरेन के खिलाफ विधानसभा चुनाव हारे। इसके बाद लिट्टीपाड़ा में हुए चुनाव में वे झामुमो के साइमन मरांडी से परास्त हुए। राजमहल लोकसभा के चुनाव में भी झामुमो के विजय हांसदा के सामने वे पस्त हुए। उन्हें महसूस हुआ कि भाजपा के भरोसे अब राजनीतिक कैरियर संभव नहीं। ऊपर से झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम का अपनी ही सरकार के खिलाफ तेवर को देखते उन्हें अपने लिए झामुमो में संभावना दिखने लगी है।

**रोजगार** नियोजन नीति को लेकर छात्रों के झारखंड बंद पर सियासत गर्म,

# भाजपा कर रही समर्थन, जेएमएम की बहकावे से दूर रहने की अपील

▶▶ 10 अप्रैल को झारखंड बंद और 8 अप्रैल को मुख्यमंत्री आवास घेराव की घोषणा

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** नियोजन नीति को लेकर नाराज छात्र एक तरफ झारखंड बंद कराने की तैयारी में जुटे हुए हैं वहीं दूसरी ओर छात्रों के इस आंदोलन पर सियासत भी शुरू हो गई है। नियोजन नीति के मुद्दे पर छात्रों के इस आंदोलन के पीछे भारतीय जनता पार्टी का हाथ होने का आरोप सत्तारूढ़ दल झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राजद के द्वारा लगाया जाता रहा है। ऐसे में 10 अप्रैल को झारखंड बंद और 8 अप्रैल को मुख्यमंत्री आवास घेराव की घोषणा ने इस मुद्दे पर जारी सियासत को और तेज कर दिया है।भारतीय जनता पार्टी ने छात्रों के इस आंदोलन को नैतिक समर्थन देने की घोषणा करते हुए हेमंत सरकार पर जमकर निशाना साधा है। भाजपा विधायक अमर कुमार बाउरी ने वर्तमान सरकार को छात्र विरोधी बताते हुए कहा है कि यह नाराजगी छात्रों की स्वाभाविक है। क्योंकि जो वादा करके हेमंत सरकार सत्ता पर बैठने का काम किया उसे पूरा करने में अब तक विफल रही है। ऐसे में नौकरी नहीं मिलने से नाराज छात्र सड़कों पर हैं और सरकार से जवाब मांग रहे हैं कि कहां गया वह वादा जिसमें 5 लाख नौकरी हर वर्ष देने का आपने घोषणा की थी और नौकरी नहीं देने पर बेरोजगारी भत्ता देने की बात कही थी।उन्होंने कहा कि रघुवर सरकार की नियोजन नीति को इस सरकार ने खारिज कर नई नियोजन नीति तो बनाई मगर असंवैधानिक होने की वजह से वह भी न्यायालय से रद्द हो गया। उसके बाद जो संशोधन की गई है उससे झारखंड के मूलवासी छात्रों की हकमारी होगी, जिससे छात्र नाराज हैं और उनकी मांग जायज है।
भारतीय जनता पार्टी ने छात्रों के इस आंदोलन को नैतिक समर्थन देने की घोषणा की है और छात्र अपनी बातों को जरूर रखें मगर अहिंसात्मक रूप से बातों को रखने की कोशिश होनी चाहिए। भारतीय जनता पार्टी हिंसा में विश्वास नहीं रखती हैं और झारखंड के युवाओं के हर मुद्दे पर उन्हें समर्थन देने का काम करती रही है आगे भी करती रहेगी।छात्रों के आंदोलन को देखते हुए सत्तारूढ़ दल झारखंड मुक्ति मोर्चा कांग्रेस और राजद के अंदर बेचैनी बढ़ी हुई है।
यदि यह आंदोलन आगे भी जारी रहा है तो कहीं ना कहीं यूपीए गठबंधन के लिए मुश्किल खड़ी कर सकती है। शायद यही वजह है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा ने छात्रों से अपील करते हुए कहा है कि वह विपक्ष के बहकावे में ना आवे क्योंकि आपके ही द्वारा बनाई गई यह सरकार है और आपकी भावना के अनुरूप सरकार आगे काम करती रहेगी। झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता मनोज पांडे ने छात्रों से अपील करते हुए कहा है यदि कुछ बातों को रखनी है तो मुख्यमंत्री बातचीत करने के लिए तैयार हैं। छात्र कभी भी अपनी बातों को मुख्यमंत्री के समक्ष रख सकते हैं। उन्होंने इसे भारतीय जनता पार्टी की साजिश बताते हुए कहा की छात्र विपक्ष के बहकावे में ना आएं क्योंकि भारतीय जनता पार्टी नहीं चाहती है कि एक युवा आदिवासी मुख्यमंत्री कि जिस तरह से लोकप्रियता देश में बढ़ रही है वह आगे और भी बढ़ती रहे ।उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि जब रघुवर दास के शासनकाल में 1985 कट ऑफ रखते हुए 50% बाहरियों के लिए निर्धारित की गई थी तो उस समय आंदोलन क्यों नहीं हुआ।

राष्ट्रीय खबर हमारी नज़र शिक्षा/धर्म

web : www.rashtriyakhabar.net
epaper.rashtriyakhabar.com

शहर >> अपडेट

## 16 खिलाड़ियों का चयन

**रांची** :मध्यांचल प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, भोपाल में 14-18 अप्रैल तक ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष एवं महिला ग्रेपलिंग प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इसके लिए मंगलवार को झारखंड टीम के खिलाड़ियों का फाइनल चयन वाई बीएन यूनिवर्सिटी, राजाउलातू (रांची) में किया गया। यूनिवर्सिटी के खेल प्रशासक परमेश्वर महतो ने बताया कि सोमवार और मंगलवार को झारखंड टीम के खिलाड़ियों के लिए चयन ट्रायल किया गया। इस दौरान कुल 16 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। इनमें अभिषेक कुमार (50 केजी) और मनीष, रुपेश (54 केजी) तथा रितेश महतो, आदित्य कुमार साहू (71 केजी), करन कुमार यादव (84 केजी), शिवम सिंह (92 केजी), अनुज खलखो और मयंक कुमार (62 केजी), विवेक और रोहित चंद्र महतो (66 केजी) शामिल हैं।

बदलाव > झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था की सुधार की दिशा में वर्तमान सरकार काम कर रही है

# 172 एमओ और 297 सीएचओ को सीएम हेमंत देंगे नियुक्ति पत्र

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था की सुधार की दिशा में वर्तमान सरकार काम कर रही है। इसी कड़ी में बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रिम्स में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान 172 चिकित्सा पदाधिकारियों और 297 सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों (सीएचओ) के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण करेंगे। बता दें कि चिकित्सा पदाधिकारियों की नियुक्ति झारखंड लोक सेवा आयोग की अनुशंसा पर साक्षात्कार के माध्यम से हुई है। झारखंड लोक सेवा आयोग के द्वारा साक्षात्कार के आधार पर चिकित्सा पदाधिकारियों का चयन किया



गया था। झारखंड राज्य के स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत चिकित्सा पदाधिकारी मूलकोटि के पदों पर नियमित नियुक्ति परीक्षा विज्ञापन संख्या 07/2021 एवं चिकित्सा पदाधिकारी मूलकोटि के पद पर बैकलॉग नियुक्ति परीक्षा विज्ञापन संख्या 08/2021 के परीक्षा फल का प्रकाशन 6 दिसंबर 2022 को किया गया था। वहीं रिम्स में आयोजित इस कार्यक्रम में सूबे के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता मौजूद रहेंगे। चिकित्सा पदाधिकारियों की स्थायी जबकि सामुदायिक स्वास्थ पदाधिकारियों की नियुक्ति अनुबंध पर होगी। आयुष विभाग के तहत 297 सीएचओ अपनी सेवा राज्य के विभिन्न हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में देंगे। आयुष विभाग के निदेशक डॉ फजलुस समी ने इसकी जानकारी दी है।

रिम्स के एकेडमिक भवन सहित कई मशीनों का उद्घाटन सीएम हेमंत सोरेन करेंगे। भवन के लोकार्पण के बाद कैथ लैब, एक फोर डी इको मशीन और 128 स्लाइस के सीटी स्कैन मशीन का उद्घाटन करेंगे।वहीं रिम्स में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर बरियातू थाने को विधि व्यवस्था संधारण के लिए आयुष निदेशक ने थाना प्रभारी को पत्र लिखा है

## न्यूज फटाफट

### झारखंड की दीप्ति कुमारी ने नेशनल रैंकिंग आर्चरी प्रतियोगिता के सीनियर रिकर्व में जीता गोल्ड



**रांची** : खेलो इंडिया के तहत हरियाणा के सोनीपत में 2 से 4 अप्रैल तक वूमेन्स नेशनल रैंकिंग आर्चरी प्रतियोगिता का फाइनल टूनार्मेट आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में झारखंड की बेटी ने इतिहास रचा है। सीनियर रिकर्व डिवीजन में झारखंड की दीप्ति कुमारी ने गोल्ड मेडल जीता है। दीप्ति कुमारी ने झारखंड की अंकिता भगत को मात देकर जीत हासिल की है। दीप्ति कुमारी को साई की ओर से 5 लाख रुपये का प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। इस जीत के बाद उनके कोच रोहित कोइरी, एकेडमी की अध्यक्ष नेहा महतो,आर्चरी कोच प्रकाश राम समेत खेल पदाधिकारीयों ने बधाई दी है।बता दें खेलो इंडिया वूमेन्स नेशनल रैंकिंग आर्चरी टूनार्मेट के लिए झारखंड के सिल्ली से कुल 8 तीरंदाज क्वालीफाई हुए थे। क्वालिफिकेशन लिस्ट में सीनियर कंपाउंड डिवीजन में मधुमिता कुमारी और अनिता कुमारी का नाम शामिल था। वहीं जूनियर कंपाउंड डिवीजन में बबीता कुमारी, सीनियर डिवीजन में दीप्ति कुमारी और जूनियर रिकर्व डिवीजन में भावना कुमारी, कोमोलिका बारी, अंकिता भगत, रीता सवैया ने क्वालीफाई किया था। बता दें कि कुल आठ तीरंदाजों में पांचों सिल्ली आर्चरी सेंटर की प्रशिक्षु हैं।

### किसानों की पहली पसंद बनी बीएयू की विकसित धान की किस्म

**रांची**: किसानों की विकसित धान की किस्म बिरसा विकास सुगंधा-1 किसानों की पसंद बन गई है। ये विचार झारखंड के रांची, खूंटी एवं गुमला जिले के 12 गांवों के किसानों ने व्यक्त किए। प्रदेश में सुगंधित धान की खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खरीफ-2022 में इन जिलों के 50 जनजातीय किसानों के खेतों में इस किस्म का अग्रिम पंक्ति प्रत्यक्षण (एफएलडी) किया गया है।गुमला जिले के सिसई प्रखंड स्थित रामकुलंककीरी गांव के 58 वर्षीय मैट्रिक पास किसान शैलेन्द्र कुमार भगत ने कहा कि करीब डेढ़ एकड़ भूमि में धान की खेती करते हैं। परंपरागत धान की खेती से मुश्किल से पारिवारिक गुजारा होता था। बीएयू वैज्ञानिकों की सलाह पर धान की उन्नत किस्म बिरसा विकास सुगंधा- 1 की खेती कर रहे हैं। उन्हें 30 किलो बीज मिला था। उन्होंने इसका बिचड़ा तैयार कर खेत में रोपाई की। वैज्ञानिकों के सुझावों का पालन किया। पूंजी अभाव में खाद एवं उर्वरक की आधी अनुशंसित मात्रा ही खेत में डाला रोपाई पंक्ति में करने से खेत में खर-पतवार निकासी में काफी सुविधा हुई। उन्हें एक एकड़ (मध्यम भूमि) में करीब 15 क्विंटल उपज प्राप्त हुआ। वे बताते हैं कि संकर धान किस्म की खेती में काफी खर्च लागत करने के बाद ही लाभ होता है, इस किस्म की खेती से उन्हें कम खर्च में ही अधिक उपज प्राप्त हुआ। वर्तमान में अन्य धान किस्मों का स्थानीय बाजार मूल्य 16-18 रुपए प्रति किलो है, जबकि धान की यह किस्म आसानी से स्थानीय बाजार में 30-32 रुपए प्रति किलो बिक जाता है। चावल दाने को बेचने पर स्थानीय बाजार में हाथों-हाथ 50-55 रुपए प्रति किलो बिक जाता है।

9 माह से वेतन बकाया

## रिम्स के लॉन्ड्री कर्मी बुधवार को करेंगे कार्य बहिष्कार




राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** रिम्स में इलाजरत मरीजों को प्रबंधन द्वारा बेडशीट और कंबल दिये जाते हैं। वहीं अस्पताल के ऑपरेशन थियेटर (ओटी) के कपड़े, चिकित्सकों के गाउन समेत अन्य कपड़ों की धुलाई रिम्स के लॉन्ड्री में किया जाता है। इसके साथ ही धुले हुए बेडशीट को आयरन कर वार्डों में पहुंचाने की जिम्मेवारी भी यहां काम करने वाले कर्मचारियों के भरोसे है। लेकिन बीते 9 महीने से इन्हें पैसे का भुगतान नहीं किया जा रहा है। जिस कारण कर्मचारियों में आक्रोश है। लॉन्ड्री कर्मियों ने कहा कि रोज अपना ड्यूटी निभाने के बाद भी अपनी मेहनत के पैसे के लिए भटक रहे हैं। हमारी सुनने वाला कोई नहीं है। बिना पैसे का जीना मुश्किल हो गया है। अधिकारियों के कार्यालय का चक्कर काट कर थक चुके हैं। सभी ने एक स्वर में कहा कि बुधवार को सीएम हेमंत सोरेन रिम्स के एक कार्यक्रम में आ रहे हैं। उनसे मिलकर अपनी बातों को रखेंगे।

### संगीतमय पाठ का आयोजन

**रांची** : श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 43 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ का श्रद्धा पूर्वक आयोजन किया गया। मंडल के उपमंत्री अनिल ननोर्ली बालाजी महाराज की अखंड पावन ज्योति प्रज्वलित की। केसरिया पेड़ा चना गुड़ फल का प्रसाद ज्योत में अर्पित किया गया। अनिल नारनोली ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ व पाठवाचकको का भी पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ गणेश वंदना करके पाठ प्रारंभ किया। इन्होंने सैकड़ों भक्तों से सुंदरकांड हनुमान चालीसा का भक्तिमय में वातावरण में पाठ करवाया। पूरा मंदिर परिसर बजरंग बली की जय जयकारों से गूंज रहा था। भक्तजन श्री हनुमान जी महाराज की आराधना में लीन थे ।

## सीएम 6 अप्रैल को करेंगे राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में 6 अप्रैल को प्रोजेक्ट भवन स्थित सभागार में राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक होगी। परिवहन आयुक्त सह परिषद के सचिव ने विभिन्न विभागों के प्रधान सचिव और सचिवों को बैठक में उपस्थित रहने को कहा है।बैठक में जिन विभाग के आला अधिकारियों के रहने की संभावना है, उनमें स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग के प्रधान सचिव, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के सचिव, पथ निर्माण विभाग के सचिव, उच्च



एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव, जना एवं विकास विभाग के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव, पुलिस महानिदेशक एवं महानिरीक्षक, रांची नगर निगम की महापौर, आईआईएम रांची के निदेशक, बीआईटी मेसरा अंतर्गत सिविल और इनवॉयरमेंट इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष व झारखंड बस ऑनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष शामिल हैं।आंकड़े के मुताबिक राज्य में हर वर्ष करीब 3500 से अधिक लोगों की मौत सड़क दुर्घटनाओं में होती है। सबसे अधिक दुर्घटनाएं घाटियों में होती हैं। घाटियों में दुर्घटनाओं का बड़ा कारण सड़कों की खामियां का होना बताया जाता है। चुटुपालू, तमाड़ और कोडरमा घाटी में कई जगहों पर सड़कें काफी तेजी से नीचे जाती हैं, जिसके कारण दुर्घटनाएं होती है। अधिकांश दुर्घटनाएं भारी वाहनों के कारण होती हैं।

### राष्ट्रीय कैंप के लिए झारखंड की काजल बाड़ा

**रांची** : साईं सेंटर, बेंगलुरु में 10 अप्रैल से 27 मई तक जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम का राष्ट्रीय कैंप लगेगा। इसके लिए झारखंड की 3 महिला हॉकी खिलाड़ियों को भी आमंत्रित किया गया है। हॉकी इंडिया के एक्सक्यूटिव डायरेक्टर कमांडर आरके श्रीवास्तव ने हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह को लेटर लिखकर बताया है कि दीपिका सोरेंग, महिमा टेटे और काजल बाड़ा को राष्ट्रीय कैंप के लिए बुलाया गया है। तीनों ही खिलाड़ी सिमडेगा जिले की हैं।महिमा टेटे सिमडेगा जिला सदर प्रखंड के बरकीछापर गांव की रहने वाली हैं। वे ओलंपियन सह एशिया महादेश की एथलीट एंबेसडर सलीमा टेटे की छोटी बहन हैं। दीपिका सोरेंग और काजल बाड़ा सिमडेगा के ही केरसई प्रखंड अंतर्गत करंगागुडी की रहने वाली हैं। गौरतलब है कि दीपिका और महिमा टेटे पूर्व में भी जूनियर भारतीय महिला टीम का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं।

## 5 अप्रैल से 3849 पदों के लिए अभ्यर्थी भरेंगे ऑनलाइन आवेदन




- हजारों अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन फॉर्म भी भरा
- नियोजन नीति रद्द किए जाने के बाद जेएसएससी ने कई विज्ञापनों को वापस ले लिया था
- अभ्यर्थियों ने पहले आवेदन किया था

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) और झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएसएस) ने विभिन्न नियुक्ति नियमावली में संशोधन के बाद पिछले दिनों 3849 पदों पर नियुक्ति को लेकर चार प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए विज्ञापन जारी किया था। योग्य अभ्यर्थी 5 अप्रैल से इसके लिए ऑनलाइन तरीके से भर पाएंगे। जिन पदों के लिए आवेदन किया जाएगा, उनमें शामिल हैं। बता दें कि उपरोक्त पदों में से प्रयोगशाला सहायक और स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति के लिए पिछले साल विज्ञापन जारी हुआ था। हजारों अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन फॉर्म भी भरा। लेकिन दिसंबर 2022 में हाईकोर्ट द्वारा नियोजन नीति रद्द किए जाने के बाद जेएसएससी ने कई विज्ञापनों को वापस ले लिया था। पिछली कैबिनेट में नियुक्ति नियमावली में संशोधन कर नए सिर से विज्ञापन जारी किया गया है। जारी विज्ञापन में जेएसएससी ने कहा है कि जिन अभ्यर्थियों ने पहले आवेदन किया था, उन्हें किसी तरह की फीस नहीं देनी होगी। ऐसे अभ्यर्थियों को पूर्व में मिले अपने रजिस्ट्रेशन नंबर और जन्मतिथि को आवेदन के साथ भरना होगा। इन उम्मीदवारों को फीस में छूट दी जा रही है, पर उन्हें आवेदन करना होगा।




सड़कों के किनारे दुकान लगानेवाले 10,657 वेंडर्स और इन्हें स्थायी रूप से बसाने के लिए जगह चिह्नित

## सड़कों को जाम मुक्त करने के लिए रांची नगर निगम ने एक और पहल की

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** शहर की सड़कों को जाम मुक्त करने के लिए रांची नगर निगम ने एक और पहल की है। निगम ने पता लगाया कि शहर की कौन-कौन सी सड़कें किस अवधि में ज्यादा जाम रहती हैं और इसकी वजह क्या है। पता चला कि जाम का मुख्य कारण सड़क किनारे या फुटपाथ पर लगनेवाली दुकानें हैं। निगम ने शहर को 14 जोन में बांट कर फुटपाथ दुकानदारों को चिह्नित करने के साथ ही साथ उन्हें बसाने के लिए 27 वेंडिंग जोन भी चिह्नित कर जिला प्रशासन को विस्तृत रिपोर्ट के साथ प्रस्ताव भेजा है, ताकि शहर को जाम मुक्त किया




जा सके। सर्वे में पता चला कि जहां फुटपाथ या सड़क किनारे दुकानें लगती हैं, वहां ग्राहकों की गाड़ियां (दोपहिया-चारपहिया) भी खड़ी होती हैं।

जिससे सड़क की चौड़ाई कम पड़ जाती है, नतीजतन सड़क या तो जाम हो जाती है या वाहन रेंगने लगते हैं। फिर दुपहिया वाहन चालकों के आगे निकलने की होड़ में जाम पर जाम लगता चला जाता है। फुटपाथ दुकानदारों का सर्वे करा कर यह पता लगाया है कि किस इलाके में कितने वेंडर फुटपाथ पर दुकानें लगती हैं। पहले चरण में शहरी क्षेत्र में सड़क किनारे दुकानें लगाने वाले 10,657 दुकानदारों को चिह्नित किया गया है। ऐसे फुटपाथ दुकानदारों को निगम ने चार श्रेणियों में बांटा है, जिसमें सड़क किनारे कपड़े बेचनेवाले वेडरों की संख्या 1754, फास्ट फूड व अन्य खाद्य सामग्रियां बेचनेवालों की संख्या 2437, फल-सब्जी बिक्रेताओं की संख्या 2623 और अन्य सामान बेचनेवालों की संख्या 3843 है। इसमें पाया गया कि सबसे ज्यादा भीड़ फास्ट फूड वेंडरों और सब्जी बिक्रेताओं के पास लगती है, जो जाम का सबसे बड़ा कारण है। निगम की ओर से अबतक 1274 वेंडरों को स्थायी जगह दी जा सकी है।

## शहर >> अपडेट

### अखंड हरिनाम संकीर्तन में शामिल हुए विधायक

**चांडिल :** निमडीह प्रखंड के चालीयामा व चांडिल प्रखंड के घोड़ानेगी गांव मे चल रहे अखंड हरिनाम संकीर्तन मे मंगलवार को विधायक सविता महतो शामिल हुए। इस दौरान विधायक ने हरी मंडप पर माथा टेक क्षेत्र की जनता का मंगल कामना किए।उन्होंने कहा गांव में इस तरह का धार्मिक आयोजन से सुख-शांति बनी रहती है। मौके पर केंद्रीय सदस्य काबलू महतो, उदय महतो एवं कमिटी के सदस्य व ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### निकाला गया झंडा जुलूस

**चांडिल:** राम नवमी के अवसर पर मंगलवार को श्री श्री बजरंग अखाड़ा चांडिल हाटतोला की ओर से ढोल नगाड़े और ताशे के साथ भव्य रूप से शोभायात्रा सह झंडा जुलूस निकाली गई। इस दौरान अखाड़े व आमंत्रित सदस्यों ने एक से बढ़कर एक करवत दिखाकर लोगों का मन मोह लिया। वही चांडिल के सड़कों पर आस्था के साथ राम भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। चारों ओर जय श्रीराम के नारे गूंज रहे थे। वही जुलूस में पूर्व विधायक अरविंद सिंह, झामुमो केंद्रीय सदस्य पप्पू वर्मा शामिल हुए।

### हरि मंदिर प्रांगण में साधु महोत्सव का आयोजन

**चास:** श्री निवारण दास बाबाजी महाराज के पुण्यतिथि के शुभ अवसर पर चास के पुपुनकी गांव के हरि मंदिर प्रांगण में साधु महोत्सव का आयोजन किया गया। समापन के अवसर पर चास बोकारो सहित पश्चिम बंगाल के विभिन्न क्षेत्र से साधु द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। स्थानीय लोगों द्वारा सभी साधुओं को सम्मानित किया। बंगाल की बाउल गायिका रेणुका देवी, पुरुलिया के जटल बाबाजी, श्यामसुंदर गोस्वामी सहित अन्य को समिति की ओर से सम्मानित किया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाने को लेकर बैठक

**बोकारो:** जन कल्याण सामाजिक संस्था द्वारा संचालित बिरसा मुंडा निशुल्क विद्यालय के प्रभारी एवं शिक्षकों की संयुक्त बैठक हुई। अध्यक्षता अक्षय लाल पासवान ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए संस्था सचिव व संस्थापक परशुराम राम ने कहा कि विद्यालय में 14 अप्रैल को बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर कमला मिश्रा, हरिशंकर प्रसाद सोनी, चंदेश्वर ठाकुर, अशर्फी साह, प्रेम सिंह वेद, मुसाफिर ठाकुर, जगदीश प्रसाद, विजय कुमार, ममता सिंह, गुड़िया देवी, बबीता कुमारी, पन्ना देवी आदि उपस्थित थे।

### हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ प्रारंभ

**कसमार:** कसमार प्रखंड के मंजूरा पंचायत स्थित पगार टांड़ में मंगलवार को श्री श्री 108 शिव सहित हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का प्रारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। प्रात: महिलाओं व युवतियों के द्वारा यज्ञ स्थल से कलश लिए मंजुरा गांव होते हुए शिवालय मंदिर, राजागोसाई, बरवाडीह होते हुए खांजो नदी पहुंचे जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जल उठा कर सोखाडीह सपाहीटांड होते हुए पुन: यज्ञ स्थल पर पहुंचे। इसके बाद वाराणसी से आए आचार्य आर्यन वशिष्ठ एवं अन्य आचार्यों द्वारा वैदिक विधि-विधान के साथ महायज्ञ का शुभारंभ किया। कलश यात्रा में गोमिया विधायक लंबोदर महतो एवं रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी एवं जिप सदस्य अमरदीप महाराज भी शामिल हुए। वहीं संध्या आरती में गोमिया के पूर्व विधायक दर्जा प्राप्त मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो भी शामिल हुए। प्रतिदिन संध्या वाराणसी से आये कथा वाचिका अंजनी सुप्रिया एवं लक्ष्मी सुप्रिया के द्वारा कथा वाचन किया जायेगा।

# सदर अस्पताल में मरीज को दिखाने को लेकर हंगामा



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा :** कोडरमा सदर अस्पताल में इन दिनों मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है लेकिन कुछ चिकित्सकों के अस्पताल छोड़ देने से और मरीजों के इलाज में कठिनाई हो रही है। मंगलवार को मरीजों ने सदर अस्पताल में जमकर हंगामा किया। कहा कि उनका पहले नम्बर 17 था लेकिन 37 लोग दिखा लिए पर उनका नाम नहीं आया। बहरहाल हंगामा के बाद पुलिस और अन्य लोग पहुंचे तो मामले को बीच बचाव कर शांत किया गया। घटना अस्पताल में ओपीडी की है। ज्ञात हो कि सदर अस्पताल में प्रतिदिन 400 से 500 मरीज इलाज के लिए आते हैं। उसके अलावे सड़क दुर्घटना और अन्य मरीज भी पहुंच रहे हैं।

## स्वास्थ्य शिविर कैंप का किया गया आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**सतगावां:** प्रखंड के अंतर्गत राजाबार पंचायत के पंचायत भवन में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सतनारायण भक्त के निर्देश पर स्वास्थ्य शिविर कैंप का आयोजन किया गया।इसमें विभिन्न प्रकार की बीमारियों का जांच किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सत्यनारायण भक्त ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग सतगावां के द्वारा जगह जगह पर कैंप लगाकर लोगों का इलाज किया जा रहा है। वहीं लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी हाकिम सिंह, एमपीडब्ल्यू रंजन कुमार एवं कमलेश कुमार एवं रंजना कुमारी एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### मंदिर में मनाया गया महावीर जयंती

**बेरमो:** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्टाफ क्वार्टर ढोरी में भगवान महावीर जयंती मनाया गया वंदना सभा में भगवान महावीर जयंती में दीप प्रज्वलन माल्यार्पण विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अनिल कुमार राय द्वारा किया गया। भगवान महावीर के जीवन पर संदेश विद्यालय की वरिष्ठ आचार्य श्रीमती रेनू प्रसाद जी के द्वारा भैया बहनों को बताया गया किस प्रकार से भगवान महावीर सत्य अहिंसा अपरिग्रह और जीवन के आदर्श मूल्यों को संदेश के रूप में समाज में मानवता के लिए दिया था उसका विश्लेषण किया और भैया बहनों को महावीर के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया प्रभारी प्रधानाचार्य अर्जुन कुमार मिश्र ने भी अपने संदेश में महावीर जी के जीवन से संबंधित कुछ बातें बताएं और सभी भैया बहनों को महावीर के जीवन से उनके आदर्शों से अपने जीवन में ज्ञान का दीपक जलाने का संदेश दिया विद्यालय के प्रधानाचार्य के द्वारा भैया बहनों को भगवान महावीर के जयंती के अवसर पर आशीर्वचन दिया और कार्यक्रम का समापन हुआ।

## न्यूज फटाफट

### एक बार फिर चर्चा में वेरमाद मौजा

**नामकुम:** प्रखंड के वेरमाद मौजा एक बार फिर चर्चित हो रहा है। वेरमाद के ग्रामीण पिछले एक सप्ताह से तथाकथित जमीन बिचौलिये पवन कुमार कच्छप, लक्ष्मण कच्छप, प्रदीप कच्छप, महादेव कच्छप, प्रकाश कच्छप और पितांबर कच्छप के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं। रविवार को आसपास के ग्रामीणों ने एक संयुक्त बैठक कर इन बिचौलियों को सबक सिखाने की ठानी है। आइये बताते हैं आपको की पवन कुमार कच्छप कौन हैं। ये वेरमाद में रहते हैं। इनके पिता बलराम महतो हैं, जिनके नाम पर खाता 50 के प्लाट संख्या 31 और 33 की 3.27 एकड़ ओर 2.33 एकड़ कुल रकबा 4.90 एकड़ जमीन 1988-89 में बंदोबस्त की गयी थी, वह भी गैर मजरूआ खास जमीन। अब गांव वाले इस जमीन पर मसना और धार्मिक स्थल बनाना चाहते हैं। पवन कुमार कच्छप ग्रामीणों को यह धौंस दिखाते हैं कि वे रामगढ़ व्यवहार न्यायालय में पेशकार हैं।

### वार्षिक आमसभा का हुआ आयोजन

**चांडिल :** चांडिल बांध विस्थापित मत्स्यजीवी स्वावलंबी सहकारी समिति का वार्षिक आमसभा नौका विहार में नारायण गोप के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। आमसभा में सचिव श्यामल मार्डी ने वित्तीय वर्ष 2022 - 2023 का समिति के लेखा जोखा प्रस्तुत किया। उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष नारायण गोप ने कहा कि चांडिल डैम में मत्स्य पालन के लिए बहुत संभावनाएं हैं और आसपास क्षेत्र में पर्यटन स्थल विकसित करने के लिए भी अनेक स्थान है। विस्थापित परिवार इन क्षेत्रों से भी रोजगार उपलब्ध कर सकते हैं। सचिव श्यामल मार्डी ने कहा कि चांडिल डैम में विस्थापित सदस्य रोजगार के लिए जो भी योजना शुरू करना चाहते हैं वे समिति को आवेदन दें। समिति सभी प्रकार से सहयोग करने के लिए तैयार है। आम सभा में समिति का पुनर्गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष नारायण गोप, सचिव श्यामल मार्डी, कोषाध्यक्ष किरण हेंब्रम तथा पुष्पा गोप, सीमा हांसदा, पनसरी माझी, गोम्हा हांसदा, सुनीता हेंब्रम, कार्तिक महतो, पंचानन महतो व देवेन महतो को कार्यकारिणी सदस्य चयन किया गया। समिति के कार्य की देख रेख के लिए निगरानी समिति का गठन किया गया। जिसमें रसूनिया पंचायत के मुखिया मंगल माझी, चांडिल पंचायत के मुखिया मनोहर सरदार, वासुदेव आदित्यदेब, आकलू धीवर, उपेन महतो, बासु घुनिया, सनातन मार्डी व ईश्वर गोप को शामिल किया गया।

### प्रभात कुमार महतो पुन बने सचिव

**चांडिल :** झारखंड लोक कलाकार संघ का संघ कार्यालय चापू टोली रांची में संघ की उपाध्यक्ष अनीता उरांव की अध्यक्षता में आम सभा के माध्यम से संघ का पुनर्गठन किया गया। जिसमें गीत एवं नाटक प्रभाग सूचना और प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार तथा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग झारखंड सरकार से पंजीकृत गुमला, रांची, लोहरदगा, सिमडेगा, लातेहार, धनबाद, सरायकेला खरसवा, चाईबासा, खूंटी आदि जिला के कुल 58 सांस्कृतिक कला दलों के दल नेता शामिल हुए। सर्वप्रथम पिछले तीन साल में किए गए कार्यों की समीक्षा और उपलब्धि को सभी सदस्यों के बीच चर्चा किया गया। फिर सर्वसम्मति से चंद्रदेव सिंह को अध्यक्ष अनीता उरांव को उपाध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय छौ नृत्य कलाकार प्रभात कुमार महतो को संघ का सचिव लक्ष्मीनाथ महतो को कोषाध्यक्ष कार्यकारिणी समिति में लोहरदगा से लोकनाथ लोहरा खूंटी से लखन गुड़िया रांची से जगरनाथ महतो, शहाबुद्दीन अंसारी, मेघनाथ महतो, मनोज महतो, फुलमनी कुजूर का चयन किया गया। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह प्रेस क्लब रांची में किया जाएगा जिसकी सूचना सार्वजनिक रूप से दी जाएगी।

### खुटरी में पुल और स्नान घाट बनेगा

**तुपकाडीह:** जरीडीह प्रखंड खुटरी पंचायत के भुटकुरु गांव स्थित जोरिया का जर्जर पुल और सिह तालाब में पर्दे में नहाने के लिए स्नान घाट का निर्माण कार्य करने के लिए गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने उपायुक्त को अनुसंशा पत्र लिखकर भेजा है। आजसू किसान मोर्चा प्रकोष्ठ के नेता बजरंगी सिंह, जरीडीह मीडिया प्रभारी बासुदेव महतो, सांसद प्रतिनिधि दशरथ साव ने गांव के लोगो को बताया कि जर्जर पुल और घाट का काम जल्द शुरू होगा। जर्जर पुल होने के कारण स्कूल तथा अस्पताल की एंबुलेंस गाड़ी गांव में जाने मे संकोच करते है। वही बालीडीह औद्योगिक क्षेत्र में काम आदि करने के लिए जाने वाले लोगों को कठिनाई होती है। यह जानकारी सांसद को देने के बाद काम होने की गारंटी उन्होंने दी है।

### मारपीट और छिनतई का आरोप, थाना में आवेदन

**मरकच्चो:** नवलशाही थाना क्षेत्र के पुरनानगर अंतर्गत मंझलानगर निवासी मुख़्तार खान ने पांच लोगों पर गाली गलौज मारपीट व छिनतई का आरोप लगाते हुए थाना मे आवेदन दिया है। जिसमे उन्होंने गांव के ही सदिक खान, मुनाव्वर खान, मुसरफ खान, सलमा खातून व मनीषा खातून को आरोपी बनाया है। दिए आवेदन मे उसने बताया है कि उन्होंने अपने खेत से गेंहू की फसल काटकर रखा था जिसे कुछ मवेशी खाने लगा जब मवेशियों कों भगाने लगे तो मवेशी के मालिक सादिक खान आ गया। जब उसे इस बारे मे बताया तो वह और परिजन आकर गाली गलौज करने लगे। उक्त लोगों ने उसपर टांगी से हमला कर घायल कर दिया तथा उसके पैकेट से 3500 रुपए भी निकाल लिए।

### छिनतई के प्रयास का मुख्य आरोपी गिरफतार

**दुमका:** पेट्रॉल पंप पर स्कार्पियों में डीजल भरा पैसा नहीं देने, कर्मी को जान से मारने की धमकी और कर्मी के पैसे भरा बैग छीनने के प्रयास में फरार आरोपी को एसकेमयू दिग्घी ओपी थाना पुलिस एक को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दी। गिरफ्तार आरोपी नगर थाना क्षेत्र के नेशनल स्कूल के पीछे बाउरीपाड़ा निवासी विक्रम यादव है। दिग्घी पुलिस फरार आरोपी को थाना प्रभारी आकृष्ट अमन के नेतृत्व में नाटकीय ढ़ंग से कचहरी परिसर के बाहर बंदोवस्त कार्यालय के समीप से धर दबोचने में सफल रही। मामले में थाना प्रभारी आकृष्ट अमन ने बताया कि मामला बीते 10 जनवरी 2022 का है। मामला नगर थाना क्षेत्र के कुम्हारपाड़ा निवासी सन्नी कुमार के लिखित आवेदन पर पुलिस मुफस्सिल कांड संख्या 9/22 के तहत 386,420,379, 511, 506/34 भादवी की धारा में मामला दर्ज आरोपियों की तलाश में जुट गई थी। आरोपियों पर आरोप था कि घटना के दिन पेट्रॉल पंप पर जेएच 15 एए 9384 नंबर की स्कार्पियों में डीजल डलवा पैसा नहीं दिया और पेट्रॉल पंप कर्मी बीरबल सोरेन से पैसे भरा बैग और मोबाईल छीनने का प्रयास किया।

## बीएसएल के निदेशक प्रभारी ने किया इस्पातकर्मियों का उत्साहवर्धन



राष्ट्रीय खबर

**बोकारो:** वित्तीय वर्ष 2022-23 में बोकारो स्टील प्लांट द्वारा अपनी स्थापना काल से अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से सभी विभागों ने अपनी-अपनी भूमिका निभाई है।

बीएसएल के निदेशक प्रभारी अमरेन्दु प्रकाश ने अपने वरिष्ठ सहयोगियों के साथ सामग्री प्रबंधन, वित्त एवं लेखा, परियोजनाएं, कार्मिक एवं प्रशासन, नगर प्रशासन, मानव संसाधन विकास इत्यादि विभागों का दौरा कर कर्मियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। निदेशक प्रभारी ने कर्मियों को नए वित्त वर्ष में प्रदर्शन में उत्कृष्टता के इस क्रम को जारी रखने के साथ ही सेफ़्टी एवं गुणवता पर विशेषतौर पर फोकस करने का आह्वान किया. उन्होंने इस दौरान अधिकारियों एवं कर्मियों से उनके विभाग से संबंधित जानकारी भी ली। उल्लेखनीय है कि बीएसएल की इस उपलब्धि पर 1 अप्रैल को निदेशक प्रभारी ने संयंत्र के विभिन्न विभागों का दौरा कर अधिकारियों, कर्मियों एवं संविदा कर्मियों समेत पूरे टीम बीएसएल को बधाई दी थी।

## कार्यकर्ता सक्रियता और एकाग्रता से मंजिल हासिल करें : उमाकांत



राष्ट्रीय खबर

**चास:** आजसू पार्टी के कार्यकर्ता सक्रियता और एकाग्रता से मंजिल हासिल करने की जिद और जनून पैदा करें। बौद्धिक स्तर पर पार्टी की पृष्ठभूमि का दायरा बढ़ाकर राजनीतिक हालात बदलना ही हमारा मकसद है। महाधिवेशन से पहले पार्टी एक लाख सक्रिय और पदेन कार्यकताओं की कतार खड़ी कर लेगी। यह कतार नेतृत्व संभालेगी और समाज के अंतिम पायदान को जागाऐगी। उक्त बातें पूर्व मंत्री उमाकांत रजक ने आवासीय कार्यालय, बोकारो में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही। उन्होने कहा कि झारखंड में झूठ और लूट की बुनियाद पर टिकी है सरकार। इसने झूठे वादे और सपने दिखाकर जनादेश तो ले लिया, लेकिन सत्ता मिलते ही झारखंड के साथ विश्वासघात कर दिया। आलम तो ये है कि तीन वर्षो के कार्यकाल में ये अपने वादो, अपने मेनिफेस्टो के अनुसार एक कदम भी नही चलें। युवा, महिलाएं, अनुबंधकर्मी अपना हक मांगने के लिए सड़को पर उतरते है, तो सरकार उन पर लाठियां बरसाती है। पार्टी को आने वाले समय में राजनीतिक एवं सामाजिक परिउदेश्य बदलने का संकल्प लेकर बढ़ते रहना है। पार्टी ने अपने कार्यक्रमों की घोषणा कर दी है। 5 अप्रैल को पूरे राज्य में रघुनाथ महतो शहादत दिवस समारोह का आयोजन, 11 अप्रैल को सिद्धो-कान्हू जयंती का आयोजन, 13 अप्रैल को सभी जिलों में नियोजन नीति, जातीय जनगणना, आरक्षण और नौकरी के सवाल को लेकर जिला स्तरीय सामाजिक न्याय मार्च, 14 अप्रैल को बाबा अंबेडकर जयंती का आयोजन सभी विधानसभा क्षेत्रों में, 23 अप्रैल को राज्यस्तरीय सामाजिक न्याय मार्च रांची में, 25 अप्रैल को शहीद गंगा नारायण सिंह की जयंती समारोह का आयोजन, 27 अप्रैल को अनुसूचित जनजाति महासभा का राज्यस्तरीय सम्मेलन भोगनाडीह साहेबगंज में, 30 अप्रैल को अनुसूचित जाति महासभा का राज्यस्तरीय सम्मेलन चतरा में और 6, 7 एवं 8 अक्टूबर को केंद्रीय महाधिवेशन रांची में होगा।

## गायत्री शक्तिपीठ के कार्यक्रम के दूसरे दिन हुए विविध आयोजन

राष्ट्रीय खबर



**झुमरीतिलैया:** 108 कुंडीय नव चेतना जागरण गायत्री महायज्ञ के दूसरे दिन शांतिकुंज हरिद्वार से आई ब्रम्हवादिनी बहनों की टोली नायक बहन संध्या तिवारी, अरुंधति साहू, दिव्या साहू, हेमा अमृते, रश्मि मरकाम, ललिता गढ़वाल ने सनातन धर्म के तत्वदर्शी सप्तर्षि गौतम,याज्ञवल्क्य, वशिष्ठ, विश्वामित्र, भारद्वाज, अत्री, कश्यप का वैदिक मंत्रों द्वारा आवाहन एवं पूजन किया। तत्पश्चात 33 कोटि देवताओं का यज्ञ की सर्वतो भद्रमंडल पर 108 दंपति जोड़ों के द्वारा सर्वप्रथम षोडशोपचार पूजन लौकिक एवं वैदिक मंत्र के द्वारा संपन्न किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि गिरिडीह जिला जज नीरजा आसरी थीं। दम्पति जोड़ों के द्वारा मुख्य बेदी पर पूजन एवं यज्ञ कुंड में मुख्य रूप से 532 दंपति जोड़ों के साथ गायत्री मंत्र महामृत्युंजय मंत्र, सूर्य गायत्री मंत्र, सरस्वती, लक्ष्मी, दुर्गा, हनुमान गायत्री मंत्र के द्वारा धर्म की जय हो अधर्म का नाश हो प्राणियों में सद्भावना हो, विश्व का कल्याण हो के पवित्र भाव से तीन पारियों में श्रद्धालु भाई बहनों ने भारतीय वेशभूषा का ध्यान रखते हुए महिलाएं साड़ी में एवं पुरुष भाई धोती अंग वस्त्र में यज्ञ में अपनी-अपनी आहुतियां समर्पित किया। मुख्य अतिथि गिरिडीह जिला जज नीरजा आसरी ने कहा कि यज्ञ इस ब्रह्मांड का केंद्रक है जिसके माध्यम से ब्रह्मांडीय ऊर्जा को मनुष्य अपने अंदर धारण करके अपने दुगुर्णों को हवन की समिधा की तरह जलाकर, अपने अंदर के प्रकाश रूपी सद्गुण को प्रज्ज्वलित कर सकता है। यही कारण है हमारे आर्यावर्त में 33 करोड़ वाली जनसंख्या में प्रत्येक व्यक्ति प्राचीन काल में यज्ञीय जीवन जीकर विश्व मानवता के सामने शांति सुख और संतोष का विज्ञान प्रस्तुत किया था।

## श्री हनुमान संकीर्तन मंडल का 42वां वार्षिक उत्सव



▸▸ **श्री हनुमान जन्मोत्सव को ले शोभा यात्रा व सुंदरकांड के साथ दो दिवसीय कार्यक्रम आज से**

राष्ट्रीय खबर

**झुमरीतिलैया:** नगर की धार्मिक संगठन श्री हनुमान संकीर्तन मंडल का दो दिवसीय श्री हनुमान जन्मोत्सव मंडल का 42वां वार्षिक उत्सव 5 और 6 अप्रैल को मनाने की तैयारी पूर्ण कर ली गई है।

अड्डी बंगला रोड स्थित मैसर्स केदारनाथ रामगोपाल की फैक्ट्री में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 8 बजे स्टेशन रोड स्थित हनुमान मंदिर से पूजा अर्चना के बाद शोभा यात्रा निकाली जाएगी। एक सुसज्जित वाहन में बाबा का दरबार सजाया जाएगा। नगर के विभिन्न मार्गो से होकर कार्यक्रम स्थल तक शोभा यात्रा संपन्न होगी।

मंडल के सचिव विजय सिंह ने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर सुबह 9:30 बजे पूजा अर्चना होगी। 11 से सस्वर सुंदरकांड का पाठ नवीन पांण्डया के द्वारा कराया जाएगा। इसमें नगर के विभिन्न धार्मिक संगठन विद्यालय सामाजिक संगठन महिला एवं पुरुष पाठ में भाग लेंगे।

## भगवान महावीर की पालकी के साथ निकाली शोभायात्रा

राष्ट्रीय खबर



**बेरमो :** बेरमो कोयलांचल के जरीडीह बाजार में जैन समुदाय द्वारा मंगलवार को भगवान महावीर जयंती धूमधाम से मनाई गई। समाज के लोगों ने जैन मंदिर में भगवान महावीर की प्रतिमा पर दुग्धाभिषेक किया। भगवान महावीर की प्रतिमा को चांदी की पालकी में सजाकर पूरे जरीडीह बाजार में शोभायात्रा निकाली गई। चार चवन्नी चांदी की जय बोलो महावीर स्वामी की, एक,दो,तीन,चार जैन धर्म का जय जय कार के नारे लगाते हुए चार जैन धमार्लंबी पालकी को अपने कंधों पर लिए चल रहे थे ।पीछे से महिलाएं भजन कीर्तन करते हुए चल रही थी। पूरे बाजार का भ्रमण के बाद शोभा यात्रा वापस जैन मंदिर पहुंचा।शोभा यात्रा में जैन समाज के अलावा अन्य समाज के भी कुछ लोग शामिल थे। इस अवसर पर जैन मंदिर में भजन कीर्तन और प्रवचन का कार्यक्रम चलता रहा।

इस अवसर पर गिरीश भाई कोठारी ने कहा की महावीर जयंती एक आध्यात्मिक अवसर है। भगवान महावीर ने अहिंसा का पाठ सिखाया। कोठारी ने कहा भगवान महावीर ने पूरे जीवन सत्य और अहिंसा पर बल दिया था, जैन धर्म उन्हीं के आदर्शों का अनुसरण करते हुए पूरे विश्व को अहिंसा का संदेश देने का काम कर रहा है ,जो कि अनुकरणीय है। आज आतंकवाद, हत्या और अपराध का ग्राफ बढ़ा है ऐसे में पूरे विश्व को भगवान महावीर के आदर्शों से प्रेरणा लेने की जरूरत है भगवान महावीर ने संसार को जियो और जीने दो का संदेश दिया। संजय वोरा ने कहा की महावीर जयंती के दिन आमतौर पर पूजा और ध्यान का स्थान मंदिर होता है। भक्तों ने जैन मंदिर की यात्रा भी करते हैं कई जैन गुरुओं को मंदिर और घरों में महावीर की शिक्षाओं के बारे में प्रचार करने के लिए आमंत्रित भी किया जाता है।

## ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में अभिभावक शिक्षक का बैठक

राष्ट्रीय खबर



**झुमरीतिलैया:** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बीएड सत्र 2021- 23 प्रशिक्षुओं के अभिभावक सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ बीसी स्वेन के स्वागत भाषण से हुआ। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ बीसी स्वेन ने कहा कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महाविद्यालय निरन्तर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय के विकास में अभिभावकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका हैं। कार्यक्रम समन्वयक सौरभ शर्मा ने पीपीटी के माध्यम से महाविद्यालय के उपलब्धियों तथा गतिविधियों से सभी को अवगत कराया। इसके बाद अभिभावकों ने अपने बच्चों के विकास गतिविधि के बारे में जाना एवं अपने सुझावों को भी प्रस्तुत किए। इस अभिभावक शिक्षक एसोसिएशन बैठक में छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न मुद्दों पर चचाएं की गई।

संपादकीय

# राहुल के सूरत जाने के मायने

कांग्रेस नेता राहुल गांधी तो सूरत के सेशंस कोर्ट ने जमानत देते हुए उनकी सजा पर फिलहाल रोक लगा दी है। कागजी तौर पर देखने से इसका कोई खास फर्क नजर नहीं आता है क्योंकि निचली अदालत ने दो साल की सजा सुनाने के बाद ही एक महीने की जमानत के साथ साथ उस अवधि तक सजा पर रोक लगा दी थी। लेकिन इस कानूनी प्रक्रिया के पीछे की राजनीतिक चाल को समझने की जरूरत है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मानहानि के एक मामले में अपनी सजा के खिलाफ सोमवार को सूरत की एक अदालत का दरवाजा खटखटाया और कहा कि संसद के सदस्य के रूप में उनकी स्थिति को ध्यान में रखते हुए सजा के निर्धारण के चरण में उनके साथ कठोर व्यवहार किया गया और अधिकतम सजा के कारण उन्हें अत्यधिक क्षति हुई है। अपनी दो साल की सजा के खिलाफ सूरत जिला और सत्र अदालत के समक्ष अपनी अपील में, गांधी ने यह भी कहा कि यह तर्क देना उचित लगता है कि



उन्हें दी गई अधिकतम सजा अयोग्यता के आदेश को आकर्षित करने के लिए (एक सांसद के रूप में) थी। अपील में कहा गया है कि अत्यधिक सजा न केवल इस विषय पर कानून के विपरीत है, बल्कि वर्तमान मामले में अनुचित भी है, जो राजनीतिक प्रभाव को दर्शाता है। दोषसिद्धि को त्रुटिपूर्ण करार देते हुए, अपील में कहा गया है कि जिस सामग्री पर यह आधारित है वह कानून के अनुसार साबित नहीं हुई है। गांधी की अपील का तर्क है कि एक निर्वाचित प्रतिनिधि की अयोग्यता स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव में मतदाताओं की पसंद के साथ अनिवार्य रूप से हस्तक्षेप करती है और यह उपचुनाव राज्य के खजाने पर भारी बोझ पैदा करेगा। अपनी अपील में, सजा और जमानत के निलंबन की मांग करते हुए, गांधी ने कहा कि दो साल के साधारण कारावास की सजा इस तथ्य के मद्देनजर बहुत कठोर है कि निचली अदालत ने क्यों सारे चोरों का सरनेम मोदी है। अपील के लिए बताए गए आधारों में, उनके आवेदन में कहा गया है कि शिकायतकर्ता/प्रतिवादी पूर्णेश मोदी अपराध से पीड़ित व्यक्ति नहीं हैं और उन्हें शिकायत दर्ज करने का कोई अधिकार नहीं है और यह कि सीआरपीसी की धारा 202 के तहत अनिवार्य जांच पहले की जानी है। अभियुक्तों को समन जारी किया जाता है अदालत के अधिकार क्षेत्र के बाहर आयोजित नहीं किया जाता है। लेकिन राजनीतिक तौर पर देखें तो यह दरअसल गुजरात में मोदी को मोदी मॉडल को चुनौती देने की चाल है। राहुल गांधी इतनी जल्दी इस मुद्दे को खत्म होने देना नहीं चाहते हैं। जिस गुजरात के भरोसे नरेंद्र मोदी ने खुद को राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया है, उसी छवि को इस एक सेशंस कोर्ट में चुनौती से नकारा गया है। दरअसल राहुल गांधी शायद इसी माध्यम से यह भी साबित करना चाह रहे हैं कि गुजरात के मोदी मॉडल की असलियत क्या है और वह इसके जरिए ही गुजरात कांग्रेस को भी पुनर्जीवित करने की चाल चल चुके हैं। इतना तो साफ हो चुका है कि राहुल गांधी के अडाणी और मोदी के संबंध में लोकसभा में पूछे गये सवालों ने भाजपा को बेचैन कर रखा है। तमाम भाजपा नेता सारे मुद्दों पर बोलने के बाद भी इन सीधे सवालों का सीधा उत्तर नहीं दे पाये हैं। सूरत की अदालत में आये फैसले पर ओबीसी का अपमान करने से भाजपा नेताओं को परहेज नहीं है लेकिन अडाणी और मोदी के संबंधों पर वे बोलने से भाग रहे हैं। दरअसल इसके जरिए शायद राहुल गांधी गुजरात की जनता को भी वह संदेश देना चाहते हैं, जिस पर पहले कभी चर्चा नहीं हुई थी। तेजी से करवट लेती भारतीय राजनीति में यह एक ऐसा मोड़ है, जिसने अपने आप ही विपक्ष को एक स्वर में इसका विरोध करने को प्रेरित कर दिया है। राजनीति में नेताओं की बॉडी लैंग्वेज का भी मायने होता है और भाजपा के दोनों बड़े नेता यानी मोदी और अमित शाह का बॉडी लैंग्वेज यह दर्शाता है कि इस एक घटना ने उन्हें अंदर से हिला दिया है। सरकारी कार्यक्रमों में भी राजनीतिक विरोधियों की आलोचना बार बार करना इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के पहले ही मोर्चाबंदी में यह नया मोड़ है, जिसके बारे में पहले कल्पना नहीं की गयी थी। वैसे इस पर सवाल उठ सकता है कि राहुल गांधी के विधि विशेषज्ञों ने सूरत की अदालत में ही इस फैसले को चुनौती देना क्यों स्वीकार किया जबकि वे सीधे हाई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट भी जा सकते थे। इस विषय पर यह गौर करना होगा कि इन ऊपरी अदालतों का दरवाजा अपने लिए खुला रखने के पहले पूरे देश को यह दशार्या जा रहा है कि दरअसल मोदी मॉडल के गुजरात में न्याय व्यवस्था की क्या हालत हो गयी है। कुल मिलाकर यह अब एक न्यायिक विषय होने के बाद भी चुनावी राजनीति से जुड़ा हुआ प्रासंगिक विषय बन गया है।

# अंतरिक्ष में इसरो के बढ़ते कदम

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) अंतरिक्ष की दुनिया में निरन्तर नए-नए इतिहास रच रहा है। पिछले कुछ वर्षों में इसरो के वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष में कई बड़े मुकाम हासिल किए हैं और अब इसरो ने पिछले दिनों कुल 5805 किलोग्राम वजनी 36 उपग्रह एक साथ लांच कर एक बार फिर नया इतिहास रच दिया। इसरो के बाहुबली कहे जाने वाले सबसे भारी भरकम प्रक्षेपण यान ह्यएलएमवी3ह्ल (लांच व्हीकल मार्क-3) ने ब्रिटिश कम्पनी के इन उपग्रहों को लेकर आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से उड़ान भरी और इन उपग्रहों को लो अर्थ ऑर्बिट (एलईओ) पर लांच कर दिया। इसरो द्वारा इस रॉकेट मिशन कोड का नाम एलएमवी3-एम3/वनवेब इंडिया-2 मिशन रखा गया था। रॉकेट लांच होने के 19 मिनट बाद ही उपग्रहों के अलग होने की प्रक्रिया शुरू हो गई थी और सभी 36 उपग्रह अलग-अलग चरणों में पृथक हो गए। लो अर्थ ऑर्बिट पृथ्वी की सबसे निचली कक्षा होती है और ब्रिटेन (यूके) स्थित नेटवर्क एक्सेस एसोसिएटेड लिमिटेड (वनवेब) के 36 उपग्रहों को



**योगेश कुमार गोयल**
**पत्रकार**

अंतरिक्ष में स्थापित करने के बाद अब पृथ्वी की निचली कक्षा में उपग्रहों के समूह की पहली पीढ़ी पूरी हो गई है। इस सफल अभियान से दुनिया के प्रत्येक हिस्से में स्पेस आधार ब्रॉडबैंड इंटरनेट योजना में मदद मिलेगी। इस वर्ष फरवरी माह में एसएसएलवी-डी2/ईओएस07 मिशन के सफल लांच के बाद इसरो का यह दूसरा सफल लांच था। इसरो का 43.5 मीटर लंबा और 643 टन वजनी भारतीय रॉकेट एलएमवी3 अब तक चंद्रयान-2 मिशन सहित पांच सफल उड़ानें पूरी कर चुका है और 26 मार्च को इसकी छठी सफल उड़ान थी। एलएमवी3 को पहले जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लांच व्हीकल एमके3 (जीएसएलवी एमके3) के नाम से जाना जाता था।

ब्रिटिश स्टार्टअप कम्पनी वनवेब में भारती एंटरप्राइजेज (एयरटेल) भी शेयर होल्डर है और वनवेब के 36 उपग्रहों की यह अंतिम किस्त थी। वनवेब के पास अभी तक अंतरिक्ष की कक्षा में 582 उपग्रह थे और अब इसरो का यह मिशन सफल होने के बाद भारत के भारती एंटरप्राइजेज और यूके सरकार की ओर से समर्थित ब्रिटेन की कम्पनी वनवेब के पास अंतरिक्ष में परिक्रमा करने वाले 618 उपग्रह हो गए हैं। वनवेब जेन-1 सैटेलाइट 150 किलोग्राम वर्ग के हैं। 26 मार्च को इसरो द्वारा लांच किए गए 36 उपग्रह वनवेब के लिए 18वां लांच था।

वनवेब के मुताबिक इन उपग्रहों के जरिये वनवेब भारत सहित वैश्विक कवरेज देने में महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। वनवेब के उपग्रह प्रक्षेपणों के जरिये भारत के विभिन्न उपक्रमों के अलावा स्कूलों, गांवों, नगर निगमों, कस्बों सहित उन क्षेत्रों में भी सुरक्षित सम्पर्क की सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी, जहां फिलहाल पहुंच बनाना मुश्किल है। तारामंडल में 648 अलग-अलग उपग्रह शामिल हैं, जिनमें से 588 सक्रिय उपग्रह 12 विमानों में समान रूप से अलग होकर पृथ्वी की सतह से करीब 1200 किलोमीटर की ऊंचाई पर संचालित होते हैं। अंतर-विमान टकराव को रोकने के लिए प्रत्येक विमान को ऊंचाई में 4 किलोमीटर से अलग किया जाता है। पेलोड एक बेंट-पाइप सिस्टम है, जो कू और के बैंड में काम करता है। फॉरवर्ड लिंक गेटवे से के-बैंड सिग्नल को उपग्रह के एंटीना के माध्यम से प्राप्त करता है। इसरो के मुताबिक वापसी लिंक उपग्रह के एंटीना के माध्यम से उपयोगकर्ता टर्मिनलों (यूटी) से केयू-बैंड सिग्नल प्राप्त करता है।

वनवेब का इसरो की वाणिज्यिक शाखा 'न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड' (एनएसआईएल) के साथ कुल 72 उपग्रह लांच करने का एक हजार करोड़ रुपये से भी अधिक की लांच फीस का करार हुआ था, जिसमें से एक पिछले साल पूरा हो हो गया था, जब एलएमवी3 रॉकेट से ही इसरो ने 23 अक्तूबर 2022 को वनवेब के 36 उपग्रह लांच किए थे। अब फिर से इसी भारी भरकम रॉकेट से दूसरी बार इसी निजी कम्पनी के 36 उपग्रह सफलतापूर्वक लांच किए गए हैं और इस प्रकार एलएमवी3 की सफलता दर सौ फीसदी है। एलएमवी3 तीन चरणों वाला रॉकेट है, जिसमें पहले चरण में तरल ईंधन, ठोस ईंधन द्वारा संचालित दो स्ट्रैप-ऑन मोटर, तरल ईंधन द्वारा संचालित दूसरा और क्रायोजेनिक इंजन होता है। इसरो के इस भारी भरकम रॉकेट की क्षमता एलईओ तक 10 टन और जियो ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) तक चार टन वजन ले जाने की है। इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ के मुताबिक एलएमवी3 रॉकेट में गगनयान मिशन के लिए जरूरी लांचरों की ही भांति एस200 मोटर्स लगाए गए थे। एलवीएम3-एम3 रॉकेट में एस200 मोटर्स भी हैं, जिन्हें बढ़े हुए मार्जिन और विशेषताओं के साथ डिजाइन किया गया है और यह गगनयान कॉन्फिगरेशन के अनुकूल हैं। इसरो प्रमुख के अनुसार इस रॉकेट में और भी कई सुधार किए गए हैं, जिनका उद्देश्य इसे अन्य चरणों और प्रणालियों में भी मानव-रेटेड बनाना है।

वनवेब के लिए इसरो के इस सफल मिशन के बाद वर्ष 1999 से लेकर अब तक अंतरिक्ष में भारत की ओर से लांच किए गए विदेशी उपग्रहों की कुल संख्या 422 हो गई है। इसरो के भविष्य के मिशनों के बारे में इसरो प्रमुख का कहना है कि इसरो के वैज्ञानिक अप्रैल में एक ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान के व्यावसायिक प्रक्षेपण की तैयारी कर रहे हैं और जल्द ही अगले लांच अभियान के लिए तैयार हो रहे हैं। इसरो की अगले साल जून में चंद्रयान-3 मिशन को चंद्रमा पर लांच करने की योजना को भी मूर्त रूप दिया जा रहा है, जिसके तहत गगनयान मिशन में तीन सदस्यों के एक दल को तीनदिवसीय मिशन के लिए 400 किलोमीटर की कक्षा में भेजा जाएगा। यही कारण है कि वैश्विक स्तर पर अंतरिक्ष में प्रयोग करने के मामले में कई देशों और अतंरिक्ष कम्पनियों का भरोसा अब इसरो की वाणिज्यिक शाखा पर बढ़ रहा है।

बहरहाल, अंतरिक्ष की दुनिया में इसरो जिस प्रकार लगातार सफलता का परचम लहरा रहा है, उससे अंतरिक्ष विज्ञान की दुनिया में विश्वभर में भारत का दबदबा और मान निरन्तर बढ़ रहा है। इसरो के ऐसे सफल मिशनों की बदौलत भविष्य में इसरो को आर्थिक लाभ तो होगा ही, अंतरिक्ष विज्ञान की दुनिया में पूरी दुनिया भारतीय वैज्ञानिकों का दम भी देखेगी और इससे दुनिया के छोटे देश भी अपने अभियानों के लिए भारत की ओर आकर्षित होंगे, जो निश्चित रूप से भारत की अर्थव्यवस्था के लिए शुभ संकेत है। इसरो ने वनवेब के 36 उपग्रहों के साथ एलवीएम-3 की नवीनतम उड़ान से जरिये अब जो उपलब्धि हासिल की है, उससे भी अंतरिक्षीय प्रयोगों के मामले में दुनिया की नजर में भारत की अहमियत एक बार फिर से स्थापित हुई है। एक तरफ जहां अमेरिका सहित कई देशों के अंतरिक्ष मिशनों को झटके लगते रहे हैं और उनका अंतरिक्ष कार्यक्रम पिछड़ रहा है, वहीं इसरो लगातार सफलता के मार्ग पर अग्रसर है। यही कारण है कि अपने उपग्रहों के अतंरिक्ष में प्रक्षेपण के लिए दुनिया अब बड़ी उम्मीदों से इसरो का रूख कर रही है।

नजरिया

# घोर दुर्दशा का शिकार ग्रामीण भारत

भारत के विकसित व समृद्ध राज्यों से गुजरने वाले चमचमाते राजमार्ग,उन पर बने व बन रहे फ़्लाई ओवर आदि को यदि देखें तो लगेगा देश वास्तव में बहुत तरक़्क़ी कर रहा है। इन मार्गों पर बने एक से बढ़कर एक सुविधा व खान पान केंद्र भी निश्चित रूप से विकास का एहसास कराते हैं। जाहिर है प्रायः इन्हीं मार्गों से होकर हमारे राजनेता व विदेशी पर्यटक यहाँ तक कि निवेशकों व कॉरपोरेट्स का भी गुजरना होता है जो इस 'चमचमाते भारत' को देखकर बहुत प्रभावित होते होंगे। सत्ता के लोग तो इस 'विकास ' को देखकर अपनी ही पीठ थपथपाने से बाज नहीं आते। इसी तरह ऐसे ही राज्यों के शहरी इलाकों में उस स्वच्छता अभियान का भी खूब ढिंढोरा पीटा जाता है जिसपर सरकार अब तक लाखों करोड़ रुपए खर्च कर चुकी है। घर घर जाकर कूड़ा उठाने के ठेके स्थानीय नगर



**निर्मल रानी**
**स्तंभकार**

**ग्रामीण भारत नववर्ष की पार्टियां नहीं मनाता,वेलेंटाइन डे नहीं मनाता,पब और बार से दूर है,यहां तक कि वृद्धाश्रम तक ग्रामीण भारत की नहीं बल्कि उसी 'चमचमाते शहरी भारत' की शान बढ़ाते हैं।**

पालिकाओं,नगर निगमों व महापालिकाओं द्वारा दिये गये हैं। कई जगह तो लाउडस्पीकर पर स्वच्छता अभियान संबंधी गीत कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों पर बजते भी सुने गये हैं। प्रायः यह स्थिति महानगरों या शहरी इलाके की ही है। जबकि हमारे देश में लगभग हर खास-ो-आम यहां तक कि नेता व शासक वर्ग भी इस बात की दुहाई देता भी दिखाई देगा कि असली भारत तो हमारे देश के गांव में बसता है। यानी 'ग्रामीण भारत' को ही असली भारत कहा जाता है। और यह सच भी है कि न केवल देश की बहुसंख्य आबादी देश के गांव व कस्बों में बसती है बल्कि 'ग्रामीण भारत' ही सभी धर्मों व समुदायों से जुड़े रीति रिवाज,परम्पराओं,साहित्य,संस्कृति व लोकसंस्कृति,भाषा,वेश भूषा आदि तमाम बातों का संरक्षण भी करता आ रहा है। ग्रामीण भारत नववर्ष की पार्टियां नहीं मनाता,वेलेंटाइन डे नहीं मनाता,पब और बार से दूर है,यहां तक कि वृद्धाश्रम तक ग्रामीण भारत की नहीं बल्कि उसी 'चमचमाते शहरी भारत' की शान बढ़ाते हैं। सवाल यह कि 'भारतीयता' की रक्षा करने वाला ग्रामीण भारत जो कि अब तक शिक्षा व स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं में तो पिछड़ा था ही उसी 'वास्तविक भारत' की सड़कों वहां की सफाई व्यवस्था,नाली व नालों खास कर वहाँ के कूड़ा निस्तारण के लिये भी सरकार क्या उतनी ही सक्रिय है जितनी वह देश के विकसित व समृद्ध राज्यों के चुनिंदा शहरी क्षेत्रों में दिखाई देती है ? देश व राज्य की सरकारें बनाने हेतु अग्रणी भूमिका निभाते हुये तेज धूप,सर्दी या बारिश की परवाह किये बिना मतदान की लंबी कतारों में खड़ा होने वाला बहुसंख्य ग्रामीण भारत वासी क्या शहरों जैसी सुविधाओं का अधिकारी नहीं ? क्या कभी किसी भी सरकार ने यह सोचने की कोशिश की कि आखिर ग्रामीण भारत के लोग ही अक्सर ,इंसेफेलाइटिस,जापानी बुखार,काला अजार,एस्कारियासिस, अंकुश कृमि, ट्राइकोराइसिस, डेंगू बुखार, लसीका,फाइलेरियासिस, रोहे, सिस्टसरकोसिस, कुष्ठरोग, इचिंचोकोसिस, और रेबीज तथा गंदिगी व प्रदूषण के चलते होने वाली अनेक बीमारियों के शिकार क्यों होते हैं। खुले में शौच मुक्त भारत बनाने का ढिंढोरा पीटने वाली सरकार के नुमाइंदों ने कभी ग्रामीण भारत की तरफ भी झाँक कर देखने की कोशिश की कि हजारों करोड़ रुपए पानी में बहाने के बावजूद भारत के गांव 'खुले में शौच मुक्त' हुये या नहीं। बिहार जैसे कई राज्यों में 'घर घर नल का जल' योजना शुरू की गयी है। वह भी एक तमाशा के सिवा और कुछ नहीं।

# बुद्धिमान साधु

एक साधु घने जंगल से होकर जा रहा था। उसे अचानक सामने से बाघ आता हुआ दिखाई दिया। साधु ने सोचा कि अब तो उसके प्राण नहीं बचेंगे। यह बाघ निश्चय ही उसे खा जाएगा। साधु भय के मारे काँपने लगा। फिर उसने सोचा कि मरना तो है ही, क्यों न बचने का कुछ उपाय करके देखें।

साधु ने बाघ के पास आते ही ताली बजा-बजाकर नाचना शुरू कर दिया। बाघ को यह देख कर बहुत आश्चर्य हुआ। वह बोला- ह्वओ रे मूर्ख! क्यों नाच रहे हो? क्या तुम्हें नहीं पता कि मैं तुम्हें कुछ ही देर में खा डालूंगा।ह्व

साधु ने कहा- ह्वहे बाघ, मैं प्रतिदिन बाघ का भोजन करता हूं। मेरी झोली में एक बाघ तो पहले से ही है किंतु वह मेरे लिए



अपर्याप्त है। मुझे एक और बाघ चाहिए था। मैं उसी की खोज में जंगल में आया था। तुम अपने आप मेरे पास आ गए हो, इसीलिए मुझे खुशी हो रही है।ह्व

साधु की बात सुन कर बाघ मन-ही-मन कुछ डरा। फिर भी उसे विश्वास नहीं हुआ। उसने साधु से कहा- ह्वतुम अपनी झोली वाला बाघ मुझे दिखाओ। यदि नहीं दिखा सके तो मैं तुम्हें मार डालूँगा।ह्व

साधु ने उत्तर दिया- ह्वठीक है, अभी दिखाता हूँ। तुम जरा ठहरो, देखो भाग मत जाना। इतना कहकर साधु ने अपनी झोली उठाई। उसकी झोली में एक शीशा था। उसने शीशे को झोली के मुख के पास लाकर बाघ से कहा- देखो, यह रहा पहला वाला बाघ। बाघ साधु के पास आया। उसने जैसे ही झोली के मुंह पर देखा, उसे शीशे में अपनी ही परछाई दिखाई दी। इसके बाद वह गुरार्या तो शीशे वाला बाघ भी गुरार्ता दिखाई दिया। अब बाघ को विश्वास हो गया कि साधु की झोली में सचमुच एक बाघ बंद है। उसने सोचा कि यहां से भाग जाने में ही कुशल है। ह पूंछ दबाकर साधु के पास से भाग गया।

वह अपने साथियों के पास पहुँचा और सब मिल कर अपने राजा के पास गए। राजा ने जब सारी घटना सुनी तो उसे बहुत क्रोध आया। .. .. ..**जारी।**

जानकारी

# चिल्ला वन्यजीव अभ्यारण्य



.हरिद्वार पर्यटन स्थल में देखने के लिए चिल्ला वन्यजीव अभ्यारण्य एक अच्छी जगह है गंगा नदी के पूर्वी तट पर स्थित चिल्ला वन्यजीव अभ्यारण्य 249 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैला है। इस वन्यजीव की स्थापना 1977 में की गई थी और इस अभयारण्य को 1983 में मोतीचूर और राजाजी अभ्यारण्यों से जोड़ा गया था ताकि राजाजी राष्ट्रीय उद्यान बनाया जा सके। चिल्ला वन्यजीव अभ्यारण्य हरिद्वार से 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इस अभ्यारण्य में हाथी, बाघ, भालू और छोटी बिल्लियां,बड़ी संख्या में हाथियों और विभिन्न प्रकार के पक्षी हैं। इस अभयारण्य की यात्रा का सबसे अच्छा समय नवंबर और जून के बीच होता है। यहां पर्यटकों के लिए हाथी की सवारी के साथ ही वन्यजीव सफारी भी उपलब्ध है। .. .. .. जारी।

# वीवो का सस्ता स्मार्टफोन लॉन्च

नई दिल्ली : चीनी स्मार्टफोन ब्रैंड वीवो (Vivo) ने एक नया एंट्री लेवल स्मार्टफोन लॉन्च किया है। इसका नाम है Vivo Y02A, जिसे पड़ोसी देश बांग्लादेश में पेश किया गया है। यह स्मार्टफोन पिछले साल आए Vivo Y02 के जैसे स्पेसिफिकेशंस और डिजाइन के साथ आता है। 3 जीबी रैम, 5000एमएएच बैटरी और मीडियाटेक के हीलियो पी35 प्रोसेसर से लैस वीवो वाई02 ए (Vivo Y02A) में दो कैमरे दिए गए हैं। माना जा रहा है कि यह स्मार्टफोन जल्द बाकी मार्केट्स में भी दस्तक दे सकता है, हालांकि वीवो ने आधिकारिक रूप से इस बारे में कुछ नहीं बताया है। आइए जानते हैं Vivo Y02A की कीमत और अन्य फीचर्स।



Vivo Y02A के प्राइस

Vivo Y02A के 3GB रैम और 32GB स्टोरेज वैरिएंट के दाम 12,499 BDT (लगभग 9,622 रुपये) हैं। इस फोन को कॉस्मिक ग्रे और आर्किड ब्लू जैसे कलर ऑप्शंस में खरीदा जा सकता है। बाकी मार्केट्स में डिवाइस को कबतक लॉन्च किया जाएगा, इस बारे में वीवो ने कोई जानकारी अभी नहीं दी है।

Vivo Y02A के स्पेसिफिकेशंस

Vivo Y02A एक बड़े डिस्प्ले वाला स्मार्टफोन है। फोन में 6.51 इंच का आईपीएस एलसीडी डिस्प्ले दिया गया है। डिस्प्ले में एचडी प्लस रेजॉलूशन मिलता है, जबकि रिफ्रेश रेट 60 हट्र्ज का है। वीवो वाई02ए में मीडियाटेक का हीलियो पी35 प्रोसेसर लगाया गया है। वहीं, 02 जोकि पिछले साल आया था, उसमें हीलियो पी22 प्रोसेसर है। Vivo Y02A में 3जीबी रैम दी गई है। स्टोरेज 32 जीबी है, जिसे एसडी कार्ड की मदद से बढ़ाया जा सकता है। बात करें कैमरों की, तो Vivo Y02A में दो कैमरे दिए गए हैं। मेन बैक कैमरा 8 मेगापिक?सल का है, जबकि सेल्फी कैमरा 5 मेगापिक्सल का है। बैक साइड में एलईडी फ्लैश भी दिया गया है। इस स्मार्टफोन में 5 हजार एमएएच की बैटरी है, जो 10 वॉट चार्जिंग सपोर्ट के साथ आती है।

साइबर दुनिया

टॉप ट्वीट

"आज एक विशेष दिन है, जब हम भगवान महावीर की महान शिक्षाओं को याद करते हैं। उन्होंने एक शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और समृद्ध समाज के निर्माण का मार्ग दिखाया। उनसे प्रेरित होकर, हम हमेशा दूसरों की सेवा करें और गरीबों तथा पिछड़ों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लायें।"

**नरेंद्र मोदी**
**प्रधानमंत्री**





"अमिताभ बच्चन के साथ काम करना सौभाग्य की बात है। एक सपना आखिरकार साकार हुआ, रिभु दासगुप्ता का विजन हटकर है और मैं इस फिल्म में उनके साथ सहयोग कर बहुत खुश हूं। मुझे पता है कि ये एक ऐसा अनुभव होने जा रहा है जिसे मैं याद रखूंगी।"

**डायना पेंटी**
**बॉलीवुड अभिनेत्री**

संपादक के नाम पत्र

## भगवान महावीर पारिस्थितिकी संतुलन के सूत्रधार

आज के समय में भगवान का जियो और जीने दो का संदेश और भी प्रासंगिक हो गया है। उनकी और जैन दर्शन की मान्यताऐं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कारगर हैं । भगवान महावीर ने ईश्वर पर आस्था के साथ- साथ पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए अहिंसा का नारा दिया। भगवान महावीर के अनुसार इस जगत में जो आत्मा मनुष्य में है वही आत्मा अन्य जंतुओं एवं पेड़- पौधों में भी होती है। उन्होंने कहा जितना प्रेम तुम अपने सगे- संबंधियों से करते हो उतना ही प्रेम स्थावर जगत के पेड़- पौधों से भी करो। भगवान महावीर के उपदेश आज के परिपेक्ष्य में पर्यावरण संरक्षण और पारिस्थितिकी संतुलन के लिए अति प्रासंगिक है। जैन धर्म में 24 तीर्थंकरों ने अपने- अपने एक- एक वृक्षों को अपना प्रतीक चिन्ह बनाया जो यह दशार्ता है कि जैन दर्शन जैन एवं अचर जगत के प्रति कितनी आस्था रखता है। जैन दर्शन के अनुसार वृक्षों को चैत्य वृक्ष या वनस्थली के नाम से पुकारा गया है। ये चैत्य वृक्ष पीपल एवं बरगद इत्यादि हैं जिसके नीचे जिसकी छाया में बैठकर इन महान तपस्वियों ने शांति का मार्ग ढूंढने का प्रयास किया। भगवान महावीर का संदेश ह्लजियो और जीने दोह्वपर्यावरण संरक्षण एवं पारिस्थितिकी संतुलन के लिए एक वैज्ञानिक प्रयास है। इसके विपरीत मांसाहार करने वाले मनुष्य का यह तर्क कि हमारे द्वारा मांस भक्षण द्वारा ही प्रकृति में जीवो का संतुलन बना है, यह बिल्कुल ही तर्क रहित है क्योंकि दूसरे मांसाहारी जीवो के लिए भोजन की कमी मनुष्यों के द्वारा उत्पन्न की गई है। भगवान महावीर के उपदेश एवं जैन दर्शन पर्यावरण संरक्षण एवं वैश्विक उष्मीकरण अर्थात ग्लोबल वार्मिंग के लिए आज भी प्रासंगिक है। वृक्षों को प्रतीक चिन्ह के रूप में मानने वाला धर्म अधिकाधिक वृक्षारोपण का संदेश देता है। मानव जगत से प्रेम और स्थावर जगत से प्रेम यह दुनिया को वैश्विक उष्मीकरण की समस्या से निजात दिलाने का एक बहुत ही पुराना धार्मिक प्रयास है जो वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी सत्य की कसौटी पर खरा है।

**देवेस कुमार 'देव'**
**इसरी बाजार**
**गिरीडीह**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### टीटीपीएस ललपनिया के रिटायर्ड इंजीनियर की मौत

**बेरमो :** टीटीपीएस ललपनिया के सेवानिवृत्त अभियंता चंद्र भूषण प्रसाद मंगलवार 4 मार्च को गोमिया पोस्ट ऑफिस मोड़ पर गश्त खाकर गिर गए। तत्काल उन्हें स्वांग स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद लोग उन्हें गोमिया सरकारी अस्पताल ले गए। वहां भी चिकित्सकों ने जांच के बाद वही बात कही।

## सिटी अपडेट्स >>

### राहुल गांधी के समर्थन में महिला कांग्रेस ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

**बेरमो /फुसरो:** राहुल गांधी की सदस्यता रद्द होने पर बोकारो महिला कांग्रेस ने केंद्र सरकार की विरुद्ध अपना विरोध दर्ज किया है। महिला कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अजंता समद के नेतृत्व में पूरे जिले में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। यह अभियान 1 अप्रैल से प्रारंभ होकर 3 अप्रैल तक गोमिया से बोकारो स्टील सीटी तक चलाया गया। इसमें राहुल गांधी के समर्थन में कई हजारों लोगों ने हस्ताक्षर किए। इस अभियान के तहत करीब 500 से अधिक लोगो ने पोस्टकार्ड के द्वारा राहुल गांधी के प्रति समर्थन जाहिर कर देश के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम पत्र लिखा। इस अभियान में कई संगठन के लोग भी सम्मिलित हुए। इसमें अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार, नवयुवक संघ कथारा, अपराध नियंत्रण संगठन, आदिवासी जनजाति कल्याण समिति, अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन आदि भी सम्मलित हुए। अजंता समद ने कही कि राहुल गांधी बराबर बोलते थे कि मुझे संसद में बोलने नहीं दिया जाता है जो आज सिद्ध हो गया है। यह कैसा लोकतंत्र है जिसमें विपक्ष को बोलने की आजादी नहीं है। कहीं की महिला शक्ति वर्तमान सरकार की गोट निंदा करते हुए अपना नेता राहुल गांधी के प्रति विश्वास व्यक्त करते है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### राहुल के समर्थन में पोस्ट्कार्ड अभियान चलाया

**कोडरमा :** झारखण्ड प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्री अभिजीत राज जी के निदेर्शानुसार अपने प्रभार क्षेत्र कोडरमा बाईपास शुभाष चौक के पास राहुल गाँधी के साथ जो ओछी राजनीती हो रही है उस के खिलाफ आज कोडरमा की जनता का साथ राहुल गाँधी को मिल रहा है। जनता पोस्ट कार्ड पर अपनी राय दे रही है जो की हमारे माध्यम से राष्ट्रपति महोदया को पोस्टकार्ड के माध्यम से पहुंचाने का काम युवा कांग्रेस करेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कोडरमा जिला युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अशरफ अली के नेतृत्व मे हुवा,युवा जिला कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सदाम अंसारी भी मौजूद थे, प्रखण्ड उपाध्यक्ष सब्बीर खान जी, युवा कांग्रेस सचिव विष्णु यसाव, मारकचो प्रखण्ड अध्यक्ष सोनल कुमार, सहित दर्जनों कांग्रेस के नेतागणों की गरिमामयी उपस्थित रही।

**अपराध**

### पुलिस ने आरोपी प्रदीप साव को गिरफ्तार कर लिया

# बेटा ने कुल्हाड़ी से मार कर मां की हत्या की

▶▶ प्रदीप साव देर रात अपनी माँ के साथ किसी बात को लेकर उलझ गया



राष्ट्रीय खबर

**पीरटांड़ :** पीरटांड़ थाना क्षेत्र के पालगंज में कलियुगी बेटे के द्वारा अपनी ही माँ की हत्या की सनसनी खेज मामला प्रकाश में आया है। घटना के संबंध में बताया गया कि पालगंज निवासी मदन तेली का बड़ा लड़का प्रदीप साव देर रात अपनी माँ के साथ किसी बात को लेकर उलझ गया। जिसके बाद कलयुगी बेटे ने माँ के ऊपर टांगी से वार कर मां को मौत के घाट उतार दिया। शरीर पर कई जगह कुल्हाड़ी से वार और अत्यधिक खुन बह जाने के कारण मौके पर ही मां की मौत हो गयी। जिस वक्त यह घटना घटी उस वक्त घर पर केवल दोनो माँ बेटे के अलावा कोई परिवार के लोग नही थे। बेटे ने माँ मीणा देवी 55 वर्ष की हत्या कर दी और टांगी लहराते हुए गांव में घूमने लगा। यह बात जंगल की आग की तरह पूरे गांव में फैल गई। घटना के बाद उसके छोटे पुत्र संदीप साव को स्थानीय ग्रामीणों ने सूचना दी। सूचना मिलते ही छोटे बेटे संदीप साव गिरिडीह से घर वापस आया। संदीप ने बताया कि सोमवार देर रात्रि फोन द्वारा सूचना मिली कि मेरे बड़े भाई प्रदीप साव द्वारा माँ से मार पीट किया जा रहा है। उसे टांगी से मारा जा रहा है। उस वक्त मै गिरिडीह में था सूचना मिलते ही पालगंज आया तो देखा कि मेरी माँ घर के बाहर पीसीसी सड़क पर गिरी हुई है। सामने जाकर देखा तो माँ खून से लथपथ थी उसी वक्त दोस्तों की मदद से माँ के शरीर को उठाकर घर ले आया और देखने में पता चला कि माँ की सांस नहीं चल रही है लोगों ने बताया कि उनकी मौत हो चुकी है। संदीप ने बताया कि पिछले एक दो वर्षों से मेरे बड़े भाई प्रदीप साव का रवैया बहुत ही खराब था हमेशा घर में सभी के साथ मारपीट करते रहता था। घटना के बाद संदीप साव ने लिखित आवेदन में बताया कि मेरी मां की हत्या मेरे बड़े भाई प्रदीप साव ने की है। जिस आधर पर पुलिस ने आरोपी प्रदीप साव को गिरफ्तार कर लिया और साथ ही हत्या में शामिल हथियार को भी बरामद कर लिया है। आरोपी ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है। घटना की जानकारी मिलते ही मंगलवार सुबह डुमरी एसडीपीओ मनोज कुमार, पीरटांड़ थाना प्रभारी दिलशन बिरुआ सहित अन्य लोग पहुंचे और कागजी प्रक्रिया के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेज दिया है। इधर दबी जुबान लोगों का कहना है कि माता-पिता अपनी सारी कमाई केवल छोटे पुत्र संदीप को दिया करते थे जिस कारण घर में बराबर झगड़ा होते रहता था। पिताजी सीसीएल में कार्यरत हैं।

## अन्तराज्यीय नशीले पदार्थों के पेडलर महिला पुरुष गिरफ्तार

▶▶ 37 किलो गांजा जब्त, ओडिशा से दिल्ली करना था सप्लाई

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग बड़ाबाजार ओपी क्षेत्र के नया बस स्टैंड से पुलिस ने दिल्ली जाने वाले बस से नशीला पदार्थ सप्लाई करने वाले दो पेडलर महिला पुरुष को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों की पहचान पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिला के नौलाटीह थाना निवासी दिनेश लेटे पिता घटक लेटे सह पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बहापुर थाना निवासी अर्चना दलई पिता सूजन दलई के रूप में पहचान हुई है। इस संबंध में पुलिस ने बड़ा बाजार कांड संख्या 111/23 एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपियों का कोविड-19 टेस्ट कराने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पत्रकार वार्ता में एसडीपीओ सदर महेश प्रजापति ने पत्रकारों को बताया कि सोमवार को पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना प्राप्त हुई की दिल्ली जाने वाले बस में दो अपराधी गांजा की तस्करी कर रहे है। जानकारी प्राप्त होते ही बड़ा बाजार ओपी प्रभारी घनश्याम कुमार ने तत्काल इसकी सूचना एसडीपीओ श्री प्रजापति को देते हुए घटना का सत्यापन किया। घटना को सत्य पाकर छापेमारी दल का गठन कर सोमवार करीब 11:30 बजे वे लोग दिल्ली जाने वाले हाईवे टूर एंड ट्रैवल बस की तलाशी शुरू कर दी है।

वहां एक महिला पुरुष बैठा हुआ था। जिसके बैग में टेप में लिपटा हुआ 37 किलो गांजा बरामद किया गया। छापेमारी टीम में एसडीपीओ सदर बड़ाबाजार ओपी प्रभारी के अलावे एएसआई अजय कुमार व सशस्त्र बल शामिल सभी को गिरफ्तार कर भेजे जेल।

# विधवा विलाप कर रहे हैं स्वास्थ्य मंत्री : अभय सिंह

राष्ट्रीय खबर

**जमशेदपुर:** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रामनवमी अखाड़ा समिति के केंद्रीय संरक्षक अभय सिंह ने कहा राज्य के स्वास्थ्य मंत्री अब जब सारा मामला का पटाक्षेप हो गया तब वे विधवा विलाप कर रहे हैं।

कांग्रेसी कल्चर के डीएनए में श्रीराम का विरोध विगत काल खंड से रहा है ये इतिहास में सर्वविदित रहा है जिनके केंद्रीय नेताओं का प्रभु श्रीराम के विरुद्ध हमेशा बयानबाजी रहा है वह अब नैतिकता की पाठ की दुहाई जमशेदपुर की जनता को दे रहे है। राम जन्मभूमि का फैसला ना हो उनके प्रिय नेता कपिल सिब्बल जैसे लोग कांग्रेस के नेता राहुल गांधी एवम पूरे कांग्रेस के कहने पर कोर्ट के मामले में विरुद्ध खड़ा हो जाना सारा इतिहास सभी लोग जानते हैं। जो राम जन्मभूमि को सार्वजनिक शौचालय बनाने की बात जिस पार्टी के द्वारा विगत वर्षो में किया गया हो उनकी पार्टी के नीचे के नेताओं का यह कथन कि हम प्रभु राम के पुजारी हैं भक्त हैं कहना हास्यास्पद है।



शुरू से कांग्रेस दंगा फसाद करने वाली पार्टी रही है हर हिंदुओं के त्यौहार में यह बखेड़ा खड़ा किया गया। एक सोची समझी साजिश के तहत पूरे हिंदुस्तान में रामनवमी के शुभ अवसर में जानबूझकर आगजनी पत्थरबाजी दंगा फसाद किया गया क्योंकि मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति थी जिसका उदाहरण हावड़ा गुजरात बिहार झारखंड रहा है। एक षड्यंत्र जानबूझकर पैदा किया गया आखिर विगत वर्षो में कही नही हुआ यह वर्ष में हो क्यों हुआ। कही ये 2024 के आगामी चुनाव का हिस्सा तो नही। झारखंड राज्य स्वास्थ्य मंत्री को यह बताना चाहिए झारखंड विधानसभा के अंदर जब भाजपा के विधायक डीजे का विरोध कर रहे थे तो उस समय आप एक राज्य के सम्मानित मंत्री होने के नाते अपनी भूमिका का पदार्फाश करें। क्यों नहीं आपने उस समय अपने सरकार की नीति और नियत का विरोध किया।

### विधायक मनीष जायसवाल ने जिप अध्यक्ष और उपाध्यक्ष संग

## ढेंगुरा में किया डेढ़ करोड़ की विकास योजनाओं का आधारशिला



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग जिले के कटकमदाग प्रखंड के ढेंगुरा पंचायत स्थित ग्राम ढेंगुरा में डीएनएफटी मद अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय, ढेंगुरा का निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास सदर विधायक मनीष जायसवाल ने जिप अध्यक्ष उमेश मेहता और जिप उपाध्यक्ष किसुन यादव ने संयुक्त रूप से पूजा-अर्चना कर, नारियल फोड़कर और शिलापट्ट का अनावरण कर शिलान्यास किया। डीएमएफटी मद के करीब 01 करोड़ 49 लाख रुपए की लागत से इस शिक्षा के मंदिर का कायाकल्प होगा। इस कार्य के तहत एक नया भवन का क्लास रूम का निर्माण, सभी भवनों का रिपेयर, बाउंड्री वॉल, डीप बोरिंग, वायरिंग और शौचालय का निर्माण किया जाना है। सदर विधायक मनीष जायसवाल सहित अन्य अतिथियों का यहां पहुंचने पर ढेंगुरा ग्राम वासियों, स्कूली बच्चों और शिक्षकों के अलावे स्थानीय भाजपा कार्यकताओं ने गाजे-बाजे और ढोल- ताशे के साथ फूल माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर भव्य स्वागत किया। विधायक मनीष जायसवाल ने यहां स्थानीय लोगों की समस्या भी जानी और यथासंभव निराकरण का भरोसा भी जताया। मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा की शिक्षा के मंदिर का कायाकल्प समाज के लिए अत्यंत जरुरी है।

## पशुओं से बचाव के लिए लगे तार में फंसकर युवक की मौत

राष्ट्रीय खबर

**चौपारण :** चौपारण प्रखंड के दैहर पंचायत के ग्राम मुड़िया के 25 वर्षीय ईश्वर भुइयां पिता भुनेश्वर भुइयां की मौत मंगलवार को जंगल मे लगा नंगा बिजली तार के चपेट में आने से मौत हो गई। बताया गया कि मृतक गांव के अनिल भुइयां पिता जमुना भुइयां के साथ जंगल जानवर चरा रहा था। दूसरा युवक भी बिजली करंट के चपेट में आया था। जिसे गंभीर हालत में अस्पताल में इलाज चल रहा है। ईटखोरी के ग्राम बेलगड़ा के कुछ सामाजिक तत्व, जंगली पशु तस्कर बेलगड़ा और दैहर के मुड़िया, पथलगड्डा में जंगली पशुओ को फसाने तथा मांस और चमड़े की तस्करी के उद्देश्य से बिजली रहित नंगा तार जंगलो में बिछाया जाता है। जिसमे 11 वोल्ट का करंट प्रवाहित रहता है। करंट के चपेट में जब जंगली जानवर फसता है तो उसका शिकार कर देते है। खास कर गर्मियों में पशु तस्करों द्वारा जंगलो में करंट रहित नंगा बिजली तार बिछाया जाता है। हजारीबाग-चतरा जिले के सीमावर्ती बेलगड़ा मोड़ से एक सड़क बनी है। सड़क के एक और बेलगड़ा तथा दूसरी और हजारीबाग जिले के दैहर पंचायत का मुड़िया, पत्थलगड्डा करगा सहजना गांव को जोड़ता है। ग्राम बेलगड़ा के कुछ सामाजिक पशु तस्कर बेलगड़ा और ललकीमाटी जंगल मे जंगली पशु फसाने के लिए बिजली रहित नंगा तार बिछाया जा रहा है। जानकारी हो कि जब से उक्त क्षेत्र में बिजली तार लगा है, उसके बाद से हिरण, सुअर सहित अन्य जंगली जानवरो को फसाने तथा उसका मांस चमड़े का तस्करी करते है।

## न्यूज फटाफट

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में सोमवार को हुए मौत में दो छात्रों का हुआ मिट्टी दफन

**बड़कागांव :** बड़कागांव सोमवार शाम बड़कागांव केरेडारी पथ के दोहरवा- महटिकरा के समीप दो मोटरसाइकिल की टक्कर में हुवे भीषण दुर्घटना में मौके पर तीन छात्रों की मौत के बाद पोस्टमार्टम हेतु हजारीबाग भेज दिया गया था । जिसे मंगलवार को पोस्टमार्टम से लौटने के बाद प्रखंड के नगडी निवासी मोहम्मद समीर एवं मोहम्मद साहिल उर्फ नेपाली का मिट्टी दफन नगड़ी कब्रिस्तान में मंगलवार शाम में किया गया। तथा चमगड़हा निवासी दिलीप कुमार का अग्नि संस्कार चमगड्डा नदी श्मशान घाट में किया गया। वही गंभीर रूप से घायल चमगड्डा निवासी सुखदेव उर्फ सुकुल महतो का पुत्र अनिल कुमार की मौत सोमवार देर रात रांची रिम्स में इलाज के दौरान हुई जिसके शव के लिए परिजन मंगलवार शाम तक रांची से शव को लेकर पहुंचे अग्नि संस्कार करने के लिए। चल रही थी। तैयारी। वही पांचवा व्यक्ति चमगड्डा निवासी सतनारायण महतो के पुत्र नीतीश कुमार का इलाज रांची रिम्स में चल रहा है। रोशन लाल चौधरी पहुंचे और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उक्त घटना से चमगड्डा एवं नगडी के साथ-साथ पूरे बड़कागांव में मातम व शोक की लहर है तथा परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक छात्रों में मोहम्मद समीर पांच भाई बहन है जिसमें दो भाइयों में बड़ा है तथा तीन बहन है। समीर के पिता मोहम्मद तोहिद त्रिवेणी सैनिक कंपनी में ड्राइवर है। उक्त दोनों छात्र बड़कागांव इंदिरा गांधी मेमोरियल के छात्र रहे जिनका इंटर परीक्षा केंद्र आदर्श मध्य विद्यालय बड़कागांव था। वही चमगड्डा निवासी दिलीप कुमार का अग्नि संस्कार चमगड्डा नदी के किनारे श्मशान घाट में की गई। यह भी दो भाई और एक बहन था। जिसमें दिलीप छोटा भाई था। तथा अनिल कुमार भी दो भाइयों में छोटा सह एक बहन थी तथा उक्त दोनों के पिता साधारण कृषक है।

### महावीर स्वामी भगवान की जयंती पर निकली प्रभात फेरी अहिंसा परमो धर्म का दिया संदेश

**बेरमो/ललपनिया :** महावीर स्वामी भगवान की जयन्ती के अवसर पर गोमिया प्रखंड के साड़म के जैन धर्मावलंबियों साड़म बाजार स्थित जैन मंदिर साड़म से सुबह प्रभातफेरी निकाल क्षेत्र भ्रमण किया। जहां प्रभातफेरी में भारी संख्या में बड़े, बुजुर्ग, बच्चे, महिलाएं शामिल थे। इधर सामाजिक व धार्मिक संगठन द्वारा प्रभातफेरी का स्वागत किया गया। प्रभातफेरी के दौरान जैन धर्मावलंबियों के द्वारा अंहिसा के पुजारी का नारा लगा रहे थे। प्रभातफेरी गाजे बाजे व बैनर के साथ जैन मंदिर प्रांगण से निकलकर क्षेत्र का भ्रमणकर पुनः मंदिर परिसर में आकर संपन्न हुई। ततपश्चात लोगो के बीच जैन समाज द्वारा प्रसाद का वितरण किया गया।मौके पर पूर्वउपमुखिया विकास कुमार जैन व नवीन कुमार जैन समेंत अन्य धर्मावलंबियों ने महावीर जयंतीपर क्षेत्रवासियों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा की जैनधर्म के 24 वें तीर्थकर भगवान महावीर स्वामी के अवतरण दिवस चैत्र शुक्ल त्रयो दशी के उपलक्ष्य पर यह कार्यक्रम जैन समाज साड़म द्वारा आयोजित था।उन्होंने भगवान महावीर स्वामी के जीवन दर्शन की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर अंहिसा के पुजारी थे। उन्होंने अपना सारा जीवन तप तपस्या और लोगों को अंहिसा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करने में लगा दिया। हिंसा के इस दौर में उनके द्वारा बताये अहिंसा का मार्ग प्रासंगिक है। आज हर लोगों को शांति, सदभाव और भाईचारे के साथ जीने की जरूरत है।कहा कि भगवान महावीर का अहिंसा सबसे बड़ा धर्म है अतः हमें जियो और जीने दो का दिव्य संदेश दिया गया है, भगवान महावीर स्वामी ने अहिंसा परमोः धर्मः तथा जियो और जीने दो के माध्यम से मानवता,शांति,दया,करुणा एवं मैत्री का मार्ग दिखाया। हमसब उनकी शिक्षाओं व सिद्धांतों का अनुसरण कर संयमित जीवन जीने का प्रयास करें। इस मौके पर उपमुखिया पंकज कुमार जैन, टिकम जैन, अशोक पाटोदी, राजेश पाटोदी, डिंपल जैन, मनोज जैन,विजय जैन, प्रवीण जैन, सुमित जैन, सुमेर जैन, सुरेन्द्र पाटोदी, कमल सेठी, मंटू सेठी, अतिशय जैन, गोलू जैन, रिंकू जैन, नरेश जैन, प्रेम जैन सहित अन्य उपस्थित थे।

### बेबीज पाराडाइज स्कूल में वार्षिक परीक्षा फल का वितरण

**बेरमो /तेनुघाट कोर्ट :** तेनुघाट स्थित विद्यालय किरण बेबीज पाराडाइज के वार्षिक परीक्षाफल का वितरण छात्रों एवं उनके अभिभावकों की उपस्थिति मे की गई। इस बीच छात्रों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उनके बीच पारितोषिक का वितरण किया गया। छात्रों के उज्जवल भविष्य एवं शैक्षणिक उन्नयन को ध्यान में रखते हुए मुख्य अतिथि के रूप में देश के प्रतिष्ठित विद्यालय नेतरहाट आवासीय विद्यालय के प्रशासनिक पदाधिकारी रौशन कुमार बक्शी मुख्य अतिथि के रुप में सम्मिलित हुए। उन्होंने अपने संबोधन में नई शिक्षा पद्धति के तहत किस प्रकार छात्रों में गुणात्मक विकास हो इससे शिक्षकों एवं छात्रों को अवगत कराया। विद्यालय की प्राचार्या अनु प्रिया ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके बीच प्रगति प्रतिवेदन का वितरण किया। आगे बताया कि तेनुघाट में अच्छी पढ़ाई को लेकर दिवंगत प्रमोद कुमार सिन्हा के द्वारा 1984 में विद्यालय शुरू किया गया था। इस विद्यालय से पढ़ कर कई क्षेत्र में विद्यार्थी अपना नाम रौशन कर रहे हैं। इससे प्रभावित होकर अभिभावक अपने बच्चों को विद्यालय में पढ़ा रहे हैं। विद्यालय परिवार का मानना है कि हमे कम मूल्य में अच्छी और गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करनी है। शिक्षित होकर हमे सभ्य समाज का निर्माण करना है और देश को प्रगतिशील बनाने में अपना योगदान देना है। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक प्रीतिश आनंद, कुनाल राज, शिक्षिका अर्पिता सिन्हा, मोमिता घोष, निशा वर्मा, निलनी सिन्हा, रामकिशुन यादव आदि सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे ।

### दो नए डंफरों का जारंगडीह में किया गया उद्घाटन



**बेरमो :** सीसीएल कथारा क्षेत्र अंतर्गत जारंगडीह खुली खदान परिसर के स्टोर सेड में 60-60 टन का दो नए होल पैक डंपर का विधिवत तरीके से क्षेत्र के महाप्रबंधक उत्खनन जेएस पैकरा परियोजना पदाधिकारी परमानंद गुइन, के कर कमलों से नारियल फोड़कर उद्घाटन करवाया गया। मौके पर कोलियरी प्रबंधक दुर्गेश कुमार सिन्हा ,आउटसोर्सिंग सह नोडल पदाधिकारी नीरज कुमार सिंह ,परियोजना के उत्खनन अभियंता विशाल शर्मा , सहायक अभियंता लोकेश लोहार मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस मौके पर क्षेत्र के महाप्रबंधक उत्खनन जे एस पैकरा ने कहा कि सीसीएल मुख्यालय प्रबंधन द्वारा उक्त दोनों डंपर दिया गया जिससे विभागीय स्तर से परियोजना का उत्पादन में बढ़ोतरी होगी। जारंगडीह परियोजना पदाधिकारी परमानंद गुईन ने कहा कि यूनियन प्रतिनिधियों एवं मजदूरों की मांग पर दो नए डंपर सीसीएल प्रबंधन के द्वारा मिल जाने से विभागीय स्तर पर परियोजना के उत्पादन का ग्रोथ स्तर में वृद्धि होगी। परियोजना अभियंता विशाल शर्मा ने बताया कि60-60 टन का दो नए डंपर का बीइएमएल कंपनी द्वारा कथारा क्षेत्र के जारंगडीह परियोजना की खुली खदान मैं लाया गया जहां कंपनी के द्वारा ऐसंबल कराकर सोमवार को विधिवत तरीके से उद्घाटन महाप्रबंधक उत्खनन जे एस पैकरा,एवं परियोजना पदाधिकारी परमानंद गुईन के हाथों करवाया गया ।यह दो नए60-60टन के डंपर 61063,/61068 जोइएटछ कंपनी के द्वारा दिया गया है जिसकी एक डंपर की कॉस्ट लगभग 5 करोड बताया। मौके पर मो नसीम,जगन्नाथ गोप ,नेमचंद मंडल, ललेंद्र ओझा सहित दर्जनों कामगार मौजूद थे।

**आयोजन**

### डीसी की अगुवाई में निकाली गई रैली में शामिल हुए शहर के सभी धर्मों के गणमान्य लोग

# शहर में शांति व्यवस्था बहाल करने को लेकर निकाली गई सद्भावना रैली

▶▶ रैली शहर के गांधी चौक प्रतिमा से शुरू हुआ

▶▶ हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई आपस में है भाई भाई, हम सब एक है



राष्ट्रीय खबर

**साहिबगंज:** धार्मिक उन्माद की आग में जल रहे साहिबगंज में एक बार फिर से अनान चैन लाने को लेकर आज शहर में सर्व धर्म सद्भावना रैली निकली गई। जिसमें सभी संप्रदाय के गन्य मान्य लोगों के अलावा पुलिस और प्रशासनिक पदाधिकारी भी शामिल हुए। रैली की अगुवाई जिले के डीसी रामनिवास यादव और एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा ने संयुक्त रूप से किया। रैली शहर के गांधी चौक प्रतिमा से शुरू हुआ। जो गांधी रोड होते हुए, एलसी रोड, सब्जी मंडी, स्टेशन चौक, कुली पाड़ा, हबीबपुर होते हुए टमटम स्टैंड तक पहुंच कर समाप्त हुआ। इस दौरान रैली में शामिल लोगों ने हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई आपस में है भाई भाई, हम सब एक है, जैसे सरीखे नारे लगाए। दरअसल बीते शनिवार की शाम रसूलपुर दहला पूजा समिति की ओर से निकली गई मा दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान शहर के कुली पाड़ा मुहल्ले में हुए पथराव के बाद दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प हो गई थी। जिसमें एसडीपीओ और पुलिस कर्मियों समेत अधा दर्जन से अधिक लोग घायल ही गए थे। इससे पूरे शहर में तनाव पूर्ण माहौल शुरू गया था। घटना स्थल समेत पूरे सागर को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया था। अभी शहर में धार्मिक उन्माद की आग ठंडा भी नहीं पड़ा था कि रविवार की बीती रात किसी असामाजिक तत्वों के द्वारा शहर के पटेल चौक पर स्थित बजरंग वाली की प्रतिमा से छेड़छाड़ कर उसे विखंडित करने का किए प्रयास ने आग में घी डालने का काम किया। बाद में बजरंग दल और हिन्दू परिसद के कार्यकर्ता के द्वारा घटना स्थल पर पहुंचे एसडीओ को ज्ञापन सौंप कर घटना के दोषी असामजिक तत्वों को चिन्हित कर उसे दंडित करने और उक्त स्थल पर बजरंगवली के नई प्रतिमा लगवाने की मांग की गई। एसडीओ द्वारा करवाई का आश्वासन दिए जाने के बाद मामला कुछ हद तक शांत हुआ, लेकिन उसी दौरान स्टेशन चौक के समीप एकाएक पुलिस द्वारा लाठी चार्ज कर दिए जाने के बाद काफी देर तक भगदड़ का माहौल रहा। वहीं कुछ उपद्रवी तत्वों के द्वारा कही कही पथराव भी किया गया। वहीं सोमवार कि शाम डीसी रामनिवास यादव की अध्यछता में शांति समिति की बैठक भी की गई। जिसमें शहर के सभी धर्मों के लोगों ने भाग लिया था। उक्त बैठक में शहर में अमन चैन लें3 और आपसी भाईचारा बढ़ाने के लिए सद्भावना रैली निकलने के लिए गया निर्णय के आलोक में ये रैली बिजली गई। डीसी रामनिवास यादव ने कहा कि पिछले दिनों घटित हुए घटना के बाद उत्पन्न हुई स्थिति से निपटने के लिए यह सद्भावना रैली निकली गई। इसके माध्यम से लोगों से शांत और भय मुक्त रहने की अपील की गई। मौके पर एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा, एसडीओ राहुल जी आनंद जी, बरहरवा एसडीपीओ प्रदीप उरांव, नगर पुलिस इंस्पेक्टर शशि भूषण, नगर थाना प्रभारी धर्म पाल कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर राजेश कुमार, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीनिवास यादव, उपाध्यक्ष रामानंद साह, जेएमएम जिला अध्यक्ष शाहजहां अंसारी, अनुकूल मिश्रा, डॉक्टर विजय, अनवर अली, मोहमद कलीमुद्दीन, मुरलीधर तिवारी, विनोद यादव, रमजनी अली, आजाद हुसैन राजू अंसारी, नित्यानंद गुप्ता, सरफराज समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे।

राष्ट्रीय खबर हमारी नजर प्रदेश

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

## प्रदेश >> अपडेट

### जिप अध्यक्ष ने किया रोड का निरक्षण

**कुडू :** प्रखंड के कुडू ब्लॉक मोड से ओपा सरना टोली के आशीर्वाद टाना भगत चौक तक बन रहे रोड का निरक्षण लोहरदगा जिला परिषद् अध्यक्ष रीना कुमारी भगत ने किया, सड़क का कार्य शुरू हुवे विगत तीन महीना से भी अधिक हो चुका है लेकिन कार्य में कोई गति नहीं देखने को मिलने से जिला परिषद अध्यक्ष ने नराजगी व्यक्त किया है कहा रोड के कार्य प्रारम्भ हुवे बहुत दिन हो गया लेकिन अभी तक कुछ दिखाई नहीं दे रहा है रोड बनाने कार्य प्रारंभ कर के छोड़ देने से रोड की स्थिति पहले से और ज्यादा खराब और गढ़ा हो गया है इससे इस रोड चलने वाले राहगिरों और आस पास के ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है इसका असर पढ़ने जाने वाले बच्चों एवं बाजार जाने वाले किसानों पर भी हो रहा है, अध्यक्ष ने कार्य करने वाले ठेकेदारों को यह हिदायत दिया है,की जनता के परेशानी को दूर करने के लिय रोड को जितना जल्द हो सके बनाएं एवम रोड बनाने में उपयोग होने वाले अच्छे किस्म के सामान का प्रयोग कर बनाया जाए।

## पाटन व पांकी में अवैध लकड़ी तस्करी के विरुद्ध वन विभाग की बड़ी कार्रवाई

# 78 पीस अवैध काष्ठों को किया गया जब्त

- दो अलग-अलग दल का गठन कर तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई की गयी
- अवैध खैर के कई लॉट को किया गया बरामद
- अभियुक्त संजय पासवान के घर से छिला हुआ खैर का छिलका भी बरामद किया गया

राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर (पलामू):** पांकी में जिले के पाटन व पांकी में मंगलवार देर रात को वन विभाग द्वारा लकड़ी तस्करों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की गयी है।

इस संबंध में पलामू के वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ल ने बताया कि उन्हें पाटन व पांकी में अवैध खैर की लकड़ी के परिवहन के संबंध में गुप्त सूचना मिली थी जिसके पश्चात कुन्द्री वन प्रक्षेत्र के वन क्षेत्रीय पदाधिकारी संजीव कुमार चौधरी के नेतृत्व में दो अलग-अलग दल का गठन कर तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई की गयी। बकौल,डीएफओ पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम भुड़वा-नावाडीह में 3 अप्रैल की रात्रि 11 बजे लकड़ी तस्करों द्वारा 35 टन अवैध खैर की लकड़ी छुपाकर परिवहन की तैयारी की जा रही थी इस दौरान वन विभाग की टीम को अपनी ओर आता देख अपराधी काष्ठों को छोड़कर अंधेरे का लाभ उठाकर अपने वाहन से फरार हो गए। वहीं मौके से छिले हुए अवैध खैर के कई लॉट को बरामद किया गया। जांच के क्रम में अभियुक्त संजय पासवान के घर से छिला हुआ खैर का छिलका भी बरामद किया गया। सभीकाष्ठों को जप्त कर पाटन वन क्षेत्र कार्यालय में लाया गया।

इस दौरान पूरी कार्रवाई में पाटन थाना प्रभारी गुलशन गौरव एवं वन विभाग के वनपाल तथा वनरक्षी मौजूद रहे। वहीं दूसरी कार्रवाई पांकी के हरलौंग में की गया यहां 4 अप्रैल की सुबह 3 बजे कुन्द्री वन प्रक्षेत्र के वन क्षेत्रीय पदाधिकारी संजीव कुमार चौधरी के नेतृत्व में 78 पीस अवैध काष्ठों के जब्ती की कार्रवाई की गयी। मौके पर पांकी थाना प्रभारी रंजीत समेत वन विभाग के अन्य पदाधिकारी व कर्मी मौजूद रहे।



# पुलिस और टीएसपीसी नक्सली के बीच मुठभेड़



- दैनिक उपयोग का सामान व नक्सली पर्चा बरामद
- टीएसपीसी नक्सली शशिकांत और रंजन के दस्ते के साथ हुआ मुठभेड़

राष्ट्रीय खबर

**छत्तरपुर (पलामू):** छत्तरपुर थाना क्षेत्र के हुलसम जंगल में पुलिस और प्रतिबंधित नक्सली संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुती कमेटी (टीएसपीसी) के साथ सोमवार को मुठभेड़ हुई।

सर्च अभियान के तहत भारी मात्रा में दैनिक उपयोग का समान नक्सली पर्चा व गोली बरामद हुआ। मुठभेड़ की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा व पुलिस पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे टीएसपीसी नक्सली शशिकांत और रंजन के दस्ते के साथ हुआ मुठभेड़ बताया जा रहा हैं । पुलिस बल को भारी पड़ता देख जंगल का फायदा उठाकर नक्सली भाग निकले । पलामू एसपी चंदन सिन्हा ने खुद मुठभेड़ का नेतृत्व किया मुठभेड़ स्थल से खोखा के साथ कई सामान दैनिक उपयोग की वस्तू के साथ कई दस्तावेज पुलिस ने बरामद किया। इस अभियान में पलामू एसपी चंदन सिन्हा, छतरपुर डीएसपी अजय कुमार, छत्तरपुर थाना प्रभारी शेखर कुमार, छत्तरपुर नावा थाना प्रभारी दीपक कुमार दास और पुलिस बल के जवान शामिल थे।

# सत्ता को मेवा का साधन मानकर काम कर रही है हेमंत सरकार : रघुवर दास

राष्ट्रीय खबर

**गढ़वा :** प्रसिद्ध देवस्थल ब्रह्म स्थान के प्रांगण में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा जन चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें भाजपा के केंद्रीय उपाध्यक्ष तथा पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास सहित बड़ी संख्या में नेता, कार्यकर्ता तथा आम आदमी शामिल हुए। पूर्व मुख्यमंत्री दास ने जन चौपाल में आए लोगों की समस्या सुनने के बाद अपनी पार्टी के कार्यक्रम सिद्धांत तथा तथा भविष्य के कार्य योजनाओं से लोगों को अवगत कराया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता को जन सेवा का माध्यम मानकर काम करती है जबकि वर्तमान सरकार सत्ता को मेवा का साधन मानकर काम कर रही है तथा



मुख्यमंत्री से लेकर संत्री तक राज्य को लूटने में लगे हुए है। वर्तमान सरकार में बालू, पत्थर तथा कोयला का अवैध कारोबार के साथ-साथ ट्रांसफर पोस्टिंग को उद्योग बना लिया गया है। जिस पार्टी का मुखिया ही अवैध कारोबार में संलिप्त हो,वहां अन्य लोगों से ईमानदारी की उम्मीद नहीं की जा सकती। उन्होंने वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर प्रहार करते हुए कहा कि वे बालू तथा पत्थर के अवैध धंधा करने में लगे हुए हैं। यही कारण है कि उक्त मामले में आज उनके प्रतिनिधि महीनों से जेल में है। उन्होंने कहा कि सभी मोर्चे पर विफल वर्तमान सरकार से जनता की भरोसा उठ चुकी है। श्री दास ने कहा कि झारखंड किसी पार्टी या परिवार का नहीं है बल्कि यहां के सवा तीन करोड़ आबादी का राज्य है। वर्तमान सरकार में निष्पक्ष तथा ईमानदारी से काम करने वाले अधिकारियों का ट्रांसफर कर दिया जाता है इसका जीता जागता उदाहरण है गढ़वा के पूर्व उपायुक्त रमेश घोलाप का ट्रांसफर है,।क्योंकि वे गरीब परिवार से थे और गरीबों के हित की बात करते थे इसलिए इसलिए उन्हें यहां से हटा दिया गया। अपनी सरकार की उपलब्धियों को बताते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा की जब सरकार थी तो जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम होता था। जनता की समस्याओं के निदान के लिए 181 की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध थी जिसके माध्यम से लोगों को तुरंत सेवा एवं सुविधा उपलब्ध होता था। किसानों के लिए चलाए जा रहे मुख्यमंत्री कृषि आशीर्वाद योजना तथा महिलाओं के नाम पर 1 की रजिस्ट्री को वर्तमान सरकार द्वारा बंद कर दिया गया।

# अंजली गुप्ता समेत दो सौ लोगों ने झामुमो छोड़ थामा भाजपा का दामन

राष्ट्रीय खबर

**गढ़वा:** सदर प्रखंड के खजुरी गांव में आयोजित भाजपा के जन चौपाल कार्यक्रम के दौरान करीब दो सौ लोगों ने मंगलवार को झामुमो छोड़कर भाजपा का दामन थामा। सभी को भाजपा के पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सह गढ़वा जिला प्रभारी अमित सिंह और भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने माला पहनाकर पार्टी में शामिल कराया। पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से झामुमो महिला मोर्चा की पूर्व जिलाध्यक्ष अंजली गुप्ता, सोनू केशरी, टिंकू गुप्ता का नाम शामिल हैं।

मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि अंजली गुप्ता एक तेज-तर्रार महिला हैं। इनके भाजपा में आने से पार्टी और मजबूत होगी। वहीं सोनू केशरी के नेतृत्व में भी कई युवाओं ने पार्टी में शामिल हुए। पूर्व विधायक ने कहा कि पार्टी में शामिल होने वाले सभी लोगों को उचित सम्मान मिलेगा। भाजपा में ही महिलाओं को सम्मान दिया जाता हैं। जिसका उदाहरण पूर्व



शिक्षा मंत्री नीरा यादव हैं। पार्टी ने उन्हें जिला परिषद से विधायक और मंत्री जैसे पद को सुशोभित कराने का काम किया हैं। अंजली गुप्ता ने कहा कि उन्होंने झामुमो के लिए काफी मेहनत किया। अब भाजपा के लिए काम करूंगी। झामुमो महिलाओं का सम्मान नहीं है। अब वह भाजपा की सदस्यता लेकर काफी खुश हैं। पार्टी में शामिल होने वाले लोगों में अर्जुन पाल, शोभा देवी, ममता देवी, फुलकुमारी देवी, उषा देवी, फूला देवी, तसमिना बीबी, बिंदा देवी, ललिता देवी, सुखलाल साव, प्रतिमा देवी, शीला देवी, रीमा देवी, देवंति देवी, प्रमोद चौधरी सहित अन्य का नाम शामिल हैं। मौके पद महिला मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रूपा सिंह, भाजपा नेता जवाहर पासवान, महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष अनिता गुप्ता, भाजपा नेत्री कंचन जायसवाल, मंडल अध्यक्ष अखिलेश तिवारी, जिला उपाध्यक्ष हरेन्द्र दुबे सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# फुटबॉल एकेडमी के लिए खिलाड़ियों का चयन 9 एवं 10 अप्रैल को होगा

- चुने गए खिलाड़ियों को बोकारो स्टील प्लांट द्वारा एकेडमी मे रखकर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक द्वारा ट्रेनिंग दी जाएगी
- चयन हेतु खिलाड़ियों का कुछ मापदंड रखा गया है इस पर खरा उतरने वाले खिलाड़ी ही चयनित होंगे

राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** जिला स्तरीय स्टेडियम पाकुड़ में जिला ओलंपिक संघ व जिला फुटबॉल संघ द्वारा संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी गई कि बोकारो स्टील प्लांट द्वारा फुटबॉल चयन ट्रायल हेतु पत्र प्राप्त किया गया है। उक्त पत्र में स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड बोकारो स्टील प्लांट द्वारा सेल फुटबॉल अकैडमी के लिए



दिनांक 9/4/ 2023 एवं 10/4/ 23 को ट्रायल का आयोजन जिला स्तरीय स्टेडियम बैंक कॉलोनी पाकुड़ में प्रातः 7:00 बजे से किया जाएगा।

पाकुड़ जिला ओलंपिक संघ व पाकुड़ जिला फुटबॉल संघ के महासचिव रणवीर सिंह ने बताया कि पाकुड़ जिले के बहुत ही गर्व की बात है कि बोकारो स्टील प्लांट द्वारा सैल फुटबॉल अकादमी के लिए खिलाड़ियों का चयन हेतु पाकुड़ जिले को चुना गया। चयन ट्रायल जिले में होने से जिले के ज्यादा से ज्यादा फुटबॉल के खिलाड़ी ट्रायल में भाग ले सकेंगे। सेल फुटबॉल अकादमी चयन ट्रायल में संथाल परगना के विभिन्न जिलों साहिबगंज, दुमका, गोड्डा जामताड़ा के प्रतिभागी भी उक्त चयन ट्रायल में भाग ले सकते हैं। भाग लेने वाले बालक खिलाड़ियों का निम्न दस्तावेज लाना अनिवार्य है।जन्म प्रमाण पत्र ,आधार कार्ड खिलाड़ियों का जन्म तिथि 01/01 2007 से 31/12/ 2008 के बीच होना चाहिए, एवं उनका ऊंचाई 5 फुट 7 इंच तथा 28 दांत होना अनिवार्य है।

# मेयर साहिबा अब कर रही दिखावा : रूचिर तिवारी

राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने मेदिनीनगर नगर निगम के द्वारा निगम क्षेत्रों में बोरिंग कराने को लेकर नए रूप से चार्ज लगाने की प्रक्रिया को गलत बताया उन्होंने कहा कि और नगर आयुक्त से इसमें संशोधन की मांग की है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी निगम में शामिल किए गए नए क्षेत्रों में पहले ही घर-घर जनसंपर्क अभियान किया था और उसमें यह नारा दिया था कि सुविधा नहीं तो टैक्स नहीं लेकिन 4 साल से ऊपर गुजर जाने के बाद भी अभी तक मैंने नगर नगर निगम में पीने का शुद्ध पानी भी जलापूर्ति योजना से नहीं मिल पा रहा जो छेत्र नगर पालिका में पहले से शामिल था उस क्षेत्र में भी



सप्लाई का पानी नियमित रूप से नहीं मिलता है शहर के मेयर अरुणा संकर पहले निगम के 35 वार्ड में सप्लाई का नियमित पानी का व्यवस्था करवाएं जिससे आम आवाम को शुद्ध पानी मिल सके और जब शुद्ध पानी पीने को उनको मिल जाएगा तो फिर बोरिंग कराने की ही आवश्यकता नहीं पड़ेगी। लेकिन मेयर साहिबा का इस ओर कोई ध्यान नहीं है बस गर्मी के महीना आया और कुछ चुनिंदा लोगों के घर के पास और कुछ चुनिंदा व्यक्तियों के माध्यम से टैंकर से पानी सप्लाई कभी-कभार कराया जाता है अन्यथा लोगों को भगवान भरोसे छोड़ दिया जाता है और निगम में जनता से दोहरी टैक्स का दोहन किया जा रहा है। नए क्षेत्रों में होल्डिंग टैक्स का दोहरा मार आम जनता खेल रही है और ऊपर से बोरिंग कराने का टैक्स नहीं दे पाएगी इसीलिए हम आम आवाम से अपील करते हैं कि हमारा अभियान सुविधा नहीं तो टैक्स नहीं के माध्यम से जुड़े और जब तक निगम नाली गली नियमित बिजली पानी उपलब्ध नहीं कराए तब तक होल्डिंग टैक्स भी देना बंद करें।

## न्यूज फटाफट

### सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**पेटरवार :** पेटरवार पूज्य तपस्वी श्री जग जीवन जी महाराज ज्योति सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, पेटरवार में दिन मंगलवार को भगवान महावीर के जयंती के सुअवसर पर भैया बहनों के द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस जयंती के सुअवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. अजय कुमार पाठक ने भगवान महावीर के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालकर भैया बहनों को प्रेरित किए । जिसमें सभी आचार्य एवं दीदी जी उपस्थित हुए।

### नदी के पास मिला युवक का शव,इलाके में सनसनी

**गिरिडीह :** जिले में बगोदर थाना क्षेत्र अंतर्गत जामुनिया नदी के पास रेत पर एक युवक का शव मिला। बताया जाता है कि जब मंगलवार की सुबह कुछ ग्रामीण नदी की तरफ गए तो रेत पर एक शव पड़ा देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दिया गया। जिसके बाद पुलिस ने पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले कर जाँच में जूट गई। इधर मृतक युवक की पहचान हजारीबाग के बिष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के बरांय बाराघाट निवासी अनिल कुमार यादव के रूप में हुई है। बरांय के मुखिया राजेंद्र कुमार मंडल ने बताया कि युवक दैनिक मजदूरी का काम करता था और वह प्रतिदिन मजदूरी करने के लिए बगोदर जाता था। सोमवार को भी मजदूरी करने के लिए बगोदर गया था।जब शाम में युवक घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने काफी खोजबीन की। लेकिन कुछ पता नहीं मिला। उधर मंगलवार की सुबह युवक का शव नदी किनारे मिलने की सूचना परिजनों को मिलते ही इलाके में मातम छा गया।परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है।वहीं ग्रामीणों की भीड़ नदी किनारे लग गई। सूचना मिलते ही विधायक विनोद सिंह व बगोदर प्रमुख आशा राज पहुंचे।

# नशाखोरी गरीबों के जीवन स्तर ऊंचा करने में भ्रष्टाचार से भी है बड़ा बाधक

राष्ट्रीय खबर

**हरिहरगंज/पलामू :** गरीबों का जीवन स्तर उंच्चा करने में नशाखोरी और भ्रष्टाचार से भी बड़ा बाधक है। दबे कुचले लोग जो गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करते हैं उनके उत्थान के लिए सरकार कई कल्याणकारी और महत्वाकांक्षी योजनाएं चला रही है।

बावजूद इसके आजादी के 76 साल बाद भी गरीबों का जीवन स्तर में अपेक्षित सुधार व सामाजिक बदलाव नही होना एक बड़ी सवाल खड़ा करता है। हरिहरगंज शहर से सटे बैद्यबिगहा



ऐसा ही एक गांव है जहां पहले कभी चमार, भुईंयां जाति की बहुलता थी। उनके पास कभी बेसकीमती जमीन हुआ करता था और वे सम्पन्नता की श्रेणी में आते थे। किंतु अब हालात ऐसा है कि अशिक्षा,अंधविश्वास,नशाखोरी और महाजनी चंगुल के कारण बर्वाद हो चुके दलित परिवार अब विपन्नता की जिंदगी जीने को विवश हैं। नशाखोरी की लत व महाजनी चंगुल के चलते उनकी बेसकीमती जमीन महाजनों व दूसरे लोगों के हाथों औने-पौने दामों में गवाना पड़ा। घर के अधिकांश कमाऊ पुरुष नशाखोरी व संक्रामक बीमारी से असामयिक मौत के शिकार हो चुके हैं। अब दलित महिलाएं पूरी तरह शहर में महाजनों के घर चौका-बर्तन और शहर में मजदूरी पर आश्रित हो गए हैं।उनके बच्चे स्कूलों में शिक्षा प्राप्त करने के बजाए बाल मजदूरी करने को विवश हैं। बाबजूद इसके यहां न तो जनप्रतिनिधि और न ही प्रशासन या प्रबुद्ध व्यक्तियों का इस पर कोई ध्यान है। हालांकि शहर में प्राथमिक से लेकर इंटर तक पढ़ाई के लिए स्कूल कॉलेज तो हैं लेकिन प्रभावित परिवारों में नशाखोरी छोड़कर अपने बच्चों का भविष्य सवारनें के लिए शिक्षा के प्रति जागरूकता की घोर कमी है। यहां ज्यादातर गरीब बच्चें प्राथमिक या मिडिल स्कूलों तक जाते जाते ही पढ़ाई छोड़ मजदूरी करने को विवश हो जाते हैं।

# लोहरदगा में आयोजित जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम होगा ऐतिहासिक : आलोक साहू

राष्ट्रीय खबर

**लोहरदगा :** आज लोहरदगा समाहरणालय मैदान में आयोजित जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम में झारखंड के प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ,मंत्रीगण,सांसद ,विधायक, पूर्व विधायक सहित प्रदेश के नेता गण शामिल होंगे ।इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु मंगलवार को लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू किसको प्रखंड के ग्राम आरेया, निरहू ,चरहू, महूगांव ,तेतरडाड गांवो का दौरा कर वहां के



कांग्रेसजनों एवं ग्रामीणों से मुलाकात कर 5 अप्रैल को समाहरणालय मैदान में आयोजित कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेने की अपील किए। मौके पर श्री साहू ने कहा कि झारखंड के प्रभारी 13 दिवसीय दौरे पर झारखंड आए हैं। वह 1950 किलोमीटर की जय भारत सत्याग्रह यात्रा में शामिल होंगे जिसकी शुरूआत कल लोहरदगा जिला से होगा ।श्री साहू ने कहा कि देश अभी संक्रमण काल से गुजर रहा है। केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा तानाशाही रवैया अपनाते हुए कांग्रेस के लोकप्रिय नेता आदरणीय राहुल गांधी की सदस्यता को साजिश के तहत रद्द करवा दी गई है। राहुल गांधी संसद से लेकर सड़क तक भ्रष्टाचारी उद्योगपति अदानी के खिलाफ मुखर होकर जनता की आवाज बुलंद करते रहे हैं । मोदी सरकार के तानाशाह कार्रवाई के खिलाफ पूरे देश में कांग्रेसी आंदोलित है। श्री साहू ने कहा कि कल लोहरदगा में कांग्रेसका ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा जहां से 2024 के लोकसभा चुनाव में तानाशाह मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया जाएगा।

## शहर >> अपडेट

### हाईवा पलटा, चालक और खलासी, कूदकर बचाई जान

**महेशपुर (पाकुड़):** थाना क्षेत्र के पचईबेड़ा कोल माइंस सड़क पर मंगलवार को कोयला लता हाईवा असंतुलित होकर पलट गया। इस घटना में हाईवा के चालक एवं खलासी बाल-बाल बच गया। दोनों वाहन से कूदकर अपना-अपना जान बचाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हाईवा संख्या जेएच16 जी-0849 अमड़ापाड़ा से कोयला लेकर अनलोड साइडिंग जा रहा था।

## सिटी अपडेट्स >>

### मनाया गया महावीर जयंती

**कुडू:** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बड़की चांपी में मंगलवार को भगवान महावीर जयंती मनाया गया। इसमें विद्यालय के भैया बहनों एवं आचार्यों द्वारा जैन धर्म के प्रतिपादक एवं 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। भगवान महावीर द्वारा बतलाए गए पंचशील सिद्धांत सत्य, अहिंसा, अस्तेय, अपरिग्रह और ब्रह्मचर्य पर आचार्य गौरी शंकर शाहदेव द्वारा विस्तार से बताया गया और उन्होंने कहा कि इस पर हम सबों को भी चिंतन और अमल करने की जरूरत है।

### महा यज्ञ के साथ सत्र प्रारंभ

**पाकुड़ :** स्थानीय बलिहारपुर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर प्रांगण में नए शैक्षणिक सह वित्तीय वर्ष के शुरूआत वैदिक यज्ञ एवं हवन कर की गई। यज्ञ में पहुंचे मुख्य अतिथि पूर्व जिला परिषद् के अध्यक्ष बाबू धन मुर्मू का विद्यालय के प्रधानाचार्य रबिन्द्र, विद्यालय प्रबंधन के अध्यक्ष सह समाजसेवी अलोक मंडल, सचिव विजय शंकर ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में भारत माता पर माल्यार्पण के बाद वैदिक महायज्ञ का से हुई जिसमें बच्चों एवं मुख्य अतिथि ने भाग लिया। श्री मुर्मु ने अपने सम्बोधन में विद्यालय द्वारा गुरुकुल परंपरा से शिक्षा देने के लिए सरस्वती विद्या भारती को धन्यबाद दिया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**महेशपुर (पाकुड़):** प्रखंड के खांपुर गांव में मंगलवार को विश्वरूप भगवान के पूजा अर्चना के साथ तीन दिवसीय भजन कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुरोहित असीम मुखर्जी के द्वारा विश्वरूप भगवान का पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। भक्ति कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष बाबूधन मुर्मू उपस्थित थे। जानकारी देते हुए कमेटी के संतोष भगत ने बताया कि गांव में पिछले 18 वर्षों से विश्वरूप भगवान का पूजा कर कीर्तन का आयोजन किया जाता है। कीर्तन मंडली पश्चिम बंगाल कोलकाता के विजय शंकर बंधोपाध्याय एवं बंगाल नदिया के रुम्पा विश्वास मंडली के द्वारा कीर्तन किया जाएगा। संतोष भगत ने बताया कि तीन दिवसीय पूजा में बीते सोमवार को अधिवास के साथ पूजा का शुभारंभ किया गया था।

### निकाला भव्य शोभायात्रा

**पाकुड़ :** चौबीसवें तीर्थंकर 1008 श्री महावीर भगवान का जन्म कल्याणक महोत्सव के शुभ अवसर पर जैन धर्म के लोगों ने सुबह से ही पूजा पाठ जैन मंदिर में प्रारंभ कर दिया था। प्रात: 6:00 बजे मंदिर में अभिषेक एवं शांति धारा तथा पूजन समाप्ति के बाद श्रीजी की शोभायात्रा प्रात: 8:00 शोभा यात्रा भगवान महावीर रथ में विराजमान कर जयकारा के साथ नगर भ्रमण कियाा। यात्रा के माध्यम से जैन समाज द्वारा लोगों को अहिंसा शांति एवं भाईचारा, जीवो के प्रति दया माया का संदेश दिया गयाा। हमें उनके वचनों पर अमल करना चाहिए। अहिंसा परमो धर्मा। यही हमारी कल्पना है और इसी में विश्व का कल्याण है।

## चतरा पुलिस को मिली ऐतिहासिक सफलता की गूंज मुख्यालय तक सुनाई पड़ी

# नक्सलियों के मांद में घुस कर जवानों ने नक्सलियों को मार गिराया: डीजीपी

▶▶ मुठभेड़ में शामिल जवानों का डीजीपी ने हौसला बढ़ाया

राष्ट्रीय खबर



**चतरा :** मुठभेड़ में चतरा पुलिस को मिली ऐतिहासिक सफलता की गूंज राज्य पुलिस मुख्यालय तक सुनाई पड़ी। मुठभेड़ में मिली सफलता के बाद राज्य के डीजीपी अजय कुमार सिंह मंगलवार को हवाई मार्ग से चतरा के लावालौंग पहुंचे। जहां सबसे पहले उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। जिसके बाद डीजीपी का काफिला लावालौंग सीआरपीएफ कैंप पहुंचा। जहां डीजीपी ने मुठभेड़ में शामिल जवानों का हौसला बढ़ाते हुए उनके बीच इनाम की राशि वितरण की। तत्पश्चात पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक के नेतृत्व में झारखंड राज्य में भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के विरूद्ध रणनीति युक्त लगातार करारा प्रहार किया जा रहा है। शीर्ष उग्रवादियों की धर-पकड़ के लिए झारखंड पुलिस के द्वारा चलाए जा रहे योजनाबद्ध नक्सल अभियान काफी प्रभावशाली सिद्ध हो रहे हैं। झारखंड के चतरा एवं पलामू के सीमांत इलाके में झारखंड पुलिस की गुप्त सूचना पर भाकपा माओवादी) के इस इलाके में सबसे सक्रिय एवं कुख्यात मारक दस्ते पर बड़ी कार्रवाई हुई है। चतरा पुलिस, 203 कोबरा टीम तथा सीआरपीएफ 134 बटालियन के जवानों ने पांच शीर्ष नक्सलियों को मार गिराया है।

इस संयुक्त अभियान में नक्सलियों का एक बड़ा कैंप भी ध्वस्त कर दिया गया है। अत्याधुनिक हथियार, गोलियों के जखीरे के साथ अन्य जरूरी समानों की भी बरामदगी हुई है। चतरा-पलामू सीमांत इलाके पर मिली बड़ी सफलता से नकसलियों की कमर टूट गई है। गौतम पासवान की टीम को माओवादियों के एक सशक्त दस्ते के रूप में जाना जाता था जो लगातार कई वर्षों से पुलिस बल एवं आम लोगों को क्षति पहुंचा रहा था।

यह झारखंड पुलिस के लिए बहुत बड़ी सफलता है। उग्रवाद उन्मूलन में झारखंड पुलिस की चौतरफा कार्रवाई जारी है। झारखंड पुलिस और सीआरपीएफ कुशल नेतृत्व, रणनीति और दृढ़ संकल्प के साथ नक्सलियों के खात्म के लिए कटिबद्ध है।

पुलिस का दावा है अन्य नक्सली भी पुलिस के गोली से घायल हुए जिसकी पड़ताल जारी है। मुठभेड़ के बाद चतरा जिला के पुलिस जावनो के हौसले बुलंद है। आगे भी नक्सलियों के विरुद्ध अभियान चलता रहेगा।

### एसपी ने नक्सलियों को दी चेतावनी



मुठभेड़ में पांच शीर्ष नक्सलियों के मारे जाने के उत्साह से लबरेज चतरा जिला के जांबाज और युवा पुलिस कप्तान एसपी राकेश रंजन ने चतरा- पलामू मध्य जोन में बचे बाकी नक्सलियों को कड़ी चेतावनी दी है। एसपी राकेश रंजन ने बताया कि अब इस क्षेत्र में शीर्ष स्तर के अब मात्र तीन नक्सली बचे है, वह भी पुलिस के रडार पर है। जिसमे अरविंद भुइयां, मनोहर गंझू और इंदल का नाम शामिल है। एसपी ने बाकी बचे नक्सलियों से जल्द आत्मसमर्पण करने को कहा है, ताकि सभी अपने बचे हुए दिन घर- परिवार के साथ हंसी-खुशी से बिता सके।

## ग्रामीण विकास मंत्री ने किया कई सड़कों व कौशल विकास केंद्र का शिलान्यास

राष्ट्रीय खबर



**पाकुड़:** सूबे ग्रामीण विकास मंत्री सह विधायक आलमगीर आलम ने अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान कई जनकल्याणकारी योजनाओं का शिलान्यास किया और कहा कि क्षेत्र में ग्रामीण सड़कों को दुरुस्त करने तथा मुख्य सड़कों से जोड़ने के काम को प्राथमिकता दी जा रही है। मैं अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभा रहा हूं।

आपकी जो भी वाजिब समस्याएं हैं मे उनको पूरी ईमानदारी के साथ पूर्ण करने का भरसक प्रयास करता हु। इस क्रम में मंत्री आलमगीर आलम ने तीन सड़कों सहित चांचकी गांव में एक कौशल विकास केंद्र भवन का शिलान्यास किया। सदर प्रखंड के देवतल्ला गांव में 329.230 लाख की राशी से मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत देवतल्ला गांव से वैष्णवडांगा गांव तक सड़क निर्माण, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत 376.749 लाख की राशि से पृथ्वी नगर से शीश पोखर तक सड़क मरम्मतीकरण, डीएमएफटी योजना अंतर्गत इस्लामपुर से बंगाल सीमा तक 46.4877 लाख की राशी से सडक निर्माण तथा चांचकी में 99.37 लाख की राशि से कौशल विकास केंद्र भवन का निर्माण का शिलान्यास किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इन सबके बन जाने पर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को काफी लाभ होगा।मौके पर पाकुड़ जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुमार सरकार, प्रखंड अध्यक्ष मांसारुल हक, विधायक प्रतिनिधि देबू विश्वास, कांग्रेसी नेता अली अकबर, यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष तस्लीम आरिफ, यूथ कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष बिलाल शेख,आदि उपस्थित थे।

## संजीवनी अकादमी में वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा



राष्ट्रीय खबर

**चंदवारा:** प्रखंड के संजीवनी अकादमी चंदवारा में मंगलवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा सह शिक्षक अभिभावक गोष्टी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता विद्यालय संरक्षक मनोज मोदी व संचालन प्रबंध निदेशक सह प्राचार्य संजीव कुमार ने किया। कार्यक्रम में छात्रा खुशी, निशा, सोनम व लक्की ने स्वागतगान गाकर स्वागत किया। शिक्षकों व अभिभावकों ने नए सत्र 2023-24 में विद्यालय की पठन पाठन को लेकर विचार विमर्श किया और अपने सुझाव दिए।विद्यालय प्रबंधक संजीव कुमार ने कहा कि संजीवनी अकादमी हमेशा बेहतर शिक्षा देकर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए दृढसंकल्पित है। जूनियर सेक्शन से नर्सरी में रंजन, विद्या, चाहत एल के जी में राजवीर, रिद्धि राज, आराध्या व मानस, यू के जी में छाया, आरुषि, कनिष्का ने क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया। वही वर्ग प्रथम में आदित्य राज, नितिन, सुशांत, वर्ग द्वितीय में बलराम, रितेश व कुशाग्र, वर्ग तृतीय में प्रिंस, अनन्या व अमित, वर्ग चतुर्थ में सृष्टि, बिट्टू राणा व खुशी व पीयूष ने प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया।

## युवा कॉंग्रेस ने निकाली पदयात्रा,किया विरोध



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज के आदेशानुसार 4 अप्रैल को राहुल गांधी की संसदीय सदस्यता रद्द किए जाने के खिलाफ केंद्र सरकार के विरोध में युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अशरफ अली के नेतृत्व में सत्यग्रह मार्च तिलैया थाना के सामने गाँधी जी प्रतिमा से सूभाष चौक एवं भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माला अर्पण कर सत्यग्रह मार्च जुलूस शांतिपूर्ण निकाला गया।जिसमे युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अशरफ अली,विधानशभा अध्यक्ष सदाम अंसारी ,महासचिव संतोष यादव ,जयनगर प्रखण्ड अध्यक्ष अरमान खान,जयनगर प्रखण्ड उपाध्यक्ष शब्बीर खान,मारकचो प्रखण्ड अध्यक्ष सोनल कुमार ,जिला उपाध्यछ संजय कुमार दास ,चन्दावरा प्रखण्ड अध्यक्ष अनिल कुमार दस ,एवं तमाम समस्त युवा कांग्रेस के पदधिकारी एवं कोडरमा जिला कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारी,विभिन्न प्रकोष्ट के समस्त अध्यक्ष उपस्थित थे। युवा कांग्रेस के इस पदयात्रा के समर्थन में आज मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव मनोज सहाय पिंकू प्रदेश प्रतिनिधि कांग्रेस नेता हुसैन अली सहित युवा विधानसभा प्रभारी चांद आलम उपस्थित हुए।

## उपायुक्त ने की निजी क्षेत्रों में स्थानीय उम्मीदवारों के नियोजन के संबंध में बैठक

राष्ट्रीय खबर



**गोड्डा :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त जिशान कमर की अध्यक्षता में निजी क्षेत्रों में स्थानीय उम्मीदवारों के नियोजन से संबंधित बैठक की गई। उक्त बैठक के दौरान जिला नियोजन पदाधिकारी के द्वारा जानकारी दी गई कि निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 के तहत गोड्डा जिला में कुल 82 नियोजकों को निबंधित किया गया है।

इसमें से 59 (उनसठ) नियोजकों का प्रथम स्मार एवं 33 (तैतीस) नियोजकों को द्वितीय स्मार निर्गत किया गया है। उनके द्वारा बताया गया कि अडाणी पॉवर लिमिटेड गोड्डा का निबंधन किया गया है। झारनियोजन पोर्टल पर अब तक कुल 77 नियोजकों का निबंधन किया जा चुका है,शेष नियोजकों का निबंधन संबंधी कार्रवाई किया जा रहा है।

वित्तीय वर्ष 2022-23 में अब तक 13 भर्ती - कैम्प एवं तीन रोजगार मेला का आयोजन किया गया।जिसमें से जिला नियोजनालय गोड्डा द्वारा 10 भर्ती कैम्प एवं 03 रोजगार मेला आयोजित किया गया। रोजगार मेले में कुल 1096 आवेदकों को नियोजन दिलाने का कार्य किया गया। उक्त अधिनियम के लागू होने के पश्चात इस जिला नियोजनालय के द्वारा के द्वारा पांच भर्ती कैम्प एवं तीन रोजगार मेला आयोजित किया गया, जिसमें स्थानीय नियोजकों ने अपने संस्थान में नियोजन हेतु कुल 526 आवेदकों का चयन किया ।जिसमें स्थानीय नियोजकों द्वारा कुल 722 रिक्ति कार्यालय को प्राप्त हुआ। इस अधिनियम के लागू होने के पश्चात एक जागरूकता शिविर का आयोजन विकास भवन परिसर, गोड्डा में आयोजित किया गया जिसमें लगभग 7800 (सात हजार आठ सौ आवेदकों द्वारा अपना बायोडाटा इस कार्यालय को जमा किया गया है। इस अधिनियम के लागू होने के पश्चात दो अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन क्रमशः जिला नियोजनालय, गोड्डा एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सुन्दरपहाड़ी में किया गया जिसमें कुल 270 स्थानीय आवेदकों ने भाग लिया एवं मेले का लाभ उठाया।गोड्डा जिला में कुल 22832 अभ्यर्थी निबंधित है ,जिसमें पुरूष 18550 एवं महिला 5820 हैं।

## खेल ▶ शेखर बोस का जन्मदिन खिलाड़ियों ने वॉलीबॉल दिवस के रुप में मनाया

# स्वामी विवेकानंद यूथ क्लब टीम ने मारी बाजी

राष्ट्रीय खबर



**पाकुड़:** भारतीय वॉलीबॉल संघ के उपाध्यक्ष,झारखंड ओलंपिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष एवं झारखंड वॉलीबॉल संघ के सचिव ? शेखर बोस का जन्मदिन जिला वॉलीबॉल संघ पाकुड़ के द्वारा झारखंड वॉलीबॉल दिवस के रूप में बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ रेलवे मैदान पाकुड़ में मनाया गया। इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी राहुल कौशिक, जिला वॉलीबॉल संघ के सचिव हिसाबी राय,सह सचिव अनिकेत गोस्वामी, ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन के अध्यक्ष अखिलेश कुमार चौबे, सचिव सह प्रशिक्षक संजय कुमार ओझा एवं विभिन्न प्रखंडों से आए खिलाड़ीगण मौजूद रहे। इसके पूर्व इस झारखंड-बिहार में वॉलीबॉल के भीष्म पितामह के नाम से प्रसिद्ध शेखर बोस के सम्मान में उपस्थित अतिथियों ने केक काटकर जन्मदिन मनाया ब सभी खिलाड़ियों के साथ उसे साझा किया। प्रतियोगी के रूप में जिला वॉलीबॉल संघ,स्वामी विवेकानंद यूथ क्लब,हरिणडंगा वॉलीबॉल क्लब,हरिणडंगा वॉलीबॉल क्लब जूनियर,हिरणपुर वॉलीबॉल क्लब,केकेएम कॉलेज की टीम ने भाग लिया। फाइनल मैच में स्वामी विवेकानंद यूथ क्लब की टीम ने जिला वॉलीबॉल संघ को शिकस्त किया।विजय टीम को जिला वॉलीबॉल संघ के सचिव हिसाबी राय जिले के वरिष्ठ वरिष्ठ पत्रकार रामप्रसाद सिन्हा व टिंकू दत्ता ने संयुक्त रूप से पुरस्कृत किया। मौके पर वॉलीबॉल संघ के सह सचिव अनिकेत गोस्वामी ने सभी उपस्थित खिलाड़ी व आए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम समापन की घोषणा किया। कार्यक्रम में विपिन कुमार चौधरी,विजय कुमार राय, लाल्टू भौमिक, दिनेश लालवानी, अजय राय, अविनाश पंडित, संजय राय, मिट्ठू ठाकुर, आयांश राय, तन्मय पोद्दार, राहुल दास, ओम प्रकाश नाथ, अजीत मंडल सहित दोनों खिलाड़ी मौजूद थे।

## न्यूज फटाफट

### ग्राम सभा का आयोजन

**कुडू:** घर घर सघन टीबी रोगी खोज (एसीएफ) अभियान को प्रभावी तरीके से संचालन को लेकर मुखिया बसमती जी की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन चंदलासो पंचायत भवन में किया गया। जिसमे उप मुखिया अखिलेश सिंह , वार्ड सदस्य, सहिया, सेविका सहित कई अन्य ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। ग्राम सभा का आयोजन सीएचओ एवं पीरामल स्वास्थ्य के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस दौरान सभी सहिया को निर्देश दिया गया कि टारगेट ग्रुप के साथ साथ सभी अन्य घरों में जाकर छिपे संदिग्ध टीबी रोगियों की पहचान करें। कार्यक्रम के दौरान पीरामल स्वास्थ्य के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सुधीर कुमार राय ने बताया कि टीबी मुक्त पंचायत एवं गांव बनाने को लेकर यह सुनिश्चित करें कि एक भी टीबी मरीज जानकारी के अभाव में इलाज से वंचित नहीं रहे। उप मुखिया अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि इसके लिए जरूरी है कि सभी सहिया संदिग्ध टीबी रोगियों को चिन्हित करें। ताकि उनका स्क्रीनिंग कर जांच के लिए प्रेरित किया जाय।

### मृतक के परिजनो से जिप अध्यक्ष ने किया मुलाकात

कुडू: प्रखण्ड के जीमा के समीप अज्ञात वाहन के चपेट में आकर पिता पुत्र की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई, मृतक की 'पहचान हेसल कारी टोली निवासी गिरिधर भगत एवं उसके पुत्र हर्ष भगत के रूप की गई यह घटना मंटू ढाबा जीमा के समीप की है। घटना की जानकारी होने के बाद मृतक के परिजनों से लोहरदगा जिला परिषद् अध्यक्ष रीना कुमारी भगत उनके घर पहुंचे, कहा इस दु:ख के घड़ी में हमें धैर्य रखने की आवश्यकता है एवं सरकार के द्वारा उपल्ब्ध हर सरकारी सहायता कराई जायेगी इस दौरान मुख्यरूप से आदिवासी छात्र संघ कुडू प्रखण्ड अध्यक्ष अवधेश उरांव, समाज सेवी सह युवा कांग्रेस नेता रवि कुमार साहु, स्टूडेंट पब्लिक स्कूल के संचालक सतेंद्र गुप्ता हेसल पंचायत उपमुखिया अशोक उरांव, बुद्धिमान उरांव आदि मौजूद रहे।

### सड़क जाम करने वाले के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**कुडू:** कुडू थाना क्षेत्र के जीमा झखरा टोली में सड़क दुर्घटना में हुई पिता पुत्र की मौत के बाद गुस्साए ग्रामीणों द्वारा कुडू लोहरदगा मुख्य पथ एनएच 143ए को अवरुद्ध कर प्रशासन पर जानलेवा हमला करने मामले में कुडू सीओ प्रवीण कुमार सिंह ने उपरोक्त व्यक्तियों के विरुद्ध सरकारी कार्य में बाधा डालने, उपस्थित एवं अपने कर्तव्य पर तैनात पुलिसकर्मियों पर जानलेवा हमला करने, राष्ट्रीय राजमार्ग को लंबे समय तक अवरुद्ध करने के आरोप में सुनील उरांव पिता रंथु उरांव, सुखदेव उरांव पिता सोमरा उरांव, जितेन्द्र उरांव पिता गुरदयाल उरांव उर्फ चुईया, दुर्गा उरांव पिता स्व. बिफई उरांव, बालेश्वर उरांव स्व. बंधु उरांव, प्रमोद भगत पिता सोमरा भगत सभी ग्राम ननतिलो नवाटोली, कड़ाक गांव निवासी मनु उरांव पिता स्व. सोमरा उराँव, राजकुमार उरांव पिता स्व मंगरा उरांव, अनीताभ लोहरा पिता लंदरा लोहरा ग्राम ननतिलो झखराटोली, नागेंद्र का रिश्ते का भांजा विजय उरॉव के अलावा अन्य 30-40 अज्ञात महिला पुरुष पर प्राथमिकी दर्ज कराई है।

### रैली के लिए जत्था कोडरमा से दिल्ली रवाना

**झुमरीतिलैया:** भाजपा सरकार की जनविरोधी कॉरपोरेट परस्त सांप्रदायिक नीति के खिलाफ, कमरतोड़ महंगाई, एमएसपी पर फसल की खरीद की कानूनी गारंटी, सभी कामगारों के लिए न्यूनतम मजदूरी 26000 प्रति माह, कर्जा मुक्ति, 60 वर्ष से ऊपर के सभी किसानों को पेंशन, मजदूर विरोधी चार लेबर कोड कानून व बिजली संशोधन विधेयक 2020 वापस लेने, मनरेगा योजना का विस्तार कर 200 दिन काम की गारंटी एवं 600 रुपए प्रतिदिन मजदूरी देने, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य एवं खाद सुरक्षा सुनिश्चित करने, राशन प्रणाली को मजबूत बनाने आदि माँगों को लेकर बुधवार 5 अप्रैल को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित किसान मजदूर संघर्ष रैली में भाग लेने के लिए कोडरमा जिला से किसान मजदूरों का जत्था दिल्ली पहुंचा। सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने जानकारी देते हुए कहा कि झारखंड संपर्क क्रांति एक्सप्रेस, पुरूषोत्तम एक्सप्रेस, कालका मेल, नन्दन कानन एक्सप्रेस आदि ट्रेनों से जत्थावार सैकड़ों की संख्या में जिला से किसान और मजदूर दिल्ली रैली में भाग लेने के लिए गए हैं। किसानो के जत्था का नेतृत्व किसान सभा के राज्य संयुक्त सचिव असीम सरकार, मजदूरों के जत्था का नेतृत्व निर्माण कामगार यूनियन (सीटू) के नेता प्रेम प्रकाश व आंगनबाड़ी सेविका सहायिका का नेतृत्व आंगनबाड़ी यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष मीरा देवी आदि कर रहे हैं।

### दरदाही में स्वास्थ केंद्र जल्द होगा शुरू

**मरकच्चो:** प्रखंड के पंचायत नावाडीह स्थित ग्राम दरदाही में करोड़ो रुपये की लागत से बना पीएचसी सेंटर कई वर्षो से उद्घाटन के बाट जोह रहा था। अब बहुत जल्द इसे चालू कर दिया जायगा। उक्त जानकारी मरकच्चो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी प्रदीप बैठा ने दी। उन्होंने यह भी बताया कि अभी उद्घाटन नही हुवा है मगर सेंटर को बहुत जल्द ही चालू कर दिया जाएगा। अभी पीएचसी सेंटर में एक डाक्टर, दो एएनएम करिश्मा कुजूर, किरणती कुमारी, ड्रेसर एवम पियून ने 23 मार्च को अपना योगदान दे दिया है। पीएचसी सेंटर में मरीजों के लिए बेड, पानी, बिजली इत्यादि की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। विधि व्यवस्था के लिए कोडरमा सीएस को अवगत कराया गया है। जानकारी हो कि 5 वर्षो से पहले यह बनकर तैयार था, पर बन्द रहने के कारण खंडहर में तब्दील होते जा रहा था। अब सेंटर की साफ सफाई करा दिया गया है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि पीचसी के चालू होने से मरीजों को सुविधा होगी। सेंटर चालू होने की खबर सुन लोगो में खुशी की लहर है।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य कार्यक्रम होगा शुरू

**कोडरमा:** जिला प्रशासन कोडरमा व इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन के सौजन्य से इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन लाईफलाईन एक्सप्रेस प्रोजेक्ट के तहत चंदवारा प्रखंड स्थित पिपराडीह रेलवे स्टेशन में नि:शुल्क स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस हेतु उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने पिपराडीह रेलवे स्टेशन पहुंच कर तैयारियों का जायजा लिया। उप विकास आयुक्त ने स्वास्थ्य कार्यक्रम को लेकर सारी व्यवस्था की जानकारी सभी नोडल पदाधिकारी से ली और को बेहतर निर्वहन के लिए सही प्रतिनिधि नोडल अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवारा का भ्रमण कर साफ सफाई और बेड की व्यवस्था से संबंधित जानकारी लेते हुए सभी कार्य को ससमय करने का निर्देश दिये। बता दें कि नि:शुल्क स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत आंख की जांच एवं मोतियाबिंद की सर्जरी दिनांक 05 अप्रैल से 10 अप्रैल 2023 तक, कान की जांच और कान की सर्जरी दिनांक 12 अप्रैल से दिनांक 16 अप्रैल 2023 तक, मुड़े हुए पैर का परिक्षण एवं सर्जरी दिनांक 18 अप्रैल से दिनांक 20 अप्रैल 2023 तक, स्तन और ग्रीवा कैंसर जागरुकता एवं परिक्षण दिनांक 05 अप्रैल से 10 अप्रैल 2023 तक, दांत की जांच एवं उपचार दिनांक 20 अप्रैल से 25 अप्रैल 2023 तक और बी.पी व शुगर की जांच दिनांक 5 अप्रैल से 25 अप्रैल 2023 तक किया जायेगा।

### महिला क्रिकेट टूनार्मेंट में लाइजन बने दिनेश

कोडरमा: झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन ने आगामी 6 अप्रैल से खेले जाने वाले इंटर डिस्ट्रिक्ट सीनियर वुमेन्स क्रिकेट टूनार्मेंट का लाइजन अफसर कोडरमा जिला के सचिव दिनेश सिंह को नियुक्त किया है। 6 अप्रैल से खेले जाने वाला यह टूनार्मेंट बोकारो रांची और जमशेदपुर में होगा। श्री सिंह बोकारो वेन्यू में अपना योगदान देंगे जहां पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, हजारीबाग और जामताड़ा की टीम खेलेगी। ज्ञात हो कि इसके पूर्व भी जेएससीए ने दिनेश सिंह को बड़े बड़े टूनार्मेंट में अहम जिम्मेदारियां सौंपी है, जिसका बखूबी निर्वहन उन्होंने किया। श्री सिंह के मनोनयन पर कोडरमा के खेल प्रेमियों में हर्ष है। हर्ष व्यक्त करने वालों में केडीसीए के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, रोहित कुमार, रवि यादव सहित अन्य शामिल है।

## न्यूज फटाफट

### मजबूत हुई दिल्ली कैपिटल की टीम, इस गेंदबाज के जुड़ने से छूटेंगे बल्लेबाजों के पसीने




**नई दिल्ली:** आईपीएल में दिल्ली कैपिटल का मुकाबला आज गुजरात टाइटंस से होना है। इस मुकाबले के लिए दिल्ली की टीम के साथ दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज एनरिक नॉर्किया भी जुड़ गए है। आईपीएल की शुरूआत से पहले तक एनरिक दक्षिण अफ्रीका की टीम के लिए खेल रहे थे। एनरिक के अलावा लुंगी एनगिडी भी दिल्ली कैपिटल में शामिल हो गए है। दक्षिण अफ्रीका के ये दोनों ही खिलाड़ी लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले में उपस्थित नहीं थे। दोनों खिलाड़ियों के टीम में शामिल होने से दिल्ली की टीम अधिक मजबूत हो गई है। बता दें कि लुंगी एनगिडी और एनरिक नॉर्किया दक्षिण अफ्रीका में नीदरलैंड्स के खिलाफ खेली जा रही एकदिवसीय सीरीज का हिस्सा थे, जिस कारण वो आईपीएल के शुरूआती मुकाबलों से नदारद रहे थे। वहीं अब दोनों खिलाड़ी टीम के साथ जुड़ गए है जिससे टीम की गेंदबाजी और अधिक मजबूत हो गई है। एक खिलाड़ी शानदार पेसर है जबकि दूसरे के यॉर्कर बल्लेबाजों को चित्त कर सकते है। भारत आकर रोमांचित नॉर्कियाएनरिक नॉर्किया दक्षिण अफ्रीका से दिल्ली कैपिटल्स की टीम के साथ जुड़ने के लिए दिल्ली पहुंच गए है। दिल्ली पहुंचने पर उन्होंने बताया कि दिल्ली की टीम के साथ जुड़ने से वो काफी खुश हैं। गौरतलब है कि नार्किया के टीम में शामिल होने के बाद अब विपक्षी टीम के बल्लेबाजों की दमदार परीक्षा होगी। उनके अलावा लूंगी एनगिडी भी दिल्ली की टीम के साथ जुड़ गए है। एनगिडी दिल्ली कैपिटल्स के रिटेन किए गए खिलाड़ियों की सूची में शामिल है। उन्हें दिल्ली ने आईपीएल 2022 के ऑक्शन में 50 लाख रुपये में खरीदा था।

आईपीएल

### ना रोहित शर्मा,ना विराट कोहली,ना सूर्यकुमार

# एमएस धोनी के धुरंधर ने जड़ दिया आईपीएल 2023 का सबसे लंबा छक्का



एजेंसियां

**नई दिल्ली :** आईपीएल 2023 में सोमवार को चेन्नई सुपर किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच चेपॉक में मुकाबला खेला गया इस मैच में एक बार फिर से ऋतुराज गायकवाड़ ने शानदार शुरूआत की। गायकवाड़ ने 31 गेंदों में 57 रन की विस्फोटक पारी खेली। डेवॉन कॉन्वे ने भी शानदार खेल दिखाया। सीएसके की सलामी जोड़ी ने 9.1 ओवर में 110 रन जोड़े। कॉन्वे ने 29 गेंदों में 47 रन बनाए, जिसमें 5 चौके और 2 छक्के शामिल रहे। ऋतुराज गायकवाड़ और डेवॉन कॉन्वे के अलावा शिवम दुबे ने भी 16 गेंदों में 27 रन की धुंआधार पारी खेली, जिसमें एक चौका और 3 छक्के शामिल थे। अपनी इस पारी के दौरान दुबे ने आईपीएल 2023 का सबसे लंबा छक्का भी जड़ दिया। शिवम दुबे को गत चैंपियन गुजरात टाइटन्स के खिलाफ पिछले मैच में उनकी धीमी बल्लेबाजी के लिए फैन्स की आलोचना का सामना करना पड़ा था। इस मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था. इस मैच में दुबे ने 18 गेंदों में 19 रन बनाए थे, जिसमें सिर्फ एक छक्का शामिल था. सोमवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ शुरूआत में शिवम दुबे की कहानी फिर से पहले जैसी ही दिख रही थी। दुबे ने पहली 10 गेंदों का सामना करते हुए सिर्फ पांच रन बनाए. हालांकि, जल्दी ही उन्होंने गियर बदल दिया और अगली पांच गेंदों में 22 रन ठोक डाले।

## खेल जगत अपडेट्स »

### आईसीसी वनडे विश्व कप




**नई दिल्ली:** क्रिकेट फैंस के ऊपर आईपीएल का खुमार जबरदस्त तरीके से देखने को मिल रहा है। यह साल क्रिकेट के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण रहने वाला है क्योंकि भारत डब्लूटीसी फाइनल में अपनी जगह बना चुका है। इसके अलावा वनडे वर्ल्ड कप भी भारत में खेला जाना है। वनडे विश्व कप को लेकर इस वक्त एक बड़ा अपडेट आया है। वनडे विश्व कप में भारत और पाकिस्तान की टीम आमने-सामने होंगे। दरअसल, आईसीसी जैसे बड़े टूनार्मेंट में भारत और पाकिस्तान की टीम आमने-सामने होती हैं। लेकिन दोनों टीमों के बीच द्विपक्षीय श्रृंखला नहीं खेली जाती। खबर यह है कि आईसीसी वनडे विश्व कप में भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला खेला जाएगा। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले मुकाबले को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम या फिर चेन्नई के चेपक स्टेडियम में कराया जा सकता है। इससे पहले पाकिस्तान ने वर्ल्ड कप में भारत का दौरा करने से मना कर दिया था। पाकिस्तान ने आईसीसी को पत्र लिखकर यह भी कहा था कि उसके मुकाबले बांग्लादेश में कराया जाए। लेकिन आईसीसी की ओर से पाकिस्तान क्रिकेट टीम की इस मांग को पूरी तरीके से खारिज कर दिया गया था। ऐसे में पाकिस्तान क्रिकेट टीम को वनडे विश्वकप के लिए भारत आना ही होगा।दरअसल, पूरा विवाद शुरू हुआ था जब बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने साफ तौर पर कहा था कि भारत एशिया कप खेलने के लिए पाकिस्तान का दौरा नहीं करेगा। दरअसल, 2023 एशिया कप का आयोजन पाकिस्तान में ही हो रहा है। भारत सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान का दौरा नहीं करना चाहता। ऐसे में खबर यह भी है कि एशिया कप में भारत के मुकाबले पाकिस्तान से बाहर खेले जा सकते हैं।

## नो बॉल,वाइड पर लेकर धोनी की गेंदबाजों को चेतावनी

एजेंसियां

**चेन्नई :** चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने अपने गेंदबाजों के प्रति निराशा व्यक्त करते हुए कहा है कि अगर वे वाइड और नो बॉल पर काबू नहीं करेंगे तो उन्हें नये कप्तान के तहत खेलना होगा। गौरतलब है कि चेन्नई ने सोमवार को लखनऊ सुपरजायंट्स पर 12 रन की जीत दर्ज की, हालांकि उसके गेंदबाजों ने आश्चर्यजनक अनुशासनहीनता का प्रदर्शन किया। चेन्नई के गेंदबाजों ने मैच के दौरान 13 वाइड और तीन नो बॉल फेंकी, जिससे कप्तान धोनी नाखुश नजर आये। धोनी ने मैच के बाद कहा, गेंदबाजों को नो बॉल बिल्कुल खत्म करनी होंगी, और वाइड पर काबू पाना होगा। हम अत्यधिक अतिरिक्त गेंदें डाल रहे हैं। हमें इन्हें कम करने की जरूरत है वरना वे (गेंदबाज) किसी नये कप्तान के तहत खेलेंगे। धोनी ने आईपीएल के इस सीजन में दूसरी बार अतिरिक्त रनों को लेकर चिंता जताई है। गुजरात टाइटन्स के खिलाफ खेले गये चेन्नई के पहले मैच में भी गेंदबाजों ने अनुशासनहीनता दिखाई थी, जिस पर धोनी नाराज थे। गुजरात के खिलाफ चेन्नई को पांच विकेट की हार मिली थी, हालांकि चेपौक के मैदान पर धोनी की टीम ने जीत का स्वाद चखा। धोनी ने टूर्नामेंट की पहली जीत पर कहा, यह एक शानदार मैच था। हम सब सोच रहे थे कि विकेट कैसा होगा। हमें इसको लेकर कोई जानकारी नहीं थी लेकिन यहां बड़ा स्कोर बन सका। कुल मिलाकर यह एक बेहतरीन मैच था। करीब पांच या छह साल बाद स्टेडियम खचाखच भरा था। उन्होंने कहा, हमें अपनी तेज गेंदबाजी में सुधार करना होगा और परिस्थितियों के अनुसार गेंदबाजी करनी होगी। अगर पिच सपाट भी है तो बल्लेबाजों को बड़े शॉट खेलने के लिये मजबूर करना होगा। चेन्नई के दो मैचों में एक जीत और एक हार के साथ दो अंक हैं। धोनी की टीम का अगला मैच शनिवार को मुंबई इंडियन्स से होगा।

## पाटीदार एड़ी की चोट के कारण आईपीएल से बाहर



एजेंसियां

**कोलकाता :** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के मध्यक्रम के बल्लेबाज रजत पाटीदार एड़ी की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग( आईपीएल)-2023 सीजन से बाहर हो गए हैं। आरसीबी ने मंगलवार को एक ट्वीट के जरिए इसकी जानकारी देते हुए कहा, ''दुर्भाग्य से, एड़ी की चोट के कारण रजत पाटीदार आईपीएल 2023 से बाहर हो गए हैं। हम रजत के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं और इस प्रक्रिया के दौरान उनका समर्थन करना जारी रखेंगे।''फ्रेंचाइजी ने बताया कि टीम प्रबंधन फिलहाल पाटीदार के प्रतिस्थापन पर विचार नहीं किया है। पाटीदार इस साल आरसीबी के पहले मैच में हिस्सा नहीं ले सके, हालांकि पिछले सीजन में उन्होंने अपने प्रदर्शन से सभी का ध्यान आकर्षित किया था। पाटीदार ने आईपीएल 2022 में आठ मैच खेलकर 55.50 की औसत से 333 रन बनाए थे। उन्होंने एलिमिनेटर में लखनऊ सुपर जायंट के विरुद्ध मैच जिताऊ शतक जड़कर सबकी वाहवाही भी बटोरी थी। पाटीदार का टूर्नामेंट से बाहर होना आरसीबी के लिए बड़ा झटका है क्योंकि उनसे पहले जोश हेजलवुड और रीस टॉपलीटॉपले भी चोटग्रस्त हो चुके हैं। हेजलवुड एड़ी की चोट के कारण आईपीएल के शुरुआती हिस्से में नहीं खेल सकेंगे, हालांकि फ्रेंचाइजी ने टॉपली की चोट पर फिलहाल कोई जानकारी नहीं दी है। आरसीबी फिलहाल अपने अगले आईपीएल मैच के लिए कोलकाता में है जहां उसे गुरुवार को मेजबान टीम का सामना करना है।

## ऋषभ पंत चोट के बाद पहली बार स्टेडियम में आएंगे नजर



एजेंसियां

- दिल्ली कैपिटल्स को पहले मैच में लखनऊ से हार झेलनी पड़ी थी
- अरुण जेटली स्टेडियम में ऋषभ पंत टीम का समर्थन करते नजर आएंगे

**नई दिल्ली:** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2023) का खुमार भारत में छाया हुआ है। इस सीजन में अभी तक 6 मुकाबले खेले जा चुके हैं। कुछ टीमों ने जीत के साथ आईपीएल की शुरूआत की है तो कुछ को अभी जीत की तलाश है। जिसमें से एक नाम दिल्ली कैपिटल्स का भी है। पहले मैच में दिल्ली को लखनऊ से करारी हार का सामना करना पड़ा था। अब दिल्ली अपना दूसरा मुकाबला अरुण जेटली स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेलेगी, जहां दिल्ली के विस्फोटक बैटर ऋषभ पंत भी नजर आएंगे। ऋषभ पंत के रूप में दिल्ली कैपिटल्स को दिसंबर में बड़ा झटका लगा था। उस दौरान पंत भयावह कार हादसे का शिकार हो गए थे। जिसके बाद वह क्रिकेट से लंबे समय के लिए दूर हो चुके हैं। हालांकि, पंत हर दिन तेजी से रिकवर हो रहे हैं, अब वह चोट के बाद पहली बार किसी स्टेडियम में नजर आएंगे।

## अमिताभ बच्चन के साथ 'सेक्सन 84' में काम करेंगी डायना पेंटी



एजेंसियां

**मुंबई :** जानीमानी अभिनेत्री डायना पेंटी बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन के साथ फिल्म सेक्सन 84 में काम करती नजर आयेंगी। रिभु दासगुप्ता के निर्देशन में बन रही फिल्म सेक्सन 84 में अमिताभ बच्चन और डायना पेंटी की मुख्य भूमिका है। रिलायंस एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनने जा रही इस फिल्म पर काम जल्द ही शुरू होगा। डायना पेंटी फिल्म सेक्सन 84 में काम करने को लेकर बेहद उत्साहित है। डायना पेंटी ने कहा, 'सेक्शन 84' मेरे लिए बहुत खास है। न केवल इसलिए कि ये एक दिलचस्प कहानी है, बल्कि इसलिए भी कि सुपरस्टार अमिताभ बच्चन के साथ काम करना सौभाग्य की बात है। एक सपना आखिरकार साकार हुआ, रिभु दासगुप्ता का विजन हटकर है और मैं इस फिल्म में उनके साथ सहयोग कर बहुत खुश हूं। मुझे पता है कि ये एक ऐसा अनुभव होने जा रहा है जिसे मैं याद रखूंगी।

## ऋतिक रोशन की 'वॉर 2'को निर्देशित करेंगे अयान मुखर्जी



एजेंसियां

**मुंबई :** बॉलीवुड निर्देशक अयान मुखर्जी ऋतिक रौशन की आने वाली फिल्म 'वॉर 2'को निर्देशित करेंगे। अयान मुखर्जी ने रणबीर कपूर और आलिया भट्ट को लेकर सुपरहिट फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' बनायी है। अयान मुखर्जी अब ऋतिक रौशन की आने वाली फिल्म 'वॉर 2' को निर्देशित करने जा रहे हैं।इस बात की जानकारी ट्रेड एनालिस्ट तरण आर्दश ने दी है। तरण आदर्श ने ट्वीट के जरिये फिल्म 'वार 2' को लेकर बड़ा अपडेट शेयर किया है।

## बैंगलोर में 'केडी- द डेविल' की शूटिंग करेंगी शिल्पा शेट्टी



एजेंसियां

**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी अपनी आने वाली फिल्म केडी- द डेविल की शूटिंग बैंगलोर में करेंगी। शिल्पा शेट्टी बैंगलोर में अपनी आगामी फिल्म 'केडी- द डेविल' की शूटिंग के लिए रवाना हो चुकी हैं। इस फिल्म में शिल्पा सत्यवती की भूमिका मे नजर आयेंगी।1970 के दशक में बैंगलोर में हुई वास्तविक घटनाओं पर आधारित इस एक्शन पीरियड एंटरटेनर में शेट्टी एक नए अवतार में नजर आएंगी। ध्रुवा सरजा इस फिल्म में अहम भूमिका में नजर आएंगे। इसके अलावा वी रामचंद्रन , संजय दत्त भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।

## जूनियर एनटीआर ने फिल्म 'एनटीआर 30' की शूटिंग शुरू की



एजेंसियां

**मुंबई :** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर ने अपनी आने वाली फिल्म एनटीआर 30 की शूटिंग शुरू कर दी है। जूनियर एनटीआर इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'एनटीआर 30'को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में उनके साथ जाह्नवी कपूर नजर आने वाली हैं। जूनियर एनटीआर ने 'एनटीआर 30'की शूटिंग शुरू कर दी है। जूनियर एनटीआर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर वीडियो शेयर किया है। जूनियर एनटीआर वीडियो में चलते हुए नजर आ रहे हैं और फिर निर्देशक कोरताला शिवा से मिलते हैं। वीडियो के बैकग्राउंड में आवाज आती है, आ रहा हूं मैं।'जूनियर एनटीआर ने अपने पोस्ट के साथ कैप्शन लिखा है, ह्यकोरताला शिवा के साथ सेट पर आना शानदार है।' बताया जा रहा है कि फिल्म 'एनटीआर 30' 05 अप्रैल, 2024 में रिलीज होगी। फिल्म 'एनटीआर 30' से जाह्नवी कपूर साउथ फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करने वाली हैं। यह फिल्म एनटीआर आर्ट्स के हरि कृष्ण के और युवसुधा आर्ट्स के सुधाकर मिकिलिनेनी द्वारा निर्मित है।

# प्रदेश >> अपडेट

### एएसआई ने की पत्नी,पुत्र की गोली मारकर हत्या

**गुरदासपुर :** पंजाब के गुरदासपुर में मंगलवार को एक सहायक उप पुलिस निरीक्षक (एएसआई) ने पत्नी और पुत्र की गोलियां मारकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार भूपिंदर सिंह नामक पुलिसकर्मी ने भूंबली गांव में पत्नी बलजीत कौर और पुत्र लवप्रीत (19) पर गोलियां चलाईं जिसमें दोनों की मौत हो गई। भूपिंदर सिह की अंधाधुंध गोलीमारी में घर का एक पालतू कुत्ता भी मारा गया।

# शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### कोविड संक्रमित मामले 21 हजार से अधिक

**नयी दिल्ली :** देश में पिछले 24 घंटे के दौरान कोविड संक्रमण के लगभग तीन हजार नए मामले सामने आए हैं और इसके साथ ही संक्रमित व्यक्तियों की कुल संख्या 21 हजार से अधिक हो गयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि देश में पिछले 24 घंटे के दौरान 3038 नये लोग कोविड संक्रमित हुए हैं। इसके साथ ही कोविड संक्रमितों की संख्या 21179 हो गयी है और संक्रमण दर 1.84 प्रतिशत दर्ज की गई है।

### किसानों को 50 हजार रुपये प्रति एकड़ का मुआवजा दे

**चंडीगढ़ :** शिरोमणि अकाली दल(शिअद) अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने मंगलवार को मांग की कि भगवंत सिंह मान सरकार तुरंत खराब फसल के लिए किसानों को 50 हजार रुपये प्रति एकड़ का मुआवजा दे। बादल ने एक ट्वीट शृंखला में कहा कि बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से 20 लाख हेक्टेयर में किसानों की गेहूं की फसल बर्बाद हो गयी है और कृषि विशेषज्ञों ने इसकी पुष्टि की है तो मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान किस बात का इंतजार कर रहे हैं? उन्होंने मीडिया रिपोर्टों के हवाले से आरोप लगाया कि राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं।

# संक्षिप्त >> अपडेट्स

### मंत्रालय परिसर में वंदे-मातरम गायन संपन्न

**भोपाल :** भोपाल के मंत्रालय स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में आज राष्ट्र-गीत वंदे-मातरम एवं राष्ट्र-गान 'जन-गण-मन' का सामूहिक गायन अप्रैल माह के प्रथम शासकीय कार्य दिवस पर संपन्न हुआ। आधिकारिक जानकारी के अनुसार पुलिस बैंड ने मधुर धुनें प्रस्तुत की। स्कूल शिक्षा (स्वतंत्र प्रभार) एवं सामान्य प्रशासन राज्य मंत्री इन्दर सिंह परमार, अपर मुख्य सचिव जे एन कंसोटिया, मनु श्रीवास्तव, सचिव श्रीनिवास शर्मा एवं मंत्रालय सहित सतपुड़ा और विंध्याचल भवन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### कश्मीर में हल्की बारिश से सर्दी बढ़ी

**श्रीनगर :** कश्मीर घाटी और जम्मू क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर मंगलवार को लगातार दूसरे दिन हल्की बारिश हुई जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ और सर्दी बढ़ गई। मौसम विभाग का अनुमान है कि कश्मीर घाटी के अधिकांश स्थानों और जम्मू के अलग-अलग स्थानों पर रुक-रुक कर बारिश होगी और आंधी आएगी।

### माखनलाल चतुर्वेदी की जयंती पर शिवराज ने स्मरण किया

**भोपाल :** वीरांगना झलकारी बाई के बलिदान दिवस और स्वतंत्रता सेनानी पंडित माखनलाल चतुर्वेदी की जयंती पर आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनका स्मरण किया। आधिकारिक जानकारी के अनुसार चौहान ने सुबह यहां निवास स्थित सभागार में अमर वीरांगना झलकारी बाई के बलिदान दिवस और कलम के योद्धा तथा स्वतंत्रता सेनानी पं.माखनलाल चतुर्वेदी की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की एवं राष्ट्रहित में दिए उनके अमूल्य योगदानों का स्मरण किया।

**अजब-गजब** भागने वाली महिला के पति ने पुलिस में घटना की शिकायत की

# लड़की देखने आया था उसकी मां को लेकर भागा

- गाजोल थाना में दर्ज हुई है शिकायत
- लड़की और उसकी मां साथ ही बैठे थे
- लड़के के जाने के बाद महिला निकल गयी



राष्ट्रीय खबर

**मालदा :** यहां की एक अजीब घटना ने सभी लोगों को हैरान कर दिया है। दरअसल जब इस मामले की शिकायत पुलिस तक पहुंची तभी लोग इस अजीबोगरीब घटना के बारे में जान पाये। मिली जानकारी के मुताबिक अपनी शादी के लिए एक लड़की देखने आया युवक उस लड़की की मां के साथ रात को चुपके से भाग गया। दुल्हन के परिवार का दावा है कि होने वाली सास और दूल्हा दोनों दूसरे राज्यों में चले गए हैं। हालांकि, महिला के पति ने अपनी फोटो के साथ अपनी पत्नी के गायब होने के बाद पुलिस से संपर्क किया।

पता चला है कि यह युवक अपनी शादी के लिए दुल्हन को देखने गया था। लड़की की मां उस वक्त दुल्हन के बगल में ही बैठी थी। उस रात दिल की बात खत्म कर-के दोनों चुपचाप घर से निकल गए। दुल्हन के परिवार का दावा है कि दोनों अलग-अलग राज्यों में चले गए हैं। मालदा के गाजोल थाना क्षेत्र के ईचाहार गांव निवासी एक व्यक्ति ने दावा किया कि उसकी पत्नी कई दिनों से घर से लापता है। कई जगह तलाश करने के बाद भी उसका पता नहीं चला है। आखिरकार वह पत्नी के लापता होने की शिकायत लेकर सोमवार को गजोल थाने पहुंचा। जब उसने थाने में शिकायत लिखी तो उसके साथ उसकी पत्नी की तस्वीर थी।

पुलिस के मुताबिक व्यक्ति की शिकायत के आधार पर तलाश शुरू कर दी है। महिला के पति ने कहा, घर में शादी योग्य लड़कियां हैं। मैं कई दिनों से उसकी शादी के लिए एक अच्छे आदमी की तलाश कर रही थी।

25 मार्च को गजोल का एक युवक शादी का प्रस्ताव लेकर मेरी बेटी को देखने आया। मैं भी घर बैठे अपनी बेटी की देखभाल करता हूं। उसके शब्दों में, उस दिन युवक के लड़की से बात करके चले जाने के बाद मेरी पत्नी बाजार जाने के बहाने घर से चली गई। इसके बाद दोनों नहीं लौटे। पत्नी की तलाश में आसपास के इलाके में तलाश करने लगे। महिला के परिजनों का दावा है कि असली रहस्य कुछ दिनों बाद पता चलेगा। उन्हें पता चलता है कि जो युवक उनकी बेटी को देखने आया था, भावी सास उसके साथ दूसरे राज्य में भाग गई है।

## किसानों की मदद में कसर नहीं छोड़ें प्रभारी मंत्री : शिवराज

एजेंसियां

**भोपाल :** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा कि लाड़ली बहना योजना जनता का अभियान बन गया है और मौसम की मार झेल चुके किसानों की मदद करने में प्रभारी मंत्री कोई कोर-कसर नहीं छोड़ें। चौहान ने यहां मंत्रिपरिषद् की बैठक के पूर्व अपने संबोधन में लाड़ली बहना योजना के संबंध में कहा कि ये पहला अभियान ऐसा है जो जनता का अभियान बन गया है। न सर्वर डाउन हुआ, लोग सड़कों पर बैठ-बैठ कर आवेदन भर रहे हैं। अब तक 47 लाख 94 हजार रजिस्ट्रेशन हो चुका है। कल बैतूल में लाड़ली बहना सम्मेलन था। वहां लगभग एक लाख बहनें थीं। बैतूल में इतनी बड़ी सभा आज तक के इतिहास में कभी नहीं हुई। उन्होंने कहा कि अहाते बंद करने के आबकारी नीति के फैसले को लागू कर दिया गया है। शराब के कुल मिलाकर दो हजार 611 अहाते बंद कर दिए गए हैं। धर्म स्थल, स्कूल इत्यादि के 100 मीटर के दायरे में जो दुकानें आती थीं, ऐसी 232 दुकानें भी हटा दी गई हैं। उन्होंने सभी मंत्रियों से कहा कि ओला पीड़ित किसानों की मदद में प्रशासन लगा हुआ है। प्रभारी मंत्री भी इस दिशा में सहयोग करें। लगभग 70 हजार हेक्टेयर में नुकसान हुआ है। उन्होंने मंत्रियों से सर्वे के बारे में जानकारी लेने का भी आग्रह किया। किसानों को फसल बीमा योजना का लाभ मिलना भी सुनिश्चित किया जाए। इसी के साथ उन्होंने कहा कि 14 अप्रैल को डॉक्टर अंबेडकर जयंती को पूरे प्रदेश में कार्यक्रम होंगे, लेकिन 16 अप्रैल को ग्वालियर में डॉक्टर अंबेडकर महाकुंभ आयोजित होगा।

तेजी से घटती युवा आबादी को लेकर चिंतित है चीन की सरकार

## नौजवानों को प्यार करने की विशेष छुट्टी



राष्ट्रीय खबर

**बीजिंग:** चीन के कॉलेजों ने छात्रों को प्यार के लिए एक हफ्ते की छुट्टी दी है। यह फैसला दूसरों के लिए भले ही हैरान करने वाला लग सकता है, लेकिन वहां के कई मीडिया आउटलेट्स ने दावा किया है कि यह फैसला प्रायोगिक तौर पर लिया गया है। इस निर्णय की घोषणा पहली बार 21 मार्च को की गई थी। फिलहाल कॉलेजों में एक अप्रैल से सात अप्रैल तक अवकाश घोषित किया गया है। जिसे कॉलेज प्रशासन द्वारा स्प्रिंग ब्रेक कहा जाता है। उन कॉलेजों में से एक है मियांयांग फ्लाइंग वोकेशनल कॉलेज। अधिकारियों ने छात्राओं से कहा कि इस दौरान आप अपने पार्टनर के साथ जितना प्यार और रोमांस चाहते हैं, करें। यदि आवश्यक हो तो एक साथी खोजने में एक सप्ताह बिताने का भी सुझाव दिया गया है। पार्टनर से प्यार ही नहीं, प्रकृति से प्यार, जिंदगी से प्यार की भी सलाह छात्रों को दी गई है। कॉलेज के डिप्टी डीन ने कहा, उम्मीद है कि छात्र इस अवधि के दौरान प्रकृति और वसंत के मौसम का अच्छी तरह आनंद लेंगे। उनका दावा है कि इससे न केवल छात्रों की सोच विकसित होगी, बल्कि उनकी सीखने की क्षमता भी समृद्ध होगी। इस अवधि के दौरान किसी भी छात्र को होमवर्क नहीं करना होता है। छात्रों को निर्देश दिया जाता है कि वे केवल वही रिकॉर्ड करें जो उन्होंने देखा, जो उन्होंने सीखा, जो उन्होंने डायरी में महसूस किया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, चीन की जन्म दर तेजी से घट रही है। इसको लेकर सरकार चिंतित है। जन्म दर कैसे बढ़ाई जाए, इस पर तरह-तरह की योजनाएं बनाई जा रही हैं। उस काम में सरकार की मदद के लिए कॉलेज भी आगे आए हैं।

पर्यटन आधारित रोजगार और व्यापार बढ़ाने की तैयारी में मंगोलिया

## विदेशी पर्यटकों के लिए अपने नियमों को उदार बनाया



राष्ट्रीय खबर

**उलानबटार, मंगोलिया:** मंगोलिया अब अपनी प्राचीन सभ्यता और संस्कृति के आधार पर अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन को और लोकप्रिय बनाना चाहता है। पहले इस देश में अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों के आने पर कई पाबंदियां थी। कोरोना महामारी के बाद नये सिरे से रोजगार और व्यापार को बढ़ाने के लिए इन प्रतिबंधों को कम किया गया है। मंगोलिया का अनुमान है कि जुलाई से पर्यटन का मौसम प्रारंभ होने की स्थिति में पहली बार वहां सबसे अधिक अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक आने जा रहे हैं। पेशेवर संगीतज्ञ जोएल राउजी 18 वर्षों से जमी हुई झील खुवसगुल में डॉगस्लेडिंग टूर का नेतृत्व कर रहे हैं। इस झील पर आधारित कई स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रम और मेला भी आयोजित होते हैं। पूरी तरह बर्फ से जमी इस झील को देखने और उस जमी हुई बर्फ पर चलने का भी अपना अलग आनंद है। कम भीड़, कम होटल दरों और पूरी तरह से जमी हुई दुनिया की सबसे बड़ी मीठे पानी की झीलों में से एक को देखने का मौका, मंगोलिया में सर्दी देखने और अनुभव करने के लिए कुछ और है। यहां आने वाले यात्री शीतकाल में बने युरेट्स में रहते हैं और यात्रा के दौरान खानाबदोश परिवारों के साथ समय बिताते हैं। मंगोलिया की सरकार ने 2023 से 2025 तक मंगोलिया की यात्रा के वर्षों की घोषणा के साथ, अतिरिक्त 34 देशों के नागरिक अब 2025 के अंत तक वीजा-मुक्त यात्रा की अनुमति दी है।

## अब भोज पत्र पर अंकित होगी बदरी विशाल की आरती



एजेंसियां

**चमोली :** मानव शिक्षा , लेखन और पूजा में आदि काल से महत्वपूर्ण भोज पत्र पर अब भगवान बदरी विशाल की आरती , बद्रीनाथ और धार्मिक जगत के प्राचीन ग्रंथों के श्लोक, दिव्य और पवित्र श्रृंगार के लिए भोज पत्रों की माला इसके कद्रदानों को उपलब्ध हो सकेगी राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत भोज पत्र कैलीग्राफी प्रशिक्षण कार्य क्रम में ग्रामीणों को भोज पत्र के रचनात्मक प्रयोग के हुनर सिखाये जाने कार्य चमोली जिले के सीमांत ग्रामीणों को सिखाया जा रहा है। कागा करपक के ग्राम प्रधान और मास्टर ट्रेनर पुष्कर सिंह राणा बताते हैं कि ग्रामीण महिलाएं भोज पत्र की कैलिग्राफी में बहुत रुचि ले रहीं है। भोज पत्र पर कैलिग्राफी के अंतर्गत महिलाओं को भोज पत्र पर बद्री धाम की आरती,बद्री विशाल के श्लोक,भोज पत्र की माला व अन्य कई तरह के चित्रण बनाने की ट्रेनिग देकर दक्ष किया जा रहा है। जिला विकास अधिकारी डॉ0 महेश कुमार ने कहा कि आने वाले समय में समूह के माध्यम से भोज पत्र की इन सुन्दर कला कृतियों को बद्रीनाथ मे यात्रियों को उपलब्ध करवाया जाएगा । जिससे महिला स्वयं सहायता समूहो के सदस्यों को आर्थिक आत्मनिर्भर बनने में सहयोग मिलेगा।

**पड़ताल** विदेशी मीडिया ने सेबी में चल रही गतिविधियों के हवाले से जानकारी दी

## जांच विदेशी फर्जी कंपनी और विनोद अडाणी की ओर

राष्ट्रीय खबर



**नई दिल्ली:** भारत का बाजार नियामक, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी), कम से कम तीन अपतटीय संस्थाओं के साथ अडानी समूह के लेन-देन में संबंधित पक्ष लेनदेन नियमों के संभावित उल्लंघन की जांच कर रहा है। इन संस्थाओं के समूह के संस्थापक विनोद अडानी के भाई से संबंध हैं। मामले की प्रत्यक्ष जानकारी रखने वाले सूत्रों ने रॉयटर्स को बताया है। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने हाल ही में अपनी जांच में कम से कम आठ सौदों में उनकी संभावित भूमिका पर अपनी रिपोर्ट में विनोद अडानी को मायावी भाई करार दिया था। दरअसल इस पूरे प्रकरण में अब तक वह पूरी तरह पर्दे के पीछे ही बने हुए हैं। खबर के मुताबिक, तीन संस्थाओं ने कथित तौर पर पिछले 13 वर्षों में अरबपति गौतम अडानी द्वारा स्थापित पोर्ट-टू-पावर समूह की गैर-सूचीबद्ध इकाइयों के साथ कई निवेश लेनदेन में प्रवेश किया है। बताया गया है कि सेबी इस बात की जांच कर रहा है कि क्या अडानी समूह की ओर से प्रकटीकरण की कमी ने संबंधित पार्टी लेनदेन नियमों का उल्लंघन किया है। भारतीय कानून के तहत, प्रत्यक्ष रिश्तेदार, प्रवर्तक समूह और सूचीबद्ध कंपनियों की सहायक कंपनियों को संबंधित पक्ष माना जाता है। ऐसी संस्थाओं के बीच लेनदेन को नियामक और सार्वजनिक फाइलिंग में औपचारिक रूप से प्रकट करना पड़ता है और अक्सर शेयरधारकों के अनुमोदन की आवश्यकता होती है। सेबी ने औपचारिक तौर पर इस बारे में सवालों का जवाब नहीं दिया है कि क्या जांच का आदेश दिया गया है और इसकी अध्यक्ष माधबी पुरी बुच ने पिछले हफ्ते एक संवाददाता सम्मेलन में अडानी जांच के बारे में पूछे जाने पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। गौतम अडानी और विनोद अडानी के व्यापारिक संबंध चर्चा का विषय रहे हैं और शुरू में अपने बड़े भाई से खुद को दूर करने के बाद, अदानी समूह ने पिछले महीने घोषणा की, कि अडानी समूह और विनोद अडानी को एक के रूप में देखा जाना चाहिए। हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट के 413 पन्नों के खंडन में, अडानी समूह ने धोखाधड़ी या स्टॉक हेरफेर के आरोपों से इनकार किया है। तब समूह ने कहा कि उसने कानून द्वारा आवश्यक विदेशी कंपनियों सहित सभी संबंधित-पक्ष लेनदेन का खुलासा किया था।

# न्यूज फटाफट

### सोमालिया में अचानक आयी बाढ़ से कम से कम 21 लोगों की मौत

**मोगादिशू :** सोमालिया में भारी बारिश के कारण अचानक आयी बाढ़ से कम से कम 21 लोगों की मौत हो गयी है,एक लाख से अधिक लोग विस्थापित हो गये हैं और लाखों की संपत्ति नष्ट हो गयी है। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने सोमवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि हाल के दिनों में गेडो क्षेत्र के बरधेरे जिले में सबसे भारी बारिश हुई है और सभी मौतें भी यहीं हुई हैं। ओसीएचए ने सोमालिया में अचानक आई बाढ़ पर अपने नवीनतम अपडेट में कहा, ''बाढ़ से छह स्वास्थ्य केंद्र, 200 शौचालय और चार स्कूल नष्ट हो गये।'' उसने बताया कि 1,000 हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि जलमग्न हो गयी है और 3,000 से अधिक बच्चों की पढ़ाई बाधित हुई है। बाढ़ ऐसे समय में आयी है जब सोमालिया गंभीर सूखे का सामना कर रहा है। इसकी वजह से 82.5 लाख से अधिक लोगों को मानवीय सहायता की आवश्यकता है। ओसीएचए के अनुसार, बरधेरे में भागीदारों और अधिकारियों द्वारा एक अंतर-एजेंसी मूल्यांकन में पाया गया कि 13,000 से अधिक परिवार (लगभग 78,000 लोग) प्रभावित हुए हैं, जिनमें 8,945 परिवारों (लगभग 53,600 लोग) के मकान क्षतिग्रस्त या नष्ट हो गये हैं। उसने बताया कि इथियोपियाई हाइलैंड्स में पिछले दो सप्ताह से हो रही मध्यम से भारी बारिश के कारण शबेले और जुबा नदियों का स्तर बढ़ गया है। संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन सोमालिया जल एवं भूमि सूचना प्रबंधन के अनुसार, नदी के स्तर में तेज वृद्धि बाढ़ की आशंका वाले क्षेत्रों के लिए चिंता का विषय है। संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने बताया कि सूखे के पांच मौसमों के बाद भारी बारिश और बाढ़ आयी है। वर्ष 2021 के मध्य से जारी सूखे के कारण 14 लाख से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं और 38 लाख पशुओं की मौत हो गयी है।

### बहु-वर्षीय सहायता कार्यक्रम पर कर रहा है विचार : स्टोलटेनबर्ग

**कीव :** उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने कहा कि गठबंधन यूक्रेन के लिए एक बहु-वर्षीय सहायता कार्यक्रम पर चर्चा करेगा। स्टोलटेनबर्ग ने कहा कि यह कार्यक्रम 4-5 अप्रैल को नाटो के विदेश मंत्रियों की बैठक के एजेंडे में होगा। स्टोलटेनबर्ग ने ब्रसेल्स (बेल्जियम) में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा,''मुझे उम्मीद है कि मंत्री यूक्रेन के लिए एक बहु-वर्षीय कार्यक्रम के विकास पर काम शुरू करने के लिए सहमत होंगे।''उन्होंने कहा कि रूस के साथ संघर्ष में यूक्रेन के लिए समर्थन प्रदान करने के साथ-साथ, कार्यक्रम यूक्रेन और नाटो के बीच संबंधों के विकास के दीर्घकालिक परिप्रेक्ष्य के लिए महत्वपूर्ण है।उन्होंने कहा कि उनकी बैठक में नाटो देशों के विदेश मंत्री यूक्रेन के सशस्त्र बलों के समर्थन को मजबूत करने और नाटो मानकों के लिए उनके संक्रमण को सुनिश्चित करने के तरीकों पर भी चर्चा करेंगे। यूक्रेन-नाटो आयोग की 4 अप्रैल को बैठक नाटो के विदेश मंत्रियों के शिखर सम्मेलन के ढांचे के भीतर होगी।

### सऊदी अरब की यात्रा पर जाएंगे ईरानी राष्ट्रपति

**तेहरान :** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने सऊदी अरब के राजा सलमान बिन अब्दुलअजीज अल सऊद के सऊदी अरब की राजधानी रियाद के दौरे के निमंत्रण को स्वीकार कर लिया है। ईरान के पहले उप राष्ट्रपति मोहम्मद मोखबर ने इसकी पुष्टि की है। अर्ध- आधिकारिक समाचार एजेंसी 'मेहर' की रिपोर्ट के अनुसार मोखबर ने यह टिप्पणी सऊदी किंग द्वारा रईसी को रियाद आने के निमंत्रण का जवाब देने के लिए पूछे जाने पर की। मार्च की शुरुआत में बीजिंग में चीन की मध्यस्थता वाली वार्ता के बाद यह कदम उठाया गया है जिसके दौरान सऊदी अरब और ईरान दो महीने के भीतर राजनयिक संबंधों को फिर से शुरू करने और दूतावासों और मिशनों को फिर से खोलने पर सहमत हुए। ईरानी राष्ट्रपति के राजनीतिक मामलों के उप प्रमुख, मोहम्मद जमशीदी ने 19 मार्च को ट्वीट किया कि सऊदी राजा ने ईरानी राष्ट्रपति को रियाद आने का निमंत्रण पत्र लिखा है। सऊदी अरब और क्षेत्र के अन्य अरब राज्यों के साथ ईरान के संबंधों पर टिप्पणी करते हुए मोखबर ने कहा कि क्षेत्रीय देशों के साथ संबंधों में सुधार रायसी प्रशासन द्वारा राष्ट्रपति पद संभालने के बाद से की गई प्रमुख रणनीतियों में से एक रहा है। सऊदी अरब ने ईरान में सऊदी राजनयिक मिशनों पर हमलों के जवाब में 2016 की शुरुआत में ईरान के साथ राजनयिक संबंध तोड़ दिए थे।

### हरियाणा मंत्रिपरिषद की बैठक पांच अप्रैल को

**चंडीगढ़ :** हरियाणा मंत्रिपरिषद की बैठक पांच अप्रैल को पूर्वाह्न 11 बजे यहां हरियाणा सिविल सचिवालय में होगी। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने आज यहां यह जानकारी दी। राज्य विधानसभा के बजट सत्र के बाद मंत्रिपरिषद की यह पहली बैठक होगी। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर करेंगे। मुख्यमंत्री इस समय राज्य में जन संवाद कार्यक्रमों के सिलसिले में दौरे पर हैं और जनता से मिल रही फीडबैक के आधार पर इस बैठक में जनता के हितार्थ कुछ अहम फैसले लिये जा सकते हैं। इसके अलावा राज्य में हाल में हुई बारिश और ओलावृष्टि के कारण नष्ट हुई फसलों के प्रभावित किसानों के लिये मुआवजे का भी एलान हो सकता है।

### नशा मामले में उच्च न्यायालय में खोली गयी रिपोर्ट पर कार्रवाई होगी

**चंडीगढ़ :** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने मंगलवार को कहा कि नशा मामले से संबंधित तीन रिपोर्ट, जो हाल में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में खोली गई हैं, पर उनकी सरकार कार्रवाई करेगी। मान ने ट्वीट कर कहा, ''पंजाब में नशा मामले से संबंधित कई साल से बंद पड़े माननीय हाई कोर्ट द्वारा खोले गए तीन लिफ़ाफ़े सरकार के पास पहुँच गए हैं..पंजाब की जवानी को नशे से बर्बाद करने वालों के खिलाफ सख़्त क़ानूनी कार्रवाई की जायेगी ''उच्च न्यायालय ने 28 मार्च को एसआईटी की तरफ से सौंपे गये चार सीलबंद लिफाफों में से तीन की रिपोर्ट खोली थीं। यह रिपोर्ट चार साल पहले सौंपी गई थीं।

# आज का इतिहास

- 1930 : महात्मा गांधी अपने अनुयायियों के साथ नमक कानून तोडऩे के लिए दांडी पहुंचे।
- 1949 : भारत स्काउट एण्ड गाइड की स्थापना हुई।
- 1955 : विस्टन चर्चिल ने ब्रिटिश प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दिया।
- 1957 : देश में पहली बार और दुनिया में पहली बार लोकतांत्रिक तरीके से केरल में संपन्न चुनाव के बाद कम्युनिस्ट पार्टी सत्ता में आई और ईएमएस नम्बूदरीपाद ने मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की।
- 1961 : भारत सरकार की ओर से प्रायोजित पहली 'इंडियन ड्रग्स एंड फार्मास्यूटिकल लिमिटेड कंपनी' की स्थापना।
- 1964 : नौसेना ने पहली बार राष्ट्रीय समुद्री दिवस मनाया।
- 1975 : सउदी अरब के राजा फैजल की हत्या हुई।
- 1979 : देश का पहला नौसेना संग्रहालय मुम्बई में खुला।
- 1991 : अंतरिक्ष यान एसटीएस 37 (अटलांटिस 8) का प्रक्षेपण किया गया।
- 2007 : ईरान ने 15 ब्रिटिश नौ सैनिकों को रिहा किया गया।
- 2008 : पार्वती ओमनाकुट्टन फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड बनी।
- 2008 : इराक में हुए हुए आत्मघाती हमले में 10 लोग मारे गए।
- 2010 : अमेरिकी राज्य वेस्ट वर्जीनिया के कोयला खदान में हुए विस्फोट से 22 लोगों की मौत हुयी।
- 2017 : लोकसभा में फुटवियर डिजाइन और विकास संस्थान विधेयक पारित हो गया।

राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र
प्रथम पृष्ठ 2
रांची बुधवार 12
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rastriyakhabar.com
5:04:2023

## निलंबन वापस

रांचीः खेल मंत्री हफीजुल हसन के आदेश पर जिला खेल पदाधिकारी उपवन बाड़ा निलंबन मुक्त कर दिए गये हैं। इसे लेकर विभाग की ओर से सोमवार को अधिसूचना जारी हुआ। उपवन बाड़ा ने 102 दिन बाद फिर से अपनी जिम्मेवारी संभल ली है। उपवन बाड़ा को लोहरदगा का डीएसओ बनाया गया है। जारी अधिसूचना के अनुसार, लोहरदगा डीएसओ का प्रभार लातेहार डीएसओ शिवेंद्र सिंह के पास था।

**तैयारी** राज्य गठन के बाद परिसंपत्ति बंटवारे में झारखंड को मिले

# आठ हाईडल पावर प्रोजेक्ट शुरू करेगी झारखंड सरकार

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** राज्य गठन के बाद परिसंपत्ति बंटवारे में झारखंड को मिले आठ हाईडल पावर प्रोजेक्ट को अब राज्य सरकार शुरू करेगी। इसके जीर्णोद्धार एवं विकास के लिए सरकार डीपीआर तैयार कराएगी। इसके लिए ऊर्जा विभाग कंसल्टेंट की नियुक्ति जल्द करेगा। डीपीआर के साथ-साथ इससे बिजली उत्पादन के लिए रोड मैप भी तैयार होगा। अगर ये हाईडल पावर प्रोजेक्ट शुरू हो जाते हैं, तो झारखंड में कुल 9 हाईडल प्रोजेक्ट हो जाएंगे।परिसंपत्ति बंटवारे के तहत बिहार सरकार ने 2017 में आठ हाईडल पावर प्रोजेक्ट को झारखंड को सौंपने का निर्णय लिया था। बिहार स्टेट हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन ने इसे आधिकारिक रूप से 31 जनवरी 2018 को झारखंड के ऊर्जा विभाग को सौंप दिया था।झारखंड के भौगोलिक क्षेत्र में अविभाजित बिहार के समय ये सभी आठ हाईडल परियोजनाएं शुरू की गयी थीं। बिहार सरकार इन पर करीब 235 करोड़ रुपये खर्च चुकी थी। मगर इससे बिजली उत्पादन शुरू नहीं हो सका। अब झारखंड सरकार इनका जीर्णोद्धार करेगी। इन सभी परियोजनाओं की कुल क्षमता 34.85 मेगावाट थी। अब झारखंड सरकार नए सिरे से डीपीआर तैयार करेगी। इसके बाद तय होगा कि इनकी क्षमता और बढ़ाया जा सकती है या नहीं।फिलहाल झारखंड में एक मात्र पानी आधारित हाईडल पावर प्रोजेक्ट सिकिदिरी में है। यहां 65-65 मेगावाट की दो यूनिट हैं। इससे केवल बारिश के दिनों में रूक्का डैम से पानी मिलने बाद बिजली उत्पादन होता है। डैम की क्षमता 36 फीट है। 25 फीट वाटर लेबल आने तक ही सिकिदिरी को बिजली उत्पादन के लिए पानी दिया जाता है। यानी साल में 3 से 5 महीने ही मुश्किल से इससे बिजली उत्पादन हो पाता है। विहार सरकार के द्वारा सरायकेला जिला के चांडिल, बोकारो के तेनुघाट, पलामू का उत्तर कोयल, गुमला का जालिम घाट, लोहरदगा का नंदीघाघ, गुमला का संदनीघाट और गुमला की नेतरहाट हाईडल परियोजना झारखंड सरका को सौंपा गया था।

## चान्हो में 35 एकड़ जमीन की अवैध बंदोबस्ती, सीओ पर गड़बड़ी करने का आरोप




राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** चान्हो अंचल के रानी चाचो मौजा में भू-माफियाओं ने फर्जी दस्तावेज बनाकर 35 एकड़ जमीन की अवैध बंदोबस्ती करवा ली है। चान्हो सीओ प्रदीप कुमार पर भू-माफियाओं से मिलीभगत कर फर्जी डॉक्यूमेंट तैयार करने का आरोप लगा है। जिस जमीन की गलत तरीके से बंदोबस्ती हुई है वह हल्का-5 के खाता नंबर 143 के प्लॉट नंबर 1195 में 35 एकड़ जमीन गैरमजरुआ, सखुआ जंगल खतियान में दर्ज है। आरोप है कि इसे भू-माफियाओं ने चान्हो अंचल के सीओ प्रदीप कुमार की मिलीभगत से बेचने की नीयत से दुर्गा देवी (पति-केशव नारायण सिंह) के नाम से बंदोबस्त कर दिया। रजिस्टर 2 में छेड़छाड़ कर फर्जी दस्तावेज तैयार कर इस जमीन का लगान रसीद भी काटा जा रहा है।इसे लेकर भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा है कि रानी चाचो मौजा के ग्रामीणों ने उन्हें ज्ञापन देकर अपनी पीड़ा बताई है। बाबूलाल ने इस जमीन के नक्शे और खतियान की कॉपी भी मुख्य सचिव को भेजी है, और संज्ञान लेकर जल्द से जल्द कार्रवाई करने की मांग की है। बाबूलाल ने कहा है कि इसके पहले भी भू-माफियाओं ने इस जमीन की घेराबंदी करने की कोशिश की थी, लेकिन ग्रामीणों ने उसे तोड़ दिया था। उन्होंने आरोप लगाया कि चान्हो सीओ सरकार की करोड़ों की जमीन लुटवाने में सहयोग कर रहे हैं।उन्होंने मुख्य सचिव से मामले की जांच के लिए कमेटी बनाने और चान्हो सीओ को बर्खास्त करने की मांग की है।

## तीन साल में झारखंड में 15 लाख नए पेंशनधारी जुड़े

राष्ट्रीय खबर




**रांचीः** झारखंड में सामाजिक सुरक्षा योजना का दायरा बढ़ाने के लिए हेमंत सरकार ने ह्यआपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वारह्व कार्यक्रम की शुरूआत की थी। यह कार्यक्रम वर्ष 2021 और 2022 (नवंबर से दिसंबर) में दो चरणों में चलाया गया। कार्यक्रम का सकारात्मक रिजल्ट सामने आ रहा है। महिला, बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा विभाग से मिले आंकड़ों से पता चलता है कि राज्य में पिछले तीन साल (दिसंबर 2019 में हेमंत सोरेन सरकार की सत्ता में आने के बाद से मार्च 2023 तक) में 15 लाख नए पेंशनधारी जुड़े हैं।विभाग के मुताबिक, राज्य गठन (2000) के बाद से 19 वर्षों तक करीब 6.6 लाख लाभार्थियों को पांच श्रेणियों में पेंशन लेने वालों में रजिस्टर्ड किया गया था। पिछले 27 मार्च तक यह आंकड़ा बढ़कर 21.45 लाख पहुंच गया है। इसमें सबसे अधिक वृद्धावस्था पेंशन में बढ़ोतरी हुई है। लाभार्थियों की संख्या 3।45 लाख से बढ़ कर 14.25 लाख पहुंच गया है। विकलांगता पेंशनधारियों की संख्या 87.7 हजार से बढ़कर 2.2 लाख हो गई है।राज्य सरकार पांच श्रेणियों के लोगों को पेंशन दे रही है। इसमें बुजुर्ग (वृद्धावस्था), विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समुदाय, विधवाएं, अलग रह रही/ निराश्रित (जिसका कोई सहारा न हो)/ परित्यक्त (जिसे छोड़ दिया गया हो) और विकलांग शामिल हैं। चालू वित्त वर्ष 2022- 2023 में पेंशन पर सरकार ने करीब 2400 करोड़ रुपये खर्च किए हैं।पेंशन का दायरा बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने यूनिवर्सल पेंशन स्कीम (सर्वजन पेंशन योजना) की शुरूआत की है। योजना का लाभ राज्य में रहने वाले 60 वर्ष से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों को दिया जा रहा है। योजना की सबसे बड़ी विशेषता है कि लाभ लेने के लिए अब एपीएल और बीपीएल कार्ड की आवश्यकता नहीं है। 18 वर्ष से अधिक उम्र के बेसहारा लोगों और विधवा महिलाओं को भी इसका लाभ मिल रहा है। केवल दो वर्ग के व्यक्ति (आयकर दाता और सेवानिवृत्त पेंशनभोगी) योजना का लाभ नहीं ले सकते हैं।

### पुलिस साबित नहीं कर पायी आरोप

**रांची**: साल 2018 में रांची की तत्कालीन एसडीओ अंजली यादव ने ओरमांझी थाना क्षेत्र स्थित होटल नीलकमल में छापेमारी की थी। छापेमारी के बाद ओरमांझी थाना में कांड संख्या 69/2018 दर्ज की गई। होटल संचालक बबलू साहू और राजदीप साहू के खिलाफ अवैध शराब बिक्री, सरकारी काम में बाधा डालने समेत कई धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई। रांची पुलिस ने इस मामले की जांच की और साक्ष्य कोर्ट में प्रस्तुत किया। घटना के करीब 5 वर्ष बाद रांची सिविल कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए होटल संचालक पर लगे आरोपों को निराधार बताते हुए उसे बरी कर दिया है।आरोपी बबलू साहू के अधिवक्ता अनंत कुमार विज के मुताबिक, पुलिस ने इस केस में दो गवाह कोर्ट में पेश किये थे।

## नगर पालिका चुनाव के लिए नियमों में हो रहा संशोधन

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** नगर विकास विभाग राज्य में नगरपालिका चुनाव के लिए नियमों में संशोधन कर रहा है। इस संबंध में विभाग प्रस्ताव तैयार कर रहा है। निकाय चुनाव 2023 की अधिसूचना को रद करने के बाद विभाग स्तर पर इसमें तेजी से काम हो रहा है। अधिकारियों ने बताया कि नगर विकास विभाग द्वारा झारखंड नगरपालिका अधिनियम, 2011 की धारा-27 में नगरपालिका अंतर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति तथा पिछड़े वर्गो के लिए महापौर, अध्यक्ष के पदों के आवंटन के लिए वर्तमान प्रावधनित चक्रानुक्रम को संशोधित किया जायेगा। इसकी कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। ऐसे में अधिनियम के संशेधन के बाद झारखंड नगरपालिका निर्वाचन एवं चुनाव याचिका नियमावली, 2012 के नियमों में भी संशोधन किया जायेगा। इसके बाद ही निकाय चुनाव का पूरी तरह से रास्ता साफ होगा।बता दें कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद विभाग ने 17 अक्टूबर 2022 की उस अधिसूचना को निरस्त किया है जिसमें निकाय चुनाव 2023 में कराये जाने का जिक्र था। दरअसल, उक्त आदेश में पिछड़ा वर्ग को खुले श्रेणी अर्थात अनारक्षित मानते हुए अरक्षण एवं आवंटन की कार्रवाई का निर्णय लिया था। इसके बाद राज्य निर्वाचन आयोग और जिलों द्वारा आरक्षण आवंटन तथा महिला आरक्षण के चक्रानुक्रम की कार्रवाई की गयी। जिलों में इसका प्रकाशन भी हुआ। लेकिन अब यह विचार हो रहा है कि ओबीसी को आरक्षण देकर निकाय चुनाव कराया जाये इसके लिए ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया पूरी की जायेगी। पिछड़ा वर्ग के लिए स्थानीय निकायों में आरक्षण के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद यह निर्णय हुआ है।बता दें कि, 16 मार्च की कैबिनेट में इसकी मंजूरी मिली थी।बता दे की झारखंड निकायों का कार्यकाल अप्रैल 2023 में समाप्त हो जायेगा। 49 निकायों में निर्वाचन नही होने की वजह इस वित्तीय वर्ष में केंद्रीय योजनाओं के पैसा भी मिलना बंद हो जायेगा। विकास का काम प्रभावित होगा। राज्य में फिलहाल 9 नगर निगम 20 नगर परिषद व 20 नगर पंचायत है। राज्य के 10 जिलों की 14 निकायों में 2020 से चुनाव लंबित है।

### महादेव टोप्पो को विश्वंभर स्मृति झारखंड साहित्य सम्मान

रांचीः झारखंड में साहित्य जगत के प्रतिष्ठित लेखक महादेव टोप्पो को विश्वंभर स्मृति झारखंड साहित्य सम्मान दिया जायेगा। इसके अलावा विश्वंभर फाउंडेशन की ओर से विजयलक्ष्मी युवा सम्मान रूपम झा को मिलेगा। ये दोनों पुरस्कार इसी वर्ष से शुरू किये गये हैं। 8 अप्रैल को फाउंडेशन की ओर से रांची में आयोजित होनेवाले साहित्य सम्मान समारोह में इन दोनों के अलावे मिथिला के साहित्यकार शिवशंकर श्रीनिवास को विश्वंभर मैथिली साहित्य सम्मान दिया जायेगा।साहित्य सम्मान कार्यक्रम में गणमान्य लोगों की उपस्थिति में तीनों चयनित लेखकों को सम्मानित किया जाना है। इसके अलावा इस दौरान कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। इसमें मिथिला के नवोदित एवं नामचीन कलाकार ऋषव भारद्वाज अपनी प्रतिभा दिखाएंगे।

## दक्षिण पूर्व रेलवे जोन : वित्तीय वर्ष में 202.62 मिलियन टन माल ढुलाई की

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः**रेलवे की कुल कमाई में बड़ा हिस्सा माल ढुलाई से आता है। माल ढुलाई में दक्षिण पूर्व रेलवे जोन ने नया रिकॉर्ड बनाया है। दक्षिण पूर्व रेलवे जोन ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में 202.62 मिलियन टन की माल ढुलाई की है। यह दक्षिण पूर्व रेलवे जोन का अब तक का सर्वाधिक माल लोड किया है। पिछले वर्ष की तुलना में इस साल माल ढुलाई में 3.9 फीसदी की वृद्धि हुई है। इसी के साथ दक्षिण पूर्व रेलवे ने मंत्रालय द्वारा दिये गये लक्ष्य को वित्तीय वर्ष में पार कर लिया है। इस दौरान दक्षिण पूर्व रेलवे ने माल ढुलाई से सबसे अधिक राजस्व 16,350.56 करोड़ अर्जित की है। जो पिछले साल की तुलना में 11।46% अधिक है। इस प्रारंभिक वर्ष में माल ढुलाई से 18,225.47 करोड़ रुपये अर्जित किया गया है।वित्तीय वर्ष के दौरान 51.86 मिलियन टन कोयले लोड किया गया। जो पिछले वर्ष की तुलना में 24% अधिक है। इस्पात संयंत्रों की माल ढुलाई में 7%, सीमेंट में 17%, उर्वरक में 3% और पेट्रोलियम उत्पादों में 5% की वृद्धि हुई है। माल ढुलाई और राजस्व के अलावा दूसरे सेक्टर में भी दक्षिण पूर्व रेलवे जोन ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। 2022-23 में दक्षिणी पूर्वी रेलवे ने 21,333 करोड़ की कमाई कर अब तक का सर्वाधिक सकल मूल राजस्व हासिल किया है। जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 16% अधिक है। इस रेलवे जोन ने टिकट चेकिंग से 105।80 करोड़ की कमाई की। जो पिछले साल की तुलना में 148% अधिक है। इस वर्ष दक्षिण जोन ने 8.70 करोड़ का सर्वश्रेष्ठ गैर-किराया आय अर्जित किया। जो पिछले साल तुलना में 89% अधिक है। रेलवे रिकॉर्ड के अनुसार, दक्षिण पूर्व रेलवे ने 390.30 करोड़ स्क्रैप बिक्री की कमाई से हासिल की है। जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 21% अधिक है। इस जोन ने ट्रैक नवीनीकरण कार्य में भी सर्वश्रेष्ठ प्रर्दशन किया है। दक्षिणी पूर्वी रेलवे ने 454.8 किमी का ट्रैक नवीनीकरण किया है। जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 95.3 किमी अधिक है।

**कार्यक्रम** आईयूआरसी कार्यक्रम के तहत

# इटली का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा रांची स्मार्ट सिटी

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** यूरोपियन यूनियन इंटरनेशनल अर्बन एंड रीजनल कॉपरेशन प्रोग्राम के तहत इटली के रेजियो इमीलिया की डिप्टी मेयर कारलोटा बॉनविसिनी अपनें दो सहयोगियों के साथ तीन दिनों तक रांची में रहेंगे. मंगलवार को इटली के रेजियो इमीलिया शहर की डिप्टी मेयर और उनके सहयोगियों नें रांची में निमार्णाधिन रांची स्मार्ट सिटी की विशेषता और उसके महत्वपूर्ण पहलुओं को बारीकी से समझा और जाना. उन्होंनें 656 एकड़ जमीन पर विकसित हो रहे अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस शहर में क्या कुछ बुलियादी सुविधाएं हैं और इनका क्या फायदा शहरी नागरिकों को मिलेगा इसकी जानकारी ली. रांची स्मार्ट सिटी के महाप्रबंधक राकेश कुमार नंदक्योलियार नें पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से हर पहलुओं की जानकारी प्रतिनिधिमंडल के समक्ष रखा.इस दौरान रांची स्मार्ट सिटी की ओर से स्थापित कमांड कंट्रोल एंड कम्यूनिकेशन सेंटर और उससे स्वसंचालित रांची की ट्रैफिक व्यवस्था पर भी चर्चा हुयी. प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों नें कई लाइव डेमों भी देखा और यह जाना कि किस प्रकार इस सिस्टम से कमांड सेंटर में बैठकर पूरे शहर को एक साथ संबोधित किया जा सकता है. उन्हें बताया गया कि अपराध नियंत्रण और अपरेधिक घटनाओं के उद्भेदन में भी इस सेंटर की महती भूमिका है.रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन की ओर से बताया गया कि नन मोटराईज्ड ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए रांची शहर में पब्लिक बाईसिकल शेयरिंग सिस्टम कार्यरत है जिसका लाभ हर वर्ग के लोग ले रहे हैं. बच्चे और युवा शैक्षणिक कार्यों के लिए तो कई लोग आवागमन और कई युवा अपनी रोजी रोटी के लिए भी साइकिल का इस्तेमाल कर रहे हैं. इस क्रम में प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों नें रांची में चल रहे साइकिल सेवा का आनंद लिया.सदस्यों नें रांची स्मार्ट सिटी में विकसित हो रहे यूटिलिटी सर्विसेज की भी जानकारी और पूरे एबीडी क्षेत्र का भ्रमण किया. रांची स्मार्ट सिटी के जीएम और अन्य पदाधिकारियों नें शहर के विकास,उसमें दी जा रही अत्याधुनिक सुविधाओं अपनें तीन दिवसीय और पर्यावरण के लिहाज सेकिए गए उपायों की जानकारी दी.रेजियो इमीलिया शहर के तक्नीकी निदेशक नें भी अपनें शहर पर आधारित प्रेजेंटेशन दिया और बताया कि उनके शहर में सस्टेनेबल मोबिलिटी के लिया क्या क्या सुविधाएं दी जा रही है. प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों नें रांची स्मार्ट सिटी के एबीडी क्षेत्र का साइकिल से भ्रमण किया और स्मार्ट सिटी में हो रहे कार्यों की प्रशंसा की.दिनभर के कार्यक्रम में रेजियो इमीलिया शहर की डिप्टी मेयर कारलोटा बॉनविसिनी,आईयूआरसीकी ओर से संयोजक के रुप में पानाजियोटीस कारा, रेजियो इमीलिया नगरपालिका के निदेशक तक्नीकी पाओलो गांडोली,रांची स्मार्ट सिटी के जीएम राकेश कुमार नंदक्योलियार,कंपनी सेक्रेटरीबिपिन बिहारी साह ,सीएफओ ज्योतिपुष्प,पीआरओ अमित कुमार,प्रबंधक उत्कर्ष कुमार,कमलजीत ,किशन कुमार , कुमुद कुमार,अंजनी दूबे,रांची नगर निगम की ओर से कुमार राज और हॉनीवेल से अतुल कुमार तथा चार्टर्ड बाईक की ओर से शशिरंजन और अन्य मौजूद रहे।

